रांची, बुधवार | 11 मार्च 2026 | वर्ष-27, अंक-38, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 | www.rastriyanaveenmail.com

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

तेजपुर के निकट सोनितपुर जिले में स्थानीय आदिवासी समाज ने पारंपरिक तरीके से सीएम का किया स्वागत।

तेजपुर, असम के निकट नापोम जरोनी में इफ्तार पार्टी में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

विदेशों से मुक्त कराए व मृत श्रमिकों का शव लाने का खर्च उठाएगी सरकार : संजय यादव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि विदेशों में मुक्त कराए एवं विदेश में मृत श्रमिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गृह तक लाने के लिए रेल एवं वायुयान पर होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी। यह कार्य मुख्यमंत्री झारखंड अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना के तहत किया जाएगा। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रवासी श्रमिकों के हितार्थ नई योजना झारखंड राज्य प्रवासी सुलभ सहायता योजना संचालित किए जाने का प्रावधान है। योजना के तहत मुख्यालय अंतर्गत नए प्रवासी नियंत्रण केंद्र एवं प्रवासी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी।

मंत्री संजय यादव ने उक्त बातें मंगलवार को सदन में उनके विभाग के अनुदान मांग बजट के दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए कहा। इससे पहले सदन की दूसरी पाली में विधायक जयराम महतो ने अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर हुए वाद-विवाद में झामुमो विधायक दशरथ गागराई, आलोक कुमार चौरसिया, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, जदयू विधायक सरयू राय सहित कई अन्य ने भाग लिया।

राज्य में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं

मंत्री संजय यादव ने अपने अधीन दोनों विभाग के बजट प्रस्ताव को पूर्व मुख्यमंत्री और 'दिशूम गुरु' शिबू सोरेन को समर्पित किया। कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं है। राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित चार योजनाओं के माध्यम से दो लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें केवल बिरसा योजना के तहत एक लाख को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पहली बार राज्य की वैश्विक पहचान मजबूती से स्थापित करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयास से 1,24,230 लाख करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव आया है, जिससे इस्पात, ऊर्जा, विनिर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में लगभग 45,000 रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत आगामी वित्तीय वर्ष में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाया जाएगा। इससे राज्य में करीब 15,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है।

किसी भी कौशल विकास केंद्र में प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण नहीं : सरयू

जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि वर्तमान में राज्य के किसी भी कौशल विकास केंद्र में प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण का कार्य नहीं हो रहा है, जो चिंता का विषय है। उद्योगों के लिए जमीन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। सरयू राय ने कहा कि एक आंकड़े के अनुसार राज्य में उद्योगपतियों ने रैयतों से बातचीत कर करीब 8000 एकड़ जमीन लेने का निर्णय लिया था, लेकिन अब तक सरकार की ओर से केवल 3000 एकड़ जमीन ही हस्तांतरित की जा सकी है। विधायक ने कहा कि आज पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से उपयोग हो रहा है। ऐसे में राज्य सरकार को भी विभिन्न विभागों में एआई के उपयोग करने और युवाओं को भी एआई से जुड़ा प्रशिक्षण देने की दिशा में पहल करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए हर दो से तीन वर्ष में औद्योगिक नीति की समीक्षा कर उसे तैयार किया जाना चाहिए।

श्रम विभाग की योजनाओं का व्यापक स्तर पर हो प्रचार-प्रसार : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विपक्ष के लाए कटौती प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड बेरोजगारी के मामले में देश में तीसरे स्थान पर है, जो इस बात का संकेत है कि राज्य सरकार इस दिशा में प्रयासरत है। उद्योगों को और अधिक प्रोत्साहन देने तथा औद्योगिक वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार को और काम करने की जरूरत है। श्रम विभाग की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि विभाग के अंतर्गत श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

सभी मजदूरों का यूनिक वर्कर आईडी कार्ड बने : जयराम महतो

इससे पहले विधायक जयराम महतो ने कटौती प्रस्ताव रखते हुए कहा कि श्रमिकों की सुविधाओं की कोई तैयारी नहीं है। श्रम कानूनों में ओपन मजदूरों के भी कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है। मजदूरों को किसी तरह की कोई बीमा, पीएफ की सुविधा नहीं मिलती है। उनकी मांग है कि सभी मजदूरों का यूनिक वर्कर आईडी कार्ड बनाया जाए। विभाग के मंत्री को प्रवासी श्रमिकों का आंकड़ा गलत मिलता है। कोरोना में राज्य सरकार ने 12 लाख प्रवासी मजदूरों को सकुशल घर वापसी कराया। अभी विभाग के पास केवल 2 लाख का ही आंकड़ा है।

मरांडी ने स्पीकर को सौंपा अधिकारियों की बातचीत का ऑडियो

रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को अधिकारियों (एक आईएएस-एक आईपीएस) की बातचीत वाला ऑडियो सौंप दिया। सदन में विधानसभा अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे इसे संसदीय कार्य मंत्री को भेज दे रहे हैं। सोमवार को सदन में बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि दो वरीय अधिकारियों के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ है, सरकार इसकी जांच कराए। संसदीय कार्य मंत्री के मांगे जाने पर बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को यह ऑडियो दे दिया।मात्र 26 किमी. के दायरे में वसूला जा रहा टोल टैक्स : प्रदीप यादवकांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि उनके क्षेत्र में मात्र 26 किमी. के दायरे में टोल टैक्स वसूला जा रहा है। यह गलत है। प्रदीप ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आदेश और नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए कहा कि 60 किमी. के बाद ही टोल टैक्स वसूलने का नियम है, पर झारखंड में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। सरकार कार्रवाई करे। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने इसे संज्ञान में ले रही है, इस पर कार्रवाई होगी।

कामगारों के वेतन कटौती पर सीएमडी से जांच की मांग

रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने राज्य के विभिन्न विद्युत सप्लाई और संचरण प्रक्षेत्रों में कार्यरत कामगारों के वेतन से की गई कथित अवैध कटौती का विरोध किया है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। संघ का आरोप है कि गीतराज एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कामगारों के वेतन से दिसंबर 2025 और फरवरी 2026 में करीब तीन हजार रुपये "ग्रुप इंश्योरेंस" और "एक्सीडेंटल इंश्योरेंस" के नाम पर बिना पूर्व सूचना और सहमति के काटे गए। श्रमिक संघ ने कटौती को तत्काल रोकने और काटी गई राशि वापस कराने की मांग की है। साथ ही राज्य सरकार के आदेश का हवाला देते हुए निजी एजेंसियों के बजाय सरकारी एजेंसी "जैप आईटी" को कार्य देने की मांग भी की गई है।

14 मार्च से पुरुलिया होकर चलेगी आनंद विहार के लिए ट्रेन

रांची। 14 मार्च से पुरुलिया से आनंद विहार नई ट्रेन का शुभारंभ होगा। इसका नोटिफिकेशन मंगलवार को दक्षिण-पूर्व रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। इस ट्रेन का रांची और मुरी में ठहराव होगा। ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को पुरुलिया-रांची रवाना होगी। प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार-नई दिल्ली से रवाना होगी। पुरुलिया से यह ट्रेन दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी और मुरी होते हुए रांची शाम 5.45 बजे आएगी। इसके बाद टोरी, लातेहार, वर्दमान, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भाभुआ रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी, आयोध्या कैंट, लखनऊ, बरैली-मुरादाबाद होते हुए आनंद-विहार दूसरे दिन रात 8.35 बजे पहुंचेगी।

के. राजू आज से झारखंड दौरे पर, कई बैठकों में लेंगे भाग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सीडब्ल्यूसी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू 11 से 13 मार्च तक झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस बात जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने बताया कि इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश भी उनके साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 मार्च को के. राजू नई दिल्ली से रांची पहुंचेंगे। रांची आगमन के बाद वे खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड जाएंगे, जहां नगर भवन में आयोजित ब्लॉक संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में मार्गदर्शन देंगे। उसी दिन शाम को रांची स्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में भी वे शामिल होंगे, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं विभिन्न समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। 12 मार्च को के. राजू रांची से जमशेदपुर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा करेंगे। 13 मार्च को वे पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा में आयोजित ब्लॉक संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं को आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश देंगे। इसके बाद वे रांची लौटकर हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

दुबई से लौटे नवविवाहित दंपति

रांची। गत फरवरी में विवाहोपरांत हनीमून के लिए दुबई गए नवदंपत्ति मंगलवार की सुबह सकुशल रांची लौट आए। नव विवाहित दंपत्ति अतुल उरांव और डॉ कंचन दिन में इंडिगो की हैदराबाद-रांची विमान से रांची आए। उन्हें रिसीव करने के लिए लोहरदगा से उनके परिजन सुबह आठ बजे ही एयरपोर्ट आ चुके थे। विमान आने के बाद जब नव विवाहित दंपत्ति आगमन द्वार से बाहर निकले तो परिजन भावुक हो उठे। उन्होंने दंपत्ति से लिपटकर देर तक खुशी जताते रहे। परिजनों ने वर-बधु दोनों को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। पुत्र अतुल ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर उन्हें लेने आए अपने पिता के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। उन्हें लेने के लिए बहन रश्मि बारा, कलिंद्र उरांव व अतुल के बड़े भाई अतुल उरांव समेत अन्य परिजन भी मौजूद थे। अतुल सेल बोकारो में अधिकारी हैं। जबकि उनकी पत्नी डां कंचन चिकित्सक हैं।

संवैधानिक संस्थाओं को किया जा रहा है निष्क्रिय : प्रतुल शाहदेव

झारखंड हाईकोर्ट की फटकारों का भी सरकार पर कोई असर नहीं

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का सुनियोजित षड्यंत्र कर रही है। झारखंड हाईकोर्ट की कड़ी फटकार के बाद भी सरकार लोकायुक्त, सूचना आयोग, महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति करने में लगातार टालमटोल कर रही है। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को भी दर्शाता है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इन संस्थाओं को चलाने के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपए का खर्च किया जा रहा है, लेकिन पद रिक्त रहने के कारण जनता को इनका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यालय, भवन, कर्मचारी और अन्य व्यवस्थाओं पर जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खर्च हो रहा है, लेकिन न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाली संस्थाएं पूरी तरह निष्क्रिय पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार इन संस्थाओं में नियुक्ति ही नहीं करना चाहती, तो साफ है कि उसे पारदर्शिता और जवाबदेही से डर लगता है।

बीजेपी का संवैधानिक संस्थाओं के प्रति प्रेम केवल एक राजनीतिक ढोंग : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाह देव के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बीजेपी का संवैधानिक संस्थाओं के प्रति प्रेम केवल एक राजनीतिक ढोंग है। जो दल केंद्र में बैठकर देश की हर बड़ी लोकतांत्रिक संस्था को अपनी कठपुतली बना चुका है, उसे झारखंड की गठबंधन सरकार को नसीहत देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि गठबंधन सरकार संवैधानिक संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नियुक्तियों में देरी का कारण षड्यंत्र नहीं, बल्कि पूरी पारदर्शिता के साथ योग्य चयन सुनिश्चित करना है।

न्यूज बॉक्स

सीआईआई की नई टीम घोषित, दिलू पारिख चेयरमैन व डीबी सुंदर वाइस चेयरमैन बने

रांची। उद्योग संगठन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की झारखंड स्टेट काउंसिल के लिए वर्ष 2026–27 के नए पदाधिकारियों का चुनाव कर लिया गया है। सीआईआई झारखंड की वार्षिक बैठक 2026 में इसकी घोषणा की गई। बैठक में दिलू पारिख को वर्ष 2026-27 के लिए सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल का चेयरमैन निर्वाचित किया गया, जबकि डीबी सुंदर रामम को वाइस चेयरमैन चुना गया। दिलू पारिख वैदेही मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उनका पारिवारिक व्यवसाय ऑटोमोबाइल डीलरशिप से जुड़ा है, जिसमें मर्सिडीज-बेंज"की यात्री कारों और टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की डीलरशिप शामिल है। वे लंबे समय से सीआईआई से जुड़े रहे हैं और संगठन में कई अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं। इससे पहले वे सीआईआई जमशेदपुर जोन के जोनल चेयरमैन और सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल के वाइस चेयरमैन भी रह चुके हैं। उन्होंने उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास की पहलों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। वहीं, डीबी सुंदर रामम वर्तमान में टाटा स्टील में वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 1990 में एनआइटी राउरकेला माइनिंग इंजीनियरिंग में बीएससी (इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी की और उसी वर्ष टाटा स्टील में ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। करीब 35 वर्षों के अनुभव के दौरान उन्होंने टाटा स्टील के रॉ मटेरियल्स और फेरो एलॉयज़ डिवीजन की कोयला व लौह अयस्क खदानों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। सीआईआई झारखंड के नए नेतृत्व से राज्य में उद्योग, निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुलपति अब आकस्मिक अवकाश लेकर ही विश्वविद्यालय में अनुपस्थित हो सकेंगे

रांची। राज्यपाल सचिवालय ने झारखंड के विश्वविद्यालय के कुलपतियों के लगातार विश्वविद्यालय मुख्यालय में अनुपस्थित रहने पर चिंता व्यक्त की है। सचिवालय ने इस बात पर संज्ञान लिया है कि लगातार विश्वविद्यालय के कुलपति विश्वविद्यालय के बाहर के कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में भाग लेते हैं। ऐसे आयोजनों में भाग लेने के क्रम में कुलपति कर्तव्य अवकाश के लिए राज्यपाल सचिवालय में आवेदन समर्पित करते हैं। कर्तव्य अवकाश के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव से झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति लगातार किसी न किसी कार्यक्रम या आमंत्रण की दुहाई देकर अपने विश्वविद्यालय मुख्यालय में अनुपस्थित रहते हैं। राज्यपाल सचिवालय को इस संबंध में अनेकों शिकायत प्राप्त हुए हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इससे विश्वविद्यालय के कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस विषय पर सज्ञान लेते हुए राज्यपाल सचिवालय ने अब स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी कुलपति यदि विश्वविद्यालय के बाहर किसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुपस्थित होंगे तो उन्हें आकस्मिक अवकाश लेकर अनुपस्थित होना होगा। आकस्मिक अवकाश की संख्या निर्धारित है। अतः इस पत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि कुलपति को जिस दायित्व के लिए नियुक्त किया गया है वह उस कार्य के निर्वहन में पूरा समय देंगे। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय के अवर सचिव जियाउद्दीन खान के द्वारा एक पत्र सारे विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रभारी कुलपतियों को निर्गत किया गया है।

फिल्म 'जरी गांव' की टीम ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से की मुलाकात

रांची। आगामी फिल्म 'जरी गांव' की टीम ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर उनसे मुलाकात की। यह फिल्म परमवीर चक्र से सम्मानित 14वीं बटालियन, ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स के अल्बर्ट एक्का की प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है। इसकी पृष्ठभूमि 1971 के ऐतिहासिक भारत-पाकिस्तान युद्ध पर टिकी है। यह फिल्म गंगासागर की लड़ाई में एक साहसी आक्रमण का नेतृत्व करने वाले लांस नायक अल्बर्ट एक्का की वीरता को दर्शाती है। फिल्म जरी गांव के सुरम्य इलाके में उनके सरल जीवन को भी उजागर करती है और भारतीय सेना के सैनिकों के बीच मजबूत भाईचारे को चित्रित करती है। फिल्म को सुमंत रतूड़ी ने अपने पिता बीरेंद्र मोहन रतूड़ी के लेखन से प्रेरित होकर लिखा और निर्देशित किया है। इसका निर्माण मायराधा प्रोडक्शंस के सागर गौड़ा ने किया है। इस पहल को गुलमोहर मैत्री की संस्थापक मंजू सिन्हा, सतीश शेनाई (सेवानिवृत्त रियर एडमिरल), उदय ढांडा और बाला सेंथिल कुमार का समर्थन प्राप्त है। बैठक के दौरान, टीम ने मंत्री को फिल्म के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे फिल्म के माध्यम से लांस नायक अल्बर्ट एक्का के असाधारण साहस और बलिदान को पर्दे पर उतारा जा रहा है, साथ ही क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। मंत्री ने भारत के वीर सैनिकों की वीरता को उजागर करने की इस पहल की सराहना की और टीम को उनके प्रयास में सफलता की शुभकामनाएं दी।

शहर के बड़े इलाके में आज घंटों गुल रहेगी बिजली



रांची। शहर के बड़े इलाके में मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को कई फीडरों से घंटों बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसी क्रम में पावर हाउस कांके अंतर्गत अरसंडे फीडर में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक एलटी केबल लाइन व रामनवमी पूजा मरम्मतीकरण होगा। इससे अरसंडे बैंक ऑफ इंडिया से लेकर बोड़िया चौक, तिलकोणीय बाजार सहित अन्य इलाके प्रभावित रहेंगे। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अशोक नगर में न्यू बाय फीडर में 11 केवी ओवरहेड लाइन की मरम्मत होगी। जिसके कारण बुधवार रात 10:30 बजे से दूसरे दिन सुबह चार बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे अशोक कुंज, बुद्ध विहार, अशोक नगर एक्सटेंशन, सेंट्रल अशोका, मोहन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स, गोपाल मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स सहित अन्य इलाके प्रभावित रहेंगे। रांची केंद्रीय डिविजन अंतर्गत पावर हाउस पॉलिटेक्निक से बसर टोली फीडर से सुबह 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक लाइन बंद रहेगी। यहां भी मेन रोड में मरम्मत कार्य होगा। इससे शांति कंपाउंड, सिरम टोली, सुजाता चौक, राजा बंगला, पटेल कंपाउंड का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी क्रम में 11 केवी हिंदपीढ़ी फीडर में सुबह 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक काम होगा। इससे नेजाम नगर, बड़ा तालाब, हिंदपीढ़ी का एरिया प्रभावित रहेगा। कोकर डिविजन अंतर्गत पावर हाउस मोरहाबादी से हरिहर सिंह रोड फीडर सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक एलटी लाइन को कवर केबल में बदलने का काम होगा। इससे मंडा टांड़, मस्जिद गली, खलिहान गली, हरिहर सिंह रोड प्रभावित रहेगा।

कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति का सम्मान

युवा हम (से.) ने महिलाओं को किया सम्मानित

- **नारी सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है : हरे कृष्णा**

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) युवा प्रकोष्ठ, झारखंड के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं को पुष्पमाला, शॉल, धार्मिक पुस्तक तथा स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए युवा हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के युवा प्रदेश अध्यक्ष हरे कृष्णा महाराज ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह संदेश दिया जा रहा है कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह केवल शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि महिला दिवस वर्ष में केवल एक दिन मनाया जाने वाला उत्सव नहीं है, बल्कि यह समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि नारी सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकार सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर नई पहचान बना रही हैं। ऐसे में उनका सम्मान करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना हम सभी का कर्तव्य है।

कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज में महिला सशक्तिकरण को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

सड़क हादसे में घायल रात्रि प्रहरी की मौत

रांची। संत जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल के रात्रि प्रहरी रोहित लामा की सड़क हादसे में हुई मौत मामले में जोसेफ सालू सोये के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मोहित लामा ने लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कहा कि उनके बड़े भाई 14 साल से स्कूल में बतौर रात्रि प्रहरी के रूप में काम कर रहे थे। सात मार्च को चालक जोसेफ सालू ने स्कूल परिसर में अपनी गाड़ी से रोहित को धक्का मार दिया, जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

चैत्र कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, बुधवार
11 मार्च 2026
वर्ष-27, अंक-38, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

रांची का तापमान

	कांके	रांची
अधिक.	30.0°	30.1°
न्यून.	19.5°	19.0°

पेज 08

रमजान मुबारक

इफ्तार	सेहरी
5 : 56	4 : 36
11 मार्च	12 मार्च

झारखंड विधानसभा में कानून-व्यवस्था को लेकर हुआ हंगामा

नियंत्रण में है झारखंड की कानून व्यवस्था : राधाकृष्ण किशोर

मार्शल आउट किए गए आजसू विधायक निर्मल महतो, वित्त मंत्री के हस्तक्षेप के बाद सदन में बुला लिए गए

बोले संसदीय कार्य मंत्री

- भ्रष्टाचार के मामलों में राज्य सरकार कर रही है सख्ती से कार्रवाई
- कोई विशेष मामला है तो सदन में रखा जाए, एक्शन लिया जाएगा

नवीन मेल डेस्क

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जोरदार हंगामा देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हाथों में पोस्टर लेकर वेल में पहुंच गए। वे राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार तथा बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने दुमका की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वहां मजदूर यूनियन के नेताओं को गोली मार दी गई, लेकिन अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मरांडी ने रजरप्पा और गिरिडीह की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला दिवस के अवसर पर गिरिडीह में उपायुक्त के व्यवहार पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बिना पैसे कोई काम नहीं हो रहा है और सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने इन मुद्दों पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की और कहा कि यह सरकार हेमंत सोरेन की नहीं, बल्कि बाबुओं की सरकार बन गई है। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यदि

शेष पेज 09 पर

सरकार आवश्यक पहल करने पर विचार करेगी : सुदिव्य

- सदन में उठा अल्पसंख्यक स्कूलों को योजनाओं का लाभ देने का मुद्दा

सदन में विधायक अरुप चटर्जी ने राज्य में संचालित अल्पसंख्यक विद्यालयों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सवाल किया कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यपुस्तक, कॉपी और मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि संबंधित विद्यालयों को अभी तक सरकारी स्कूल का दर्जा प्राप्त नहीं है, इसलिए उन्हें सीधे तौर पर इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार इस दिशा में प्रयास करेगी, ताकि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को भी उचित सरकारी सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार आवश्यक पहल करने पर विचार करेगी।

एक नजर

लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास पर आज भी होगी चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। सदन में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय हुआ। मंगलवार को इस प्रस्ताव पर करीब सात घंटे चर्चा हुई। फिर सदन की कार्यवाही बुधवार को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बहस की शुरुआत कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने की।

रांची से अयोध्या और लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन 14 मार्च से

रांची। रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14022/14021 आनंद विहार टर्मिनल-पुरुलिया-आनंद विहार टर्मिनल (वाया रांची) के परिचालन करने का निर्णय लिया है। इसका उद्घाटन 14 मार्च को होगा। इस अवसर पर यह पुरुलिया-आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल के रूप में परिचालित होगी। इस स्पेशल ट्रेन का पुरुलिया से प्रस्थान 14:30 बजे, मूरी आगमन 15:45 बजे व प्रस्थान 15:50 बजे, रांची आगमन 17:45 बजे व प्रस्थान 18:05 बजे होगा।

धनबाद और पोदानूर के बीच नई अमृत भारत ट्रेन को मंजूरी

भुवनेश्वर। ओडिशा में रेल संपर्क को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के पोदानूर जंक्शन और झारखंड के धनबाद को जोड़ने वाली नई अमृत भारत ट्रेन सेवा को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्र के माध्यम से ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को दी है। रेल मंत्री के पत्र के अनुसार, यह नई ट्रेन सेवा ओडिशा, तमिलनाडु और झारखंड के बीच रेल संपर्क को काफी मजबूत करेगी। पोदानूर और धनबाद के बीच नई अमृत भारत ट्रेन ओडिशा के नौ स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

असम में जागरूकता जनसभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

असम के आदिवासी समुदाय को मिले उनका हक और अधिकार

नवीन मेल डेस्क

- बोले सीएम असम में रहने वाला आदिवासी समुदाय देश के चाय व्यापार का अभिन्न अंग

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को असम में बिस्वनाथ चारियाली स्थित मेजिकाजन चाय बागान में आयोजित एक जनसभा में सम्मिलित हुए। इस जनसभा का आयोजन आदिवासी स्टूडेंट यूनियन ऑफ असम, जारी शक्ति एवं आदिवासी काउंसिल ऑफ असम ने किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम में निवास करने वाले गरीब-गुरबा, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर लंबे समय से अत्याचार एवं शोषण की बातें लगातार मैंने सुनी हैं। आप सभी लोगों ने यहां पर कई राजनीतिक एवं सामाजिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों से आप सिर्फ असम नहीं, बल्कि इस देश के चाय व्यापार जगत का अभिन्न अंग है।

आपके बूते ही चाय उद्योग चल रहा है। असम के आदिवासी समुदाय के वैसे भाई-बहन, माता एवं बुजुर्ग जो चाय उद्योग में कार्य करते हैं, उन्हें कार्य के बदले मेहनताना के रूप में क्या मिलता है, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि आप लोगों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ते-लड़ते क्रांतिकारी नेता प्रदीप नाग ने अपने प्राण की आहुति दे दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारे राज्य झारखंड में भी जल, जंगल, जमीन का संरक्षण एवं आदिवासी समुदाय की पहचान तथा उनके हक-अधिकार अधिकार के लिए लंबा संघर्ष हुआ।

शेष पेज 09 पर

असम के आदिवासियों को स्थिति बदलने के लिए एकजुट होना पड़ेगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह विडंबना है कि हजारों वर्षों से असम में निवास करने वाले आदिवासी समाज के साथ आखिर भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्हें आदिवासी का दर्जा भी नहीं मिल रहा है। असम का एक बहुत बड़ा धड़ा कई यातनाओं से गुजर रहा है। इतना बड़ा समूह वर्तमान समय में अपने अधिकार और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थिति को बदलने के लिए हम सभी को चट्टान की तरह एकजुट रहना पड़ेगा। पूरे देश में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वह प्रयास करने की जरूरत है, जो हम सभी लोग मिलजुल कर सकते हैं।

शेष पेज 09 पर

रांची सिविल कोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में कोर्ट और सरकारी कार्यालयों के परिसरों को बम से उड़ाने की धमकियों ने पुलिस और प्रशासन की नींद उड़ा दी है। मंगलवार को एक बार फिर रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। करीब एक महीने में तीसरी बार धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। ई-मेल के जरिए मिली इस धमकी के बाद रांची पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि, जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

धमकी देने वालों ने 14 'साइनाइड बम' लगाने का किया था दावा कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली

जानकारी के अनुसार, इस बार धमकी में 'साइनाइड बम' से अदालत को उड़ाने की बात कही गई है। मेल में यह भी दावा किया गया कि अदालत परिसर में 14 बम लगाए गए हैं।

शेष पेज 09 पर

एक्सएलआरआई को भी बम से उड़ाने की मिली धमकी

- जमशेदपुर पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने ली सघन तलाशी, साइबर सेल भी सक्रिय

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)। पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर स्थित प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई -जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को शहर में हड़कंप मच गया। यह धमकी संस्थान को एक अज्ञात ई-मेल के माध्यम से भेजी गई थी। ई-मेल मिलते ही संस्थान प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई। संस्थान के प्रमुख ने इस संबंध में तत्काल पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी पीयूष कुमार पांडेय से संपर्क कर धमकी भरे ई-मेल की जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक दूबे को पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस टीम ने संस्थान के पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में ले लिया। एहतियात के तौर पर संस्थान परिसर को खाली कराया गया। क्लासरूम, हॉस्टल और प्रशासनिक भवनों से छात्रों और कर्मचारियों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे कैंपस की सघन तलाशी ली गई

शेष पेज 09 पर

सुप्रीम कोर्ट में महिला अधिकार मामले की हुई सुनवाई

महिलाओं के अधिकार हो रहे प्रभावित तो 'यूसीसी' पर विचार आवयश्क

नई दिल्ली (आईएएनएस)

महिलाओं के अधिकारों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर पर्सनल लॉ महिलाओं को संविधान के तहत मिलने वाले उनके बुनियादी अधिकारों से दूर रखते हैं, तो ऐसे में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर विचार करना जरूरी हो जाता है। कोर्ट ने कहा कि सभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए एक समान कानून की जरूरत महसूस की जा सकती है।

मुस्लिम महिलाओं को विरासत में बराबर के अधिकार के लिए दायर की गई है याचिका

शेष पेज 09 पर

बहरागोड़ा के केनरा बैंक में 15 लाख की डकैती

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े बैंक डकैती की गई। बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के साकरा स्थित केनरा बैंक की शाखा में पांच नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर करीब 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, दोपहर में बैंक में सामान्य कामकाज चल रहा था और कर्मचारी लंच की तैयारी में थे।

शेष पेज 09 पर

मध्य पूर्व के युद्ध से गैस आपूर्ति में नहीं पड़ेगी बाधा, केंद्र ने कहा

एलपीजी-सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति प्राथमिकता

नई दिल्ली (आईएएनएस)

मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण आपूर्ति में आई बाधाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने मंगलवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) के तहत आदेश जारी कर घरेलू रसोई के लिए पाइपलाइन से आने वाली प्राकृतिक गैस व एलपीजी सिलेंडर तथा परिवहन के लिए एलपीजी और सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि केंद्र ने आकलन किया है कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से एलएनजी के शिपमेंट में रुकावट पैदा हुई है। साथ ही, आपूर्तिकर्ताओं ने 'फोर्स मेज्योर' का ऐलान किया है, जिसके तहत प्राकृतिक गैस को पहले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भेजा जाएगा। केंद्र सरकार ने रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का उत्पादन अधिकतम करने और प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्ट्रीम को एलपीजी पूल में भेजने का निर्देश दिया है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी

क्या है 'फोर्स मेज्योर'

'फोर्स मेज्योर' फ्रांसीसी भाषा का शब्द है। इसका अर्थ 'सर्वोच्च शक्ति' होता है। इस कानूनी प्रावधान के तहत अनुबंध के पक्षों को प्राकृतिक आपदा, महामारी, युद्ध जैसी स्थिति में अपने दायित्वों को पूरा करने से मुक्त करता है। यह सामान्य तौर पर दंगे, भूकंप, बाढ़ जैसी नियंत्रण से परे स्थितियों में लागू होता है।

शेष पेज 09 पर

केंद्रीय कैबिनेट झारखंड और बंगाल को मिली बड़ी रेल सौगात

पाकुड़ रेलखंड पर चौथी लाइन को दी गई मंजूरी

- दो राज्यों के पांच जिलों को जोड़ने वाली 4474 करोड़ की दो महत्वपूर्ण रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं स्वीकृत

उदय चंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए रेलवे के क्षेत्र में एक अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों को जोड़ने वाली दो महत्वपूर्ण रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4474 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वर्ष 2030-31 तक इसे पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। मंजूरी मिलने के बाद रेलवे के सैंथिया-पाकुड़ रेलखंड पर चौथी लाइन बिछाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही संतरागाछी-खड़गपुर रेलखंड पर भी चौथी लाइन का निर्माण किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 192 किलोमीटर की अतिरिक्त लाइन जुड़ जाएगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, इन परियोजनाओं से क्षेत्र में रेल यातायात की क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की आवाजाही पहले से ज्यादा सुगम हो सकेगी। अभी इन रेलखंडों पर काफी भीड़ रहती है, जिससे मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों दोनों की गति प्रभावित होती है। नई लाइन बनने से इस समस्या में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं से झारखंड और पश्चिम बंगाल के करीब 5652 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे लगभग 1.47 करोड़ लोगों को सीधे फायदा होगा। साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। रेलवे के मुताबिक यह परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की गई हैं। इनका उद्देश्य देश में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत करना और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को अधिक कुशल बनाना है। रेल लाइन की क्षमता बढ़ने से कोयला, पत्थर, डोलोमाइट, सीमेंट, लोहा-इस्पात और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की ढुलाई भी आसान हो जाएगी।

कैबिनेट ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों में मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे दक्षता बढ़ेगी, भीड़भाड़ कम होगी, माल परिवहन को मजबूती मिलेगी और सतत, कम-कार्बन परिवहन को आगे बढ़ाया जाएगा।

***- नरेंद्र मोदी,** पीएम (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)*

शेष पेज 09 पर

इजरायल-अफगानिस्तान पर जयशंकर का वीडियो भ्रामक

- फैक्ट चेक कर पीआईबी ने किया खंडन, कहा- यह डीपफेक वीडियो है

नई दिल्ली (आईएएनएस)

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी हमले इस वक्त पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। तमाम देश मिडिल ईस्ट में फंसे अपने नागरिकों को निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं।

इस बीच, कई तरह के फर्जी वीडियो और खबरें भी सामने आ रही हैं। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बीते दिन राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच भारत द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। विदेश मंत्री का एक डीपफेक वीडियो सामने आया, जिसे पीआईबी ने फैक्ट चेक किया है। पीआईबपी ने वीडियो को फर्जी बताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा अकाउंट्स विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का एक डिजिटली छेड़छाड़ किया गया वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें झूठे दावे किए गए हैं कि उन्होंने कहा कि भारत मुस्लिम देशों द्वारा इजरायल को परेशान किए जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा और इजरायल ने हाल ही में भारत के कहने पर अफगान तालिबान को 3 बिलियन डॉलर दिए हैं।

शेष पेज 09 पर

रांची में बारिश से मौसम सुहाना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड की राजधानी रांची सहित आसपास के कई इलाकों में मंगलवार को रिमझिम फुहारों के साथ बारिश हुई। बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया। कुछ इलाकों में दोपहर में बारिश हुई। वहीं कुछ इलाकों में शाम में बारिश हुई। हालांकि कुछ देर बाद ही बारिश थम गई और आसमान फिर से साफ हो गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। मौसम विभाग के अनुसार, 12 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश की किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 17.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मंगलवार को रांची और आसपास संभावना बनी हुई है। इसके बाद 13 मार्च से मौसम साफ होने की उम्मीद है।

विभाग ने बताया कि 15 और 16 मार्च को भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। 15 मार्च को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा को छोड़कर बाकी जिलों में बारिश होने की संभावना है। वहीं 16 मार्च को भी राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज के इलाकों में दिनभर बादल छाए रहे और शाम में हल्की बारिश हुई। राजधानी में अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री और न्यूनतम 21.8 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.4 डिग्री और न्यूनतम 21.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 27.1 डिग्री और न्यूनतम 21.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मंगला जुलूस निकला, 15 अखाड़े शामिल

नवीन मेल संवाददता

रांची। 19 मार्च से चैती पर्व शुरू हो रहा है। मंगलवार (10 मार्च) को शहर में पहली मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जिसमें श्री बाल मित्र, नवयुवक समिति ग्वाला टोली, मां चैती दुर्गा पूजा समिति भुताहा तालाब, प्रगति मंडल संग्राम क्लब कचहरी चौक समेत 15 अखाड़े धारी के लोग शामिल हुए। सभी अखाड़े महावीर चौक पहुंचे।

जहां पुजारी शारदानंद उपाध्याय ने विधिवत पूजा-अर्चना किए। इस दौरान हनुमान भक्तों ने अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया।

इस दौरान जय श्री राम के नारे भी लगाए गए। इससे पहले केंद्रीय महावीर मंडल के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसमें नव निर्वाचित अध्यक्ष सागर वर्मा, मंत्री निलेश यादव, उपाध्यक्ष राजा सिंह गुप्ता, राहुल कुमार सिन्हा, प्रकाश चद्र सिन्हा व उदय रविदास मौजूद थे।

श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 194 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंदिर के आचार्य ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य संपन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत व ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपाध्यक्ष अशोक लड़िया, रिषभ कुमार, हर्ष, कृष्णा, अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे। यह जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

जोमैटो की पहल पर रक्तदान शिविर, दो घंटे में 17 यूनिट रक्त संग्रह

रांची। जोमैटो रांची टीम और लहू बोलेगा रक्तदान संगठन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व महिला दिवस पर रांची सदर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के तहत गिग वर्करों (डिलीवरी बॉय) ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए मात्र दो घंटे में 17 यूनिट रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। यह शिविर सड़क दुर्घटना पीड़ितों तथा रक्त विकार से जूझ रहे थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों की मदद के उद्देश्य से आयोजित किया गया। राजधानी रांची के कई सरकारी और निजी ब्लड बैंकों में अक्सर रक्त की कमी की स्थिति को देखते हुए इस अभियान को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। रक्तदान शिविर का आयोजन निशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में रांची सदर अस्पताल ब्लड बैंक में किया गया। शिविर में निशांत कुमार, रितेश राजपूत, अमर पटेल, ऋतेक कुमार, अमूल्य दास गोस्वामी, विक्की यादव, प्रीतम बर्मन, आशिक अंसारी, विकास सिंह, सहित कई लोगों ने रक्तदान किया।

महिला दिवस पर 30 महिलाओं को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रातू रोड स्थित देवी मंडप रोड के नायक चौक स्थित सामुदायिक भवन में समाजसेवी विनीता पाठक के द्वारा एक विशेष महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विनीता पाठक ने नारी शक्ति पर आधारित कविता पाठ कर महिलाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अरुण चावला और दीपेश पाठक ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण चावला तथा कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपेश पाठक को भी अंगरखा और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का स्वागत पिया बर्मन ने किया। इसके बाद करीब 30 महिलाओं को अंगरखा पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई।

रांची के बीआईटी मेसरा को सुप्रीम कोर्ट का झटका

छात्र की मौत के मामले में माता-पिता को देना होगा 20 लाख का मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता

नईदिल्ली/रांची(आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने रांची स्थित शैक्षणिक संस्थान बीआईटी मेसरा को अपने एक छात्र राजा पासवान की मौत के मामले में उसके माता-पिता को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने का झारखंड हाईकोर्ट का आदेश बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत ने बीआईटी मेसरा को इस आदेश के पालन के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली बीआईटी मेसरी की विशेष अनुमति याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। सुनवाई के दौरान संस्थान के वकील ने अदालत को भरोसा दिलाया कि यदि कुछ समय दिया जाए तो बीआईटी मेसरा हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए मुआवजा राशि का भुगतान कर देगा।

कोर्ट ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए भुगतान के लिए दो सप्ताह की मोहलत दी और मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च 2026 के लिए तय की है। यह पूरा मामला 14 नवंबर 2024 का है, जब बीआईटी मेसरा पॉलिटेक्निक के तीसरे सेमेस्टर के छात्र राजा पासवान के साथ एक 'फ्रेशर पार्टी' के दौरान कथित तौर पर मारपीट की गई थी।

इस घटना में राजा गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे बाद में रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। झारखंड हाईकोर्ट ने 12 अगस्त 2025 को अपने फैसले में संस्थान को लापरवाही और संस्थागत खामियों का दोषी पाया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि छात्र की मौत के पीछे संस्थान की गंभीर चूक थी। अदालत ने पाया कि घायल छात्र को समय पर इलाज मुहैया कराने में देरी की गई, पुलिस को सूचना देने में कोताही बरती गई और कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था भी बेहद लचर थी।

डीपीएस में अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवा शुरू

बीमार छात्रों को मिलेगी त्वरित सहायता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेल टाउनशिप में विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विद्यालय परिसर में अत्याधुनिक एम्बुलेंस सुविधा एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवा का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के 36 वर्षों के इतिहास में पहली बार इस प्रकार की समर्पित एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, जिसे संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान के नेतृत्व में शुरू की गई यह सुविधा छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और समग्र कल्याण को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। नई एम्बुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, स्ट्रेचर और प्राथमिक उपचार सामग्री से सुसज्जित है, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में विद्यार्थियों को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य परिसर में एक सुरक्षित और तत्पर शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करना है, ताकि आपातकालीन स्थिति में छात्रों को तुरंत चिकित्सा सहायता और आवश्यकतानुसार सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराया जा सके।

झारखंड के तीन यूनिवर्सिटी को मिले नए कुलपति

रांची। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य के तीन विवि में कुलपति की स्थाई नियुक्ति कर दी है। इनमें प्रो राजीव मनोहर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के नए कुलपति बनाए गए हैं। प्रो मनोहर इससे पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के पद पर थे। इसी प्रकार झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी (जेएसओयू) के नए कुलपति प्रो अभय कुमार सिंह बनाए गए हैं। प्रो सिंह नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के प्रोफेरस और डीन हैं। राज्यपाल ने जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की नई कुलपति प्रो इला कुमार को बनाया है।

आदिवासी छात्र संघ ने परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आदिवासी छात्र संघ के नामकुम प्रखंड अध्यक्ष निशांत तिर्की के नेतृत्व में छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूजी 2023-27 सेमेस्टर-2 के परिणाम पत्र शीघ्र जारी करने की मांग की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि परिणाम जारी नहीं होने के कारण कई छात्र अभी तक छात्रवृत्ति फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही यूजी 2018–2021 सत्र के सेकेंड स्पेशल जेनरिक पेपर का परिणाम भी जल्द घोषित करने का आग्रह किया गया, ताकि विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

छात्र संघ की ओर से इसे गंभीर मामला बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को तीन दिन का अल्टिमेटम दिया गया। कहा गया कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आदिवासी छात्र संघ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

आज / कल

बीएयू में तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला 14 से, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने अपने कांके प्रांगण में 14 से 16 मार्च तक आयोजित किए जानेवाले राज्यस्तरीय एग्रोटेक किसान मेला का उद्घाटन 14 मार्च को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार 16 मार्च को समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मेला का केंद्रीय विषय वस्तु 'टिकाऊ कृषि के लिए जलवायु अनुकूल तकनीकी नवाचार' है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीख तथा विधायक राजेश कच्छप, अमित कुमार एवं सुरेश कुमार बैठा की उपस्थिति रहेगी। मेला के दूसरे दिन पशु-पक्षी प्रदर्शनी का उदघाटन विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो करेंगे जबकि राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी महिला कृषक गोष्ठी का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा महिला गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि रहेंगी। बीएयू के कुलपति डॉ सुनील चन्द्र दुबे ने बताया कि मेला में लगभग 135 स्टॉल लगाए जा रहे हैं जहां बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, संकायों, कृषि से संबंधित विभाग, बीज, कृषि यंत्र एवं उर्वरकों के निर्माता एवं बिक्रेता, बैंक एवं वित्तीय संस्थान तथा स्वयंसेवी संगठन अपनी तकनीक, सेवाएँ एवं उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।

रांची जिला के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

सुनी गई आम लोगों की समस्याएं

- कई मामलों का ऑन स्पॉट हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार रांची जिला के सभी अंचल में हर मंगलवार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। आज भी विभिन्न अंचलों में संबंधित अंचल अधिकारी जनता की समस्याओं से अवगत हुए।

कई फरियादियों की समस्याओं का हुआ ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में अंचल अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, जमीन मापी, आवास योजना, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी सहित लोगों की अन्य समस्याएं सामने आयी। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार सभी सीओ ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया एवं शेष मामलों को शीघ्र कारवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनता दरबार में उपस्थित रहे अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने निर्देश पर आज आयोजित जनता दरबार में अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त द्वारा राजस्व से संबंधित शिकायतों की अद्यतन जानकारी और त्वरित निष्पादन के लिए सीआई एवं कर्मचारी को जनता दरबार में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए सभी को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है। आम लोगों को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े इसे सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

विद्यालय में तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास

ग्रामीणों ने सुरक्षा पर उठाए सवाल

नवीन मेल संवाददाता

खलारी। प्रखंड के खलारी बाजारटांड़ स्थित पीएमश्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय, खलारी में 9 एवं 10 मार्च की रात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों इस तरह की हरकत पर सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए हैं। बताया गया कि देर रात अज्ञात लोगों ने विद्यालय परिसर में प्रवेश कर खिड़की, दरवाजे और लोहे के ग्रील को तोड़ने का प्रयास किया। साथ ही परिसर में बने पोषण वाटिका को भी नुकसान पहुंचाया गया।

वाटिका में लगे कई पेड़-पौधों को उखाड़ दिया गया तथा वहां उगाई गई सब्जियां तोड़कर ले जाई गई। घटना की सूचना मिलने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की अपील की है। विद्यालय संचालन समिति ने भी मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

चारदीवारी नहीं बनने से बढ़ी परेशानी, भूमि अतिक्रमण का आरोप

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार स्कूल परिसर के चारों ओर अब तक सुरक्षित चारदीवारी का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे विद्यालय हमेशा खुला रहता है। खुले परिसर में मवेशी एवं आवारा जानवरों के प्रवेश से पढ़ाई भी प्रभावित होती है और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा कब्जा किए जाने के कारण चारदीवारी निर्माण बाधित है। विद्यालय के शिक्षकों ने प्रशासन से शीघ्र अतिक्रमण हटाकर चारदीवारी निर्माण कराने की मांग की है, ताकि विद्यालय परिसर सुरक्षित बनाया जा सके।

श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया के अध्यक्ष बने कृष्णा नायक

पिठोरिया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य रूप से रामनवमी मनाने और स्तरीय अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता 2026 के आयोजन को लेकर श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया का पुनर्गठन बैठक मंगलवार को लाइसेंसधारी बिनोद रजक की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से कृष्णा नायक को अध्यक्ष चुना गया। मौके पर संरक्षक दीपक कुमार चौरासिया, अनिल केसरी, शिवदास वर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णा चौराशिया,कैलाश महतो, रणधीर केशरी,राहुल साहू,विरामप्रसाद गोप, पुरु गोप, संदीप चौराशिया, मंटू गुप्ता,सहित श्री महावीर मंडल के सदस्य और राम भक्त मौजूद रहे।

रांची नगर निगम ने टीम को दिया अल्टीमेटम

21 दिन में 100 करोड़ रुपए की टैक्स वसूली करें : उप प्रशासक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। वित्तीय वर्ष 2025-26 खत्म होने में अब सिर्फ 21 दिन बचे हैं। ऐसे में नगर निगम ने टैक्स वसूली का अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें निगम के अधिकारी और टैक्स वसूली एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में उप प्रशासक ने कहा कि हर हाल में 100 करोड़ रुपये कर संग्रहण का लक्ष्य पूरा करना होगा। इसके लिए फील्ड में तेजी से काम करते हुए वार्ड स्तर पर बड़े पैमाने पर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम का लक्ष्य है उसे सभी अधिकारी उसे पूरा करने का प्रयास करें। कई स्थानों पर काफी राजस्व फंसने की भी बात कही है और उन्होंने कहा कि इसे धीप्र पूरा करने का लक्ष्य रखें। क्योंकि अब कमी ही समय बच गए हैं।

उन्होंने रेवेन्यू इंस्पेक्टर और कर संग्रहकर्ताओं को अंडर-असेस्ड प्रॉपर्टी का दोबारा आकलन करने, रिहायशी होल्डिंग में चल रहे व्यवसाय की जांच कर मौके पर ही डिमांड जारी करने को कहा।

नेशनल रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप के लिए एसबीयू परिसर तैयार

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में 11 से 13 मार्च तक आयोजित होने वाली नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2025-26 की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में जबर्दस्त उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 450 शीर्ष रैंक प्राप्त खिलाड़ी भाग लेने के लिए पहुंच चुके हैं। इनमें 12 ग्रैंडमास्टर, 2 डब्ल्यूजीएम, 24 इंटरनेशनल मास्टर (आईएम), 1 डब्ल्यूआईएम, 5 एफएम, 1 डब्ल्यूएफएम तथा 6 कैंडिडेट मास्टर (सीएम) शामिल हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक होने की संभावना है। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह प्रातः दस बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन मुंडा (पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची की मेयर रोशनी खलखो उपस्थित रहेंगी। रांची शतरंज संघ के महासचिव नवजोत अलंग ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के लिए कुल साढ़े छह लाख रुपए की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से न केवल राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में शतरंज खेल को भी नई पहचान और प्रोत्साहन प्राप्त होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के कन्वेनर मनीष कुमार, उपाध्यक्ष राजीव चटर्जी, कुणाल अजमानी एवं मिथिलेश पांडे, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, को-कन्वेनर आशीष साहू, इवेंट मैनेजर मृदुल कुमार सहित आयोजन समिति के सदस्य ललित बथवाल, सुनील कालरा, विक्रम साबू, रंजीत सिंह तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अनुसार यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शतरंज प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी और इससे क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी।

मुर्ग की बलि देकर सरहुल पूजा का हुआ शुभारंभ

14 को निकाली जाएगी भव्य सरहुल शोभायात्रा, खिचड़ी का होगा वितरण

- **मां सरना के आशीर्वाद से चरका मुर्गे को जीवन दान मिल गया**

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के केंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम सरसा के सरना स्थल पर प्रकृति पर्व सरहुल की विधिवत पूजा अर्चना की गई। पाहन धम्मा उरांव, ग्राम प्रधान सह महतो मंचु उरांव तथा पुजार बाने उरांव के नेतृत्व में सरना स्थल पर विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया संतोष तिर्की की उपस्थिति में चार अलग-अलग रंगो रंगुआ, कसरी, माला, करिया, मुर्गा की बली दी गई वहीं पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुरूप चरका मुर्गे को चराकर छोड़ दिया गया। पाहनो ने बताया कि मां सरना के आशीर्वाद से चरका मुर्गे को जीवन दान मिल गया। सरना स्थल पर विधिवत अरवा चावल सिंदुर दूध, सिरनी मिठाई, हंड़िया, कलेजी का भोग चढाया गया। पाहनों ने मिलकर खिचड़ी बनाया और सरना स्थल के पास ही सैकड़ों लोगों के बीच प्रसाद का वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया सह सरहुल पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिर्की, धम्मा पाहन, ग्राम प्रधान सह महतो मंचू उरांव, पुजार : बाने उरांव, बिट्टन महतो, भंडारी जीतु लोहरा, मुनेंद्र लोहरा, ललित उरांव, सुखदेव उरांव, एतवा लोहरा, बालू उरांव, संदीप उरांव, राजेश लोहरा, कृष्णा भगत, बसंत लोहरा, रमई उरांव, सुकरा उरांव, महादेव उरांव, लिबरा उरांव, प्रदीप उरांव, मंगरा उरांव, मंगरा लोहरा, विष्णु उरांव, बिरसा महतो सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। सरहुल पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिर्की ने बताया कि 14 मार्च को सरसा से नावाटोली होते हुए गढ़डीपा सरसा केंद्रीय आदिवासी सरना आश्रम सरसा तक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

आरपीएफ ने तीन नाबालिग को मानव तस्करों से बचाया

रांची। रांची रेलमंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर बीते सोमवार की देर रात को ऑपरेशन आहट विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान हटिया सीआईबी, रांची आरपीएफ व महिला सुरक्षा सेल की संयुक्त टीम ने हटिया स्टेशन से तीन नाबालिगों तस्करी होने से बचाया। लखीसराय बिहार निवासी अरुण राम को बाल तस्करी के आरोप में पकड़ा गया। सभी नाबालिग को 10 हजार रुपये मासिक देने का लालच देकर तमिलनाडू मजदूरी के लिए ले जाने की साजिश थी। गिरफ्तार आरोपी के पास से मोबाइल, सामान्य रेल टिकट सहित अन्य दस्तावेज मिले। आरोपी बिहार के मजदूरों को कपड़ा दुकान में काम करवाने के लिए ले जाने का काम करता था। आरोपी के खिलाफ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट कोतवाली रांची में मामला दर्ज किया गया।

पूरे अभियान में हटिया आरपीएफ निरीक्षक रूपेश कुमार, अपराध शाखा के इंस्पेक्टर सहित कई शामिल थे। दूसरी ओर, आरपीएफ की नन्हे फरिश्ते की टीम ने रांची स्टेशन से एक नाबालिग को बरामद किया। नाबालिग मूल रूप से भद्रक ओडिशा की रहने वाली थी, जिसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया।

स्टंट कर रहे साइकिल सवार बच्चों को बचाने में ऑटो पलटा, एक दर्जन यात्री घायल

नवीन मेल संवाददाता

खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक दुधमुंहे बच्चे सहित लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज तोरपा के रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घायलों में तुरीगड़ा गांव की सोमारी सांई मुर्गा और उनकी दुधमुंही बच्ची आशियान सांई मुर्गा, ज्योति तोपनो और राहिल तोपनो (दोनों बहनें), कुंती सांई मुर्गा, सपना सांई मुर्गा तथा ऑटो चालक आमोन तोपनो सहित अन्य यात्री शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो रनिया प्रखंड के तुरीगड़ा गांव से यात्रियों को लेकर तोरपा बाजार की ओर आ रहा था। इसी दौरान कूल्डा जंगल के समीप सड़क पर पांच साइकिल सवार बच्चे स्टंट कर रहे थे। बच्चों को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ऑटो मोड़ दिया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के बाद ऑटो में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए।

घायलों में एक दुधमुंहा बच्चा भी शामिल है, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में चिंता का माहौल बन गया। इसी दौरान ओडिशा की ओर जा रही एक कार वहां से गुजर रही थी। कार में सवार लोगों ने सड़क पर घायल पड़े यात्रियों को देखा और मानवता का परिचय देते हुए गंभीर रूप से घायलों को अपनी कार से तुरंत तोरपा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहीं अन्य घायलों को आसपास के लोगों की मदद से अलग-अलग वाहनों के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।

स्थानीय लोगों की तत्परता और सहयोग के कारण सभी घायलों को समय पर इलाज मिल सका। फिलहाल अस्पताल में उनका उपचार जारी है और अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए रेलवे ने हटाया अवैध अतिक्रमण

धनबाद। शहर के पम्पु तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में बाधा बन रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को रेलवे ने बड़ा अभियान चलाया। तालाब के समीप रेलवे की जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया गया। इसमें करीब एक दर्जन से अधिक अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। बताया जाता है कि पम्पु तालाब का करोड़ों रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसी बीच तालाब के आसपास स्थित रेलवे की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से मकान और खटाल बना लिया था। इसे लेकर रेलवे प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी कर जमीन खाली करने का निर्देश दिया, बावजूद इसके कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद रेलवे की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बुलडोजर की मदद से अवैध रूप से बनाए गए करीब एक दर्जन मकान और खटालों को तोड़ दिया गया। हालांकि अतिक्रमण हटाने के दौरान स्थानीय लोगों की ओर से कुछ विरोध भी देखने को मिला।

स्थिति को देखते हुए मौके पर रेलवे अधिकारियों के साथ आरपीएफ और धनबाद थाना की पुलिस भी मौजूद थी। पुलिस ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। अभियान जारी रखते हुए इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस संबंध में रेलवे अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी इस तरह के अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा, ताकि पम्पु तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में कोई बाधा न आए।

युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

खूंटी। परिसदन भवन खूंटी में मंगलवार को इंडियन यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष आमिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में खूंटी प्रभारी हिमांशु कुजूर और सह प्रभारी जय बारी भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान केंद्र सरकार के कथित देशविरोधी और किसान-विरोधी व्यापार समझौतों के खिलाफ आवाज़ बुलंद करने और इन्हें रद्द कराने के लिए आगामी विरोध प्रदर्शन और जन आंदोलनों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

मनरेगा कर्मियों ने दिया धरना

धनबाद, 10 मार्च (हि.स.)। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर धनबाद जिले के मनरेगा कर्मी 9 मार्च से 11 मार्च तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हैं।

कार्यक्रम | स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

- **सभी प्रकार के खेलकूद, क्विज सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना लोहा मनवा रहे हैं : प्राचार्य**

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा सरकार की योजनाओं के माध्यम से नए नए आयाम स्थापित कर रहा है। उक्त बातें पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में मंगलवार को आयोजित विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव ने कही। उन्होंने कहा कि यहां बच्चे गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ साथ प्रोजेक्ट रेल, राज्य स्तर पर फुटबॉल, हॉकी, एथेलेटिक्स सहित सभी प्रकार के खेलकूद, क्विज सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना लोहा मनवा रहे हैं। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान रेल प्रोजेक्ट परीक्षा के टॉपर , फुटबॉल में नेशनल व स्टेट लेवल पर खेलने वाले बच्चे , आईसीटी चैम्पियनशिप में टॉपर व स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थीयों को विद्यालय के प्रभारी प्रधानध्यापक बहादुर उराँव सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव व संचालन शिक्षक अजय मुंडा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन सर ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक लाल सुजीत नाथ शाहदेव ने कहा कि यहां शिक्षक ईमानदारी एवं निष्ठा और समर्पण भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की शिक्षा नीतियों, सरकारी पदाधिकारियों के दिशा-निर्देशों तथा समग्र शिक्षा के गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ शिक्षक सुनील नायक ने भी अपनी बातें रखी। कार्यक्रम के दौरान लाल सुजीत नाथ शाहदेव के साथ साथ विरेंद्र केरकेट्टा, विजय कुमार तिर्की, मार्शल खलखो, राकेश कुमार, राजेश कुमार सिंह, मनिता कुजूर, जेवियर तिरु, सुनील नायक, मो. असलम अंसारी, लूसिया केरकेट्टा, मीना कुमारी, संध्या कुमारी, कुमार प्रेरित और क्षितिज बारला ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विद्यालय के एसएमसी सदस्यों क्रमशः अहलाद लोहरा समेत कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपने अपने कार्यक्रमों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

न्यूज बॉक्स

चान्हो-पाटुक बजोटोली में पांच दिवसीय यज्ञ, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत पहुंचे

चान्हो। प्रखंड क्षेत्र के पाटुक बजोटोली में आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ में शुक्रवार को पूर्व सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ स्थल पर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और आध्यात्मिक वातावरण मजबूत होता है। यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखी गई। मौके पर भाजपा नेता कैलाश गुप्ता, नागेश्वर महतो, बंधु उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों और समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

बुढ़मू प्रखंड के नाऊज गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव संपन्न

ठाकुरगांव । बुढ़मू प्रखंड के नाऊज गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव सह दो दिवसीय यज्ञ समारोह का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। यज्ञ के दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन,आरती व भंडारे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।सोमवार रात्रि में बिजुपाड़ा कीर्तन मंडली द्वारा 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन ने रातभर भक्तों को झुमाया।धर्म की जय हो,अधर्म का नाश हो,प्राणीयों में सद्भावना हो,विश्व का कल्याण हो के उद्घोष और जय श्री राम के गगन चुम्बी नारे के साथ आहूत यज्ञ के आखरी दिन विधायक सुरेश कुमार बैठा,विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी शामिल हुए और मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया।दो दिवसीय यज्ञ में सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य रुद्रनाथ मिश्रा,अभिषेक वैद्य व पंडित वरुण के सानिध्य में सम्पन्न हुए जबकि बतौर यजमान दिनेश चौबे रीना देवी,राजू चौबे अनामिका देवी,रंगनाथ चौबे सारिका रानी,अश्विनी तिवारी रूबी देवी,बिरसा मुंडा अनु देवी सपत्नीक शामिल हुए।यज्ञ के सफल आयोजन में भोला जायसवाल,ग्राम प्रधान बसंत पाहन, रंथुमुंडा,निखिल जायसवाल,बासुकी जायसवाल,मनोज मुंडा का सराहनीय योगदान रहा।

शिक्षकों ने विधानसभा के सामने दिया महाधरना, 17 को फिर आंदोलन की चेतावनी

रांची। झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों और कर्मचारियों ने मंगलवार को विधानसभा के सामने महाधरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना में राज्यभर से आए सैकड़ों शिक्षक-कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। मोर्चा की प्रमुख मांगों में 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि, वित्त रहित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना की राशि अनुदानित स्कूल-कॉलेजों की छात्राओं को देने तथा 21 विद्यालयों की लंबित अनुदान राशि जल्द जारी करने की मांग शामिल है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि विधि और वित्त विभाग की सहमति मिलने के बावजूद अनुदान बढ़ोतरी की फाइल अब तक लंबित है और कैबिनेट से स्वीकृति नहीं मिल सकी है। धरना में संस्कृत शिक्षक पीले वस्त्र और मदरसा शिक्षक सफेद टोपी पहनकर शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिला शिक्षिकाओं की भी भागीदारी रही। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की ओर से बार-बार जांच के नाम पर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है, जिसका मोर्चा विरोध करेगा। मोर्चा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 17 मार्च 2026 को फिर से विधानसभा के सामने महाधरना दिया जाएगा और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री आवास का घेराव भी किया जाएगा। धरना को अरविंद सिंह, गणेश महतो, अनिल तिवारी, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, मनीष कुमार, देवराज मिश्रा, फजलुल कदीर अहमद, सिद्धेश्वर सिंह समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदेश्वर पाठक ने की, जबकि संचालन गणेश महतो ने किया।

श्री महावीर मंडल महानगर के अध्यक्ष कुणाल और महामंत्री बने मुनचुन

रांची। श्री महावीर मंडल रांची महानगर वर्ष 2026-27 में श्री महावीर मंडल रांची महानगर अपना 21 वां वर्ष मनाने जा रहा है। इस अवसर पर रामनवमी महोत्सव को और अधिक भव्य और विशाल रूप में आयोजित किया जाएगा एवं अष्टमी की रात्रि में विभिन्न अखाड़ों तथा कलाकारों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए श्री महावीर मंडल रांची महानगर की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक का आयोजन मंगलवार को चर्च रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय में किया गया। बैठक संगठन महामंत्री रविंद्र कुमार वर्मा की देखरेख में हुई। बैठक की शुरुआत में पिछले वर्ष के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।इसके बाद सर्वसम्मति से कुणाल अजमानी को अध्यक्ष और मुनचुन राय को महामंत्री बनाया गया। साथ ही नई कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। संरक्षक बने सेठ और वर्मा इसमें मुख्य संरक्षक के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची विधायक सीपी सिंह, विष्णु अग्रवाल, रंजन सिंह, अजीत सहाय शामिल हैं। वहीं महावीर मंडल के मुख्य सलाहकार के रूप में श्री श्री महामंडलेश्वर महंत सूर्य नारायण त्यागी, संरक्षक के रूप में शेखर शरण, प्रेम वर्मा, अमरिंदर सिन्हा पप्पू, रमेश बाली, शिव गुप्ता, अशोक चौधरी, संयोजक डॉ दिलीप सोनी, सहसंयोजक श्यामानंद पांडे, उपाध्यक्ष के पद पर पवन किया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी के रूप में रोहित शारदा,प्रवक्ता के रूप में बादल सिंह सहित अन्य को शामिल किया गया है।

किशोरी यादव चौक के पास निगम की जमीन से 7 दिन में हटाएं अतिक्रमण : संजय

रांची। रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार की अगुवाई में निगम की टीम ने मंगलवार को किशोरी यादव चौक (गौशाला मार्ग) के निकट स्थित निगम की भूमि, एमएस प्लॉट संख्या 241, रकबा 14 डिसमिल का भौतिक निरीक्षण किया। अपर प्रशासक ने पदाधिकारियों को किशोरी यादव चौक पर स्थित निगम की दुकानों से लंबित किराए की शीघ्र वसूली सुनिश्चित करने को कहा।

जिला समाज कल्याण कार्यालयों में हो रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, कहा-

पोषण के सभी 14 सूचकांकों में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत उपायुक्त द्वारा पोषण ट्रैक्टर अंतर्गत 14 सूचकांकों के विरुद्ध किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान जिन सूचकांक में 90% से कम की उपलब्धि थी उनके महिला पर्यवेक्षिकाओं को उपायुक्त ने कार्यों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल इस पर कार्य करने एवं सभी सूचकांकों में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल, विद्युत, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की एवं महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा, बाल संरक्षण पदाधिकारी सभी परियोजना के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

रजरप्पा मंदिर में पिछले दरवाजे से प्रवेश पर अक्सर होता है विवाद

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रजरप्पा विगत दिनों मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भीड़ के बाद निकासी द्वार में हुए विवाद के दौरान जमशेदपुर से एक श्रद्धालुओं को पुलिस की पिटाई की घटना ने तूल पकड़ लिया है। यह घटना मंदिर के निकासी द्वार में हुई। पुलिस प्रशासन के अनुसार वह व्यक्ति निकासी द्वार से मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। जिस पर अधिकारियों और जवानों ने रोका तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों व श्रद्धालुओं के बीच हाथपाई हुई। इधर घटना के बाद सोशल मीडिया में वीडियो वायरल है और सभी लोग इस घटना की निंदा व्यक्त करते हुए आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

इस मामले में बताया जाता हैं की माता रानी के दरबार में भीड़ होती है, सारा खेल निकासी द्वार व ब्लू गेट से ही होता है। चुकी भीड़ भाड़ के दौरान मंदिर परिसर में ब्लू गेट की चाबी जिसके पास होती हैं, वही उस दिन का हीरो होता हैं। चाहे वह पुलिसकर्मी हो या पंडा। इसके अलावा निकासी द्वार में पुलिस व सुरक्षाकर्मी तैनात होकर भीड़ को अंदर जाने से रोकते हैं। जब इस मामले को का तहकीकात किया गया तो एक बात सामने आई की ब्लू गेट की चाबी जिसके पास रहता हो उसके अनुसार ही लोग मंदिर में प्रवेश कर सकते हैं।

वहीं निकासी द्वार में जो भी अधिकारी या पुलिस के जवान मौजूद रहते हैं, या तो उनकी मर्जी चलती हैं या फिर पंडा की। पंडा किसी को अपना रिश्तेदार बना लेते हैं या फिर किसी को किसी मंदिर का ट्रस्टी। वह अपने पसंद के लोगों को मंदिर में प्रवेश की अनुमति देते हैं सारे लोगों का कहना यह है कि सारा खेल ब्लू गेट और पर निकासी द्वार में ही होता है। जिसकी वजह से आए दिन विवाद होते रहता पंडा समाज ने भी इस बात को स्वीकार किया पंडा समाज के चंद लोग, कुछ दुकानदार पुलिसकर्मियों के सहयोग से मंदिर आए श्रद्धालुओं से पैसे लेकर निकासी द्वार से मंदिर में प्रवेश कराते है। इस कार्य के लिए मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में एक सिंडिकेट बना हुआ।

कृषि मंत्री से मिलीं विधायक ममता देवी, किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

रामगढ़ । रामगढ़ विधायक ममता देवी ने राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं किसानों की परेशानियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विधायक ममता देवी ने क्षेत्र के किसानों को कृषि योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने तथा कृषि विभाग की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर विधायक ममता देवी ने उम्मीद जताई कि सरकार के सहयोग से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी और कृषि क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मौक पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता कांग्रेस व मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश आदि उपस्थित थे।

रीजन कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब भुरकुंडा ने लहराया परचम, जीते चार अवार्ड

नवीन मेल संवाददाता

भुरकुंडा। लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 322A की रीजन कॉन्फ्रेंस का आयोजन 8 मार्च को होटल ग्रीन होरीजोन में किया गया। सम्मेलन में लायंस क्लब भुरकुंडा ने अपने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए चार अवार्ड जीत। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन संजय कुमार ने लायंस क्लब भुरकुंडा को सम्मानित किया। क्लब को उसके स्थायी प्रोजेक्ट खिचड़ी वितरण के माध्यम से समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए बेस्ट वर्किंग इन सोशल एक्टिविटीज अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं क्लब के सचिव लायन अखिलेश शर्मा को उनके बेहतर कार्य और सक्रिय भूमिका के लिए बेस्ट सेक्रेटरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा क्लब अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और सेवा कार्यों के लिए विशेष सम्मान दिया गया। साथ ही उन्हें उनके प्रभावी कार्यकाल के लिए बेस्ट जोन चेयरपर्सन अवार्ड से भी नवाजा गया।

अवार्ड मिलने पर क्लब के अध्यक्ष अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा, शिवा प्रसाद, गजानंद प्रसाद सहित अन्य सदस्यों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह सम्मान क्लब के सामूहिक प्रयास और समाज सेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। भविष्य में भी क्लब द्वारा समाज सेवा के कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन में रीजन चेयरपर्सन लायन गणेश प्रसाद सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में पीडीजी लायन राहुल वर्मा, पीडीजी सिद्धार्थ मजूमदार, पीडीजी राजीव लोचन, पीडीजी राजेश गुप्ता, पीडीजी माधव लखोटिया, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शुभ्रा मजूमदार, डिस्ट्रिक्ट सर्विस कोऑर्डिनेटर राजेश कसेरा और डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार सहित रीजन-2 के विभिन्न क्लब के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

जमीन विवाद में मारपीट, 14 नामजद व एक अज्ञात पर प्राथमिकी

बरही। थाना क्षेत्र के बेला गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में 14 नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी स्नेहा कुमारी पति महावीर दास के लिखित शिकायत पर ने दर्ज की गई है। आवेदन के अनुसार बीते 6 मार्च की सुबह करीब 9 बजे उनके हिस्से की जमीन पर मकान बनाने के दौरान आरोपियों ने विरोध करते हुए मारपीट की। उसी दिन शाम करीब 7 बजे आरोपी दोबारा घर पहुंचकर लाठी-डंडा से हमला कर दिया। जिससे कई लोग घायल हो गए । इस दौरान महिलाओं के जोड़े भी फाड़ दिए गए । मारपीट के दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता के पति के जेब से 1200 रुपये निकाल लेने तथा मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप लगाया गया है। दीपू दास, जशवा देवी, गुलाबी देवी समेत 14 नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोला डेली मार्केट का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए : ममता देवी

रामगढ़। गोला डेली मार्केट को लेकर विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के माध्यम से गोला प्रखंड स्थित गोला डेली मार्केट के अधूरे निर्माण कार्य का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि गोला डेली मार्केट का निर्माण कार्य वर्ष 2015–16 में प्रारंभ हुआ था, लेकिन आज तक यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। इसके कारण स्थानीय दुकानदारों, किसानों एवं आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ममता देवी ने सरकार से मांग की कि गोला डेली मार्केट के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और आम लोगों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें तथा स्थानीय बाजार व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि बाजार का निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को बेहतर व्यापारिक वातावरण प्राप्त होगा।

पुलिस और सीसीएल प्रबंधन ने अवैध खदान की कराई डोजरिंग

केदला। सीसीएल हजारीबाग प्रक्षेत्र की झारखंड उत्खनन परियोजना अंतर्गत डेम कॉलोनी के पूर्व में मंगलवार को वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस के सहयोग से सीसीएल प्रबंधन ने एक अवैध कोयला खदान को डोजरिंग कर बंद कराया। इस संबंध में परियोजना के पीओ एमके पांडेय ने बताया कि रात के अंधेरे में कुछ कोयला चोर अवैध कोयला खनन कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस के सहयोग से अवैध कोयला मुहाने की डोजरिंग कर बंद किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला खनन के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मारपीट व धमकी मामले में आठ लोगों पर प्राथमिकी

बरही। बभनाडीह गांव में मारपीट और धमकी देने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला अशोक कुमार यादव (पिता– जगेश्वर यादव) की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बीते 7 मार्च की संध्या करीब 3:30 बजे गांव के कुछ लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोपियों द्वारा पहले भी 14 फरवरी को घर में तोड़फोड़ की गई थी और खेत में लगी फसल को नुकसान पहुंचाया गया था। शिकायत के आधार पर इस मामले में पुलिस ने रंजीत कुमार (पिता– जगेश्वर यादव),संजय कुमार (पिता– स्व. सिबल यादव), मालती देवी (पति– रामेश्वर यादव) और गुलाबी मसामत (पति– स्व. सिबल यादव) सभी बभनाडीह के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई प्रारंभ कर दी है ।

घरेलू गैस की बुकिंग के एक सप्ताह बाद भी नहीं हो रही है डिलीवरी

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। जिले में घरेलू गैस की बुकिंग के एक सप्ताह बाद भी डिलीवरी नहीं हो रही है। ऑनलाइन बुकिंग में भी लोग परेशानी की शिकायत कर रहे हैं। ग्राहकों के अनुसार पहले ऑनलाइन बुकिंग के अगले दिन डिलीवरी हो जाती थी। अभी एक सप्ताह का समय लग रहा है। इससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। गैस सिलेंडर की बुकिंग के एक हफ्ते बाद भी डिलीवरी नहीं होने से लोग काफी असुविधाजनक महसूस कर रहे है। आमतौर पर बुकिंग के 24 से 48 घंटों के भीतर डिलीवरी हो जानी चाहिए। जिले में 4 लाख घरों मे एलपीजी गैस कनेक्शनजिले में वर्तमान में लगभग 4 लाख घरों में एलपीजी गैस कनेक्शन हैं। इनमें से 1.93 लाख कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए हैं। जिले में मुख्य रूप से इंडेन, एचपी गैस और भारत गैस अपनी सेवाएं दे रही हैं। जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 14.2 किग्रा की कीमत लगभग 972.00 है।बुनियादी ढांचे और आपूर्ति सुधार के लिए चौपारण में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट स्थापितजिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति की सटीक दैनिक या मासिक कुल मात्रा के आधिकारिक आंकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन जिले की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे और आपूर्ति प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित करने मेगा एलपीजी बॉटलिंग प्लांट हजारीबाग के बरही चौपारण रोड में स्थापित किया गया है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का यह एक बड़ा बॉटलिंग प्लांट स्थापित है। इस संयंत्र की भंडारण क्षमता लगभग 1,050 मीट्रिक टन है, जो तीन 350 मैट्रिक टन की बुलेट टंकियों में विभाजित है। इस प्लांट के लिए एलपीजी की आपूर्ति विशाखापत्तनम रिफाइनरी से बुलेट ट्रकों के माध्यम से की जाती है। जिले में इंडेन, एचपी, और भारत गैस के कई वितरक सक्रिय हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मानक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर और व्यावसायिक उपयोग के लिए 19 किलोग्राम के सिलेंडर मुख्य रूप से उपलब्ध कराए जाते हैं।

अपराध समीक्षा | एसपी ने आपराधिक गिरोहों पर कार्रवाई का पुलिस पदाधिकारियों को बैठक में दिया निर्देश, कहा

आम जनता के साथ पुलिस सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें

- धमकी देने वाले सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। एसपी अजय कुमार ने 10 मार्च को क्राइम मीटिंग का आयोजन किया । इस मौके पर एसपी ने सभी थाना/ओपी प्रभारियों को थाना में आने वाले आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने एवं उनके समस्याओं का समाधान करने, किसी भी पुलिस पदाधिकारी , कर्मियों द्वारा आम जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कुर्की का निष्पादन ससमय करने का निर्देश भी दियां। इसके उपरांत मुख्य रूप से फायरिंग, आगजनी, तोड़फोड़, विस्फोट, संपत्तिमूलक अपराध, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों से संबंधित प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा हुई तथा संबंधित थाना/ ओ०पी प्रभारी को अविलम्ब लंबित कार्रवाई को पूर्ण करते हुए कांडों को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना/ओपी प्रभारी को निर्देश दिया गया कि एंटी क्राईम चेकिंग समय बदलकर बदलकर करें तथा उसकी प्रविष्टि रक्षक एप्प में करें, व्यवसाईयों, व्यक्तियों को राहुल दुबे द्वारा इंटरनेट के माध्यम से धमकी दिया जा रहा है उसके सक्रिय सदस्यों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें, पुलिस निरीक्षक विशेष प्रतिवेदित काण्डों की समीक्षा करें तथा अनुसंधानकर्ता को आवश्यक निर्देश निर्गत करें तथा समय-समय पर दिये गये निर्देशों के अनुपालन की भी समीक्षा करें, व्यवहार न्यायालय के द्वारा निर्गत वारण्ट , ऐसे काण्ड जो एफएसएल हेतु लंबित है का पत्राचार पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के माध्यम से राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड, रांची को करवायें, सीसीटीएनएस अन्तर्गत आईआईएफ-1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, काराधीन अपराधकर्मियों के जेल में जाकर पूछताछ करें। गणमान्य व्यक्तियों/ बड़े व्यवसायियों से वार्ता कर थाना क्षेत्रान्तर्गत में सी०सी०टी०भी० लगवाना सुनिश्चित करें, गंभीर प्रवृति के वैसे लंबित काण्डों में जिसमें अभियुक्त का नाम-पता राज्य से बाहर जाकर सत्यापन हेतु लंबित है उसमें अविलम्ब नाम-पता का सत्यापन करें, महिलाओं के सुरक्षा को लेकर सभी थाना / ओ०पी० प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि रात्रि के समय किसी महिला, बच्चों एवं बुजूर्ग को अकेला देख उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करते हुए उनके गंतव्य स्थल तक सुरक्षित पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपाय करने एवं जगरूकता अभियान चलाने, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य एप का उपयोग, महत्वपूर्ण काण्डों का प्रभार स्वयं थाना प्रभारी को ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया है। संगठित अपराधिक गिरोह के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाना / ओ०पी० क्षेत्र में प्रवेश/ निकाश के मार्गों पर बैरियर लगाने एवं एंटी क्राईम चेकिंग करने हेतु सभी थाना/ओ०पी० प्रभारी को निर्देशित किया गया। 03 या 03 से अधिक काण्डों का निष्पादन करने वाले पदाधिकारियों को एक-एक सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), रामगढ़-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, परिचारी प्रवर, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ / रजरप्पा, यातायात थाना प्रभारी, रामगढ़, सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित रहे।

न्यूज बॉक्स

मारपीट और धमकी देने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बरही। बभनाडीह गांव में मारपीट और धमकी देने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला अशोक कुमार यादव (पिता– जगेश्वर यादव) की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बीते 7 मार्च की संध्या करीब 3:30 बजे गांव के कुछ लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। इसके बाद उनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कराया गया। आवेदन में यह भी कहा गया है कि आरोपियों द्वारा पहले भी 14 फरवरी को घर में तोड़फोड़ की गई थी और खेत में लगी फसल को नुकसान पहुंचाया गया था। शिकायत के आधार पर इस मामले में पुलिस ने रंजीत कुमार (पिता– जगेश्वर यादव), सुजीत कुमार (पिता– रामेश्वर यादव), संजय कुमार (पिता– स्व. सिबल यादव), मनोज यादव (पिता– स्व. सिबल यादव), जगेश्वर यादव (पिता– स्व. झामन यादव), रेखा देवी (पति– जगेश्वर यादव), मालती देवी (पति– रामेश्वर यादव) और गुलाबी मसामत (पति– स्व. सिबल यादव) सभी बभनाडीह के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई प्रारंभ कर दी है ।

दहेज प्रताड़ना व संदिग्ध मौत मामले में छह पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

बरही। कोल्हुआ कला पंचायत के बेला गांव निवासी राज कुमार राम ने अपनी बेटी की संदिग्ध मौत के मामले में ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 80/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2019 में उनकी बेटी की शादी दुलमाहा गांव निवासी विकास कुमार पिता इंद्रदेव राम हिंदू रिति रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इस संबंध में कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। 8 मार्च को सूचना उन्हें सूचना दी गई कि उनकी बेटी का तबियत खराब है और अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलने पर जब वे अस्पताल पहुंचे तो उनकी बेटी बेड पर मृत अवस्था में पड़ी थी और ससुराल पक्ष के कोई भी लोग नहीं थे। उन्होंने अपनी पुत्री के पति सहित सास, ससुर, देवर आदि पर हत्या का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग किया है । पुलिस ने मामले में विकास कुमार, रीना देवी, आशीष कुमार, इंद्रदेव राम, नीतू कुमारी तथा मिथिलेश राम को आरोपी बनाया है। इनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए, 304बी, 323, 34 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

17 मार्च को डीएवी में स्वामी दयानंद टैलेंट रिवार्ड टेस्ट, ट्यूशन शुल्क में सौ प्रतिशत तक की छूट

बरही। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 3, 4, 5 एवं 11 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को डीएवी प्रबंधन की ओर से ट्यूशन शुल्क में रियायत देने की घोषणा की गई है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में आगामी 17 मार्च को स्वामी दयानंद टैलेंट रिवार्ड टेस्ट आयोजित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस परीक्षा के माध्यम से मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को ट्यूशन शुल्क में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी, ताकि ऐसे छात्र भी डीएवी पब्लिक स्कूल जैसे संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने बताया कि परीक्षा सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षार्थियों के लिए सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्टिंग अनिवार्य है। छूट के लिए चयन का मुख्य आधार परीक्षा में प्राप्त अधिकतम अंक तथा विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी पंजीकरण फॉर्म विद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं या विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

एक हफ्ते के अंदर ही सड़क निर्माण की गुणवत्ता की खुली पोल

हजारीबाग। प्रखंड की बहेरा पंचायत अंतर्गत फुसरी चौक से कजरी उप स्वास्थ्य केंद्र तक डीएमएफटी मद से 500 मीटर तक कालीकरण सड़क निर्माण पिछले हफ्ते पहले ही किया गया है। महज सप्ताह भर बीतने के बाद ही सड़क की गुणवत्ता की पोल खुल गई। सड़क के बीचो-बीच किया हुआ पिच पैरों से ही उखड़ जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत पंचायत के मुखिया देवकी महतो से किया। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के द्वारा रात के अंधेरे में जैसे- तैसे काम करके जल्दबाजी में सड़क निर्माण का कार्य को पूरा किया गया। जिस गुणवत्ता और मानक के अनुसार सड़क निर्माण कार्य होने थे। उसका कोई अनुपालन नहीं किया गया। साथ ही सड़क के किनारे नाली निर्माण कार्य भी अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। बहेरा मुखिया देवकी महतो ने इसकी लिखित शिकायत हजारीबाग उपायुक्त से की है। मुखिया देवकी महतो ने बताया कि संवेदक के द्वारा सड़क निर्माण का प्राक्कलित राशि भी बोर्ड पर नहीं दर्शाया गया है। जबकि कोई भी योजना में योजना का नाम और उसके सारे विवरण तथा प्राक्कलित राशि शिलापट्ट पर दर्शाया जाता है। जेई और संवेदक के द्वारा मिलीभगत कर सड़क को जैसे- तैसे बनवाकर लीपापोती किया गया है। जो जांच का विषय है।चरही पी1 फुसरी चौक में बने कालीकरण सड़क पर सड़क के बीचों बीच पैरों से ही उखड़ जा रहे हैं पिच।

ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज की छात्राओं ने नेशनल वेल्डिंग लीग फॉर वूमेन 2026 में भाग लिया

भुरकुंडा। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातु से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी तीन छात्राएं सुश्री नैंसी उरांव, सुश्री नंदनी कुमारी तथा सुश्री तनु कुमारी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित नेशनल वेल्डिंग लीग का वूमेन 2026 में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन फ्रोनियस इंडिया और सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में दिनांक 6, 7 और 8 मार्च को किया गया। नेशनल वेल्डिंग लीग 2026 जो महिला वेल्डर को तकनीकी उत्कृष्टता का प्रदर्शित करने, उद्योग में मान्यता प्राप्त करने, वेल्डिंग और संबंध प्रौद्योगिकींओ में स्थाई करियर की और आत्मविश्वास से कदम बढ़ाने सक्षम बनाती है। संस्थान ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज भी नेशनल वेल्डिंग लीग के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर लड़कियों को भी वेल्डिंग का प्रशिक्षण संस्थान के स्थापना कल से देता आ रहा है। संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्य ने तीनों छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने पर हर्ष व्यक्त किया और उनके तकनीकी करियर की उज्जवल कामना की।

हजारीबाग में मंगला जुलूस को लेकर पुलिस अलर्ट

एसपी के नेतृत्व में जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। होली के बाद हजारीबाग में रामनवमी पर्व की तैयारी शुरू हो जाती है। होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को हजारीबाग में मंगला जुलूस निकालने की पुरानी परंपरा रही है। मंगला जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़े सड़कों पर उतरकर शक्ति प्रदर्शन करते हुए जय श्री राम का जयघोष करते हैं। प्राचीन महावीर स्थान मंदिर में में प्रसाद चढ़ाया जाता है। वहीं मंगला जुलूस और रामनवमी को लेकर प्रशासन की ओर से इस बार व्यापक तैयारी की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर फूल प्रूफ योजना बनाई गई है। पिछले साल की गलती से सीख लेते हुए प्रशासन इस बार अतिरिक्त सुरक्षा बल मंगला जुलूस के दौरान तैनात करने जा रहा है। मंगलवार शाम के 5:00 बजे से जवानों की प्रतिनियुक्ति विभिन्न चौक-चौराहों पर कर दी जाएगी। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन स्वयं कंट्रोल रूम से सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। इसके अलावे सड़क पर भी उतरने की भी योजना है।

इस संबंध में हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारियों, सभी थाना प्रभारी को मंगला जुलूस को लेकर ब्रीफिंग की गई है। पिछले दिनों डीसी शशि प्रकाश सिंह के साथ संयुक्त बैठक भी हुई थी। एसपी ने बताया कि सुरक्षा के हर एक बिंदु पर तैयारी की गई है। इस बार मंगला जुलूस के दौरान भी विभिन्न क्षेत्र में मेडिकल कैंप भी प्रशासन की ओर से लगाया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से भी पूरे क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। एसपी ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी ऐतिहासिक है और इसकी चर्चा देश के कोने-कोने में है। इसकी भव्यता और सुंदरता बरकरार रहे इसकी जिम्मेवारी हर एक व्यक्ति की है। उन्होंने लोगों से रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाने की अपील की है और कानून नहीं तोड़ने का निर्देश दिया है। एसपी ने कहा कि मंगला जुलूस और रामनवमी में ऐसा कोई भी गाना ना बजे जिससे दूसरे की भावना को ठेस पहुंचे। यह शहर हम सभी का है। यहां शांति व्यवस्था कायम रखना हर एक व्यक्ति की जिम्मेवारी है।

प्रशासन आम जनता के साथ खड़ी है। सभी व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वालों की खैर नहीं है।

बीआईटी मेसरा का फाइनेंस फेस्ट 'फिनस्ट्रीट'का समापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा के फाइनेंस क्लब द्वारा संस्थान के इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय फाइनेंस फेस्ट 'फिनस्ट्रीट'26 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस फेस्ट में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं और विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत "डॉलर'स डबल एज" विषय पर आयोजित उद्घाटन सत्र से हुई। इस अवसर पर फाइनेंस क्लब के फैकल्टी एडवाइजर एवं एसोसिएट डीन (आरआईई) डॉ. आनंद प्रसाद सिन्हा ने विद्यार्थियों को वित्तीय क्षेत्र में नवाचार और विश्लेषणात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव और डीन ऑफ फैकल्टी अफेयर्स प्रो. अशोक शेरॉन ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएट डीन ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स डॉ. गौतम शांडिल्य द्वारा किया गया।

फेस्ट का प्रमुख आकर्षण 'एनिग्मा' नामक राष्ट्रीय स्तर की केस स्टडी प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने वास्तविक वित्तीय परिस्थितियों का विश्लेषण कर रणनीतिक समाधान प्रस्तुत किए। इसके अलावा फॉरेक्स कार्यशाला में विद्यार्थियों को वैश्विक विदेशी मुद्रा बाजार और ट्रेडिंग के मूल सिद्धांतों की जानकारी दी गई।

फेस्ट के दौरान 'इन्वेस्टर एरिना', 'बिहाइंड द स्टंप' और 'बैटल ऑफ बोर्ड्स' जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध निवेशक और परम कैपिटल के संस्थापक मुकुल अग्रवाल के विशेष सत्र के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विदेशी मुद्रा बाजार और आधुनिक निवेश प्रवृत्तियों पर अपने विचार साझा किए।

न्यूज बॉक्स

बार एसोसिएशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिवक्ताओं का सम्मान

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला बार एसोसिएशन के सभा कक्ष में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला अधिवक्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया और उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बार एसोसिएशन के महासचिव फादर अगस्टिन कुल्लू ने महिला अधिवक्ताओं से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं परिवार के साथ-साथ अपने कार्यक्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर वे समाज, राज्य और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो समाज के लिए सकारात्मक संकेत है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कैसर परवेज सहित अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, दुर्योधन गोप, लक्ष्मी सिंकू और किरण बोईपाई ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि महिला अधिवक्ताएं न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनके सम्मान व अधिकारों की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिला अधिवक्ताओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र महतो, सरकारी वकील पवन शर्मा, किशोर कुमार महतो, गौरांग महतो, विमल पांडे, विमल विश्वकर्मा, मोहित शर्मा, ज्योति महतो सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष अधिवक्ता मौजूद रहे।

बर्मा माइंस स्थित टाटा स्टील ट्यूब डिवीजन गेट पर ठेका मजदूरों का घेराव

जमशेदपुर। शहर के बर्मा माइंस स्थित टाटा स्टील के ट्यूब डिवीजन गेट पर मंगलवार को ठेका मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार बदलने के बाद करीब 35 से 40 मजदूरों को अचानक काम से हटा दिया गया है, जिससे उनके सामने रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है। ये सभी मजदूर बर्मामाइंस के मुखी बस्ती के रहने वाले बताए जा रहे हैं और वर्षों से ट्यूब डिवीजन में ठेका मजदूर के रूप में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। मजदूरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नौकरी वापस देने की मांग की। आंदोलन में केंद्रीय मुखी समाज के सचिव एवं पूर्व मुखिया महेश मुखी ने भी हिस्सा लिया और मजदूरों के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है और उन्हें उनके उचित लाभ तथा कार्य परिस्थितियों से वंचित किया जा रहा है। महेश मुखी ने कहा कि मुखी समाज अपने लोगों के साथ हो रहे किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगा और मजदूरों के हक की लड़ाई जारी रखेगा।

सरकारी योजना हुई फेल

सोलर सिस्टम से सिंचाई कर किसान कर रहे हैं खेती

जामताड़ा। सदर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत में सरकार की लिफ्ट इरीगेशन योजना वर्षों से बंद पड़ी है। जिसका लाभ किसानों को नहीं मिल पाया। आज वहां के किसान सोलर सिस्टम से सिंचाई कर लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों के खेत जो बंजर पड़े हुए थे। वहां सोलर सिस्टम से पानी पहुंच रहा है। सोलर सिस्टम प्लांट लगने से पहले किसान सिंचाई के अभाव में बंजार पड़े जमीन में खेती नहीं कर पा रहे थे। लेकिन सोलर सिस्टम से उनके खेत में हरियाली आ गई है और उनके खेत लहलहाने लगे हैं। लोग फसल के साथ-साथ सब्जी भी उगा रहे हैं। जिससे रोजगार का भी साधन बन गया है। गांव के किसान निताई राय बताते हैं कि पहले सिंचाई का कोई साधन नहीं था। खेती नहीं कर पा रहे थे। आशा नामक एक संस्था के सहयोग से सोलर प्लांट लगाया गया। जिससे खेतों तक पानी पहुंच रहा है और खेत की सिंचाई हो रही है। जिससे गांव के सभी किसान खुश हैं। सरकार द्वारा गांव में किसानों को खेती के लिए लिफ्ट इरीगेशन योजना के तहत सुविधा देने की बात कही गई थी, लेकिन यह वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। जिसका कोई लाभ किसानों को नहीं मिलता है।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

त्वरित कार्रवाई कर अधिकारियों को समस्याएं दूर करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर विधि-सम्मत जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में हजारीबाग शहर निवासी सरफराज अहमद ने शहर में भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश (नो-एंट्री) का समय बढ़ाने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने सदर एसडीओ, ट्रैफिक डीएसपी एवं सहायक नगर आयुक्त को मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं ग्राम पंचायत पांडु, केरेडारी की मुखिया सकिबा खातून ने अपने क्षेत्र के पुनर्वास स्थलों पर बिजली, सड़क, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को समग्र पुनर्वास परियोजना के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खरना की मुखिया निर्मला देवी ने ग्राम गडरबारा स्थित चुंड़रमांड़ो के समीप सगधोवा नदी पर पुल निर्माण कराने का अनुरोध किया।

इस पर उपायुक्त ने डीडीसी एवं डीपीओ को विष्णुगढ़ बीडीओ से जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम हिंदेगीर निवासी कलेश्वरी देवी ने भूमि का सीमांकन कर मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने केरेडारी अंचलाधिकारी को मामले का निष्पादन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में भूमि मापी, दाखिल-खारिज, विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता तथा मुआवजा से संबंधित कई अन्य मामले भी प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी मामलों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा फरियादियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध न्याय का भरोसा दिलाया।

सीआईएसएफ का 57वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा में मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की गुवा एवं मेघाहातुबुरु इकाई में 57वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह, गर्व और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इकाई परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बल के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ के गौरवशाली इतिहास, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने जवानों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ का मुख्य उद्देश्य देश की औद्योगिक और रणनीतिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा को मजबूत बनाना है, जिसे बल के जवान पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन अधिकारियों और जवानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

जिन्होंने अपने कर्तव्यों के दौरान उत्कृष्ट कार्य और सराहनीय सेवा का प्रदर्शन किया है।

काम के दौरान दूसरी मंजिल से गिरकर ठेका मजदूर की मौत

जमशेदपुर। परसुडीह थाना क्षेत्र के सरजमदा में मंगलवार को निर्माण कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय ठेका मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरजमदा निवासी रवि लोहार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि सरजमदा स्थित रेणु देवी के घर में छत की सेंट्रिंग का काम चल रहा था। दोपहर के समय काम खत्म होने के बाद मजदूर भोजन करने के लिए सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। सीढ़ियों पर रेलिंग नहीं होने के कारण वह संतुलन खो बैठा और दूसरी मंजिल से सीधे जमीन पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद साथी मजदूरों और स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

शादी समारोह में जा रहे दो युवक की सड़क हादसे में मौत



नवीन मेल संवाददाता

साहिबगंज। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभापुर डेरा के समीप बीती रात एनएच-80 पर सड़क दुर्घटना हुई। जिससे मौके पर ही बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। मृतक शोभनपुर भट्ठा और तालबन्ना मोहल्ला के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार शोभापुर भट्ठा निवासी देवानंद यादव के 18 वर्षीय पुत्र बादल कुमार यादव और तालबन्ना मोहल्ला निवासी राजकुमार यादव का 23 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार यादव मोटरसाइकिल से महादेवगंज शादी समारोह में जा रहा था। जनकारी के अनुसार शोभापुर डेरा के समीप सामने से आ रहे बड़े वाहन के हेडलाइट की रोशनी से बाइक सवार अचंभित हो गए थे। जिसके कारण मोटरसाइकिल एनएच-80 के किनारे पीपल के पेड़ से जा टकराया। जिसके कारण दोनों युवक की मौत हो गई।

मामले की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल और नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों युवक को सदर अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम करने के बाद दोनों युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया।

ट्रेलर हादसे में चालक और खलासी की मौत

हजारीबाग। जिले के चौपारण थाना क्षेत्र की दनुआ घाटी में मंगलवार को सड़क हादसे में ट्रेलर के चालक और उपचालक की मौत हो गई। सरिया लोड कर बोकारो से बिहार जा रहा ट्रेलर जोड़रही पुल के पास अनियंत्रित होकर लगभग 60 फीट गहरी खाई में गिर गया था। जानकारी के अनुसार, ट्रेलर को पंकज कुमार (35) चला रहे थे, जो भोजपुर (बिहार) के हखरकपुर निवासी बृजनंदन यादव के पुत्र थे। दुर्घटना में उपचालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इधर, दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा पर सवाल उठाया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची। सर्वसाधारण के लिए सूचना।

नाम–संदीप कुमार महतो, उम्र–25 वर्ष, उँचाई–4 फीट, 5 ईंच, रंग–साँवला, पहनावा–शर्ट–पैंट एवं स्वेटर पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति संदीप कुमार महतो, सा0–चुटटु, पो0–नेवरी विकास, थाना–बी0आई0टी0 मेसरा ओ0पी0, जिला–राँची जो दिनांक–14.02.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में बी0आई0टी0 मेसरा ओ0पी0 सन्हा सं0–15/2026, दिनांक–15.02.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। – 9431706571

थाना प्रभारी बी0आई0टी0 मेसरा ओ0पी0, राँची। – 6201588495

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 374652 Police(25-26)D

पाकुड़ में मांग को लेकर विस्थापितों का धरना

कोल खनन और परिवहन को विस्थापितों ने किया ठप

पाकुड़। जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक के सैकड़ों विस्थापित परिवार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और बीजीआर कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। विस्थापित परिवार कोयला खनन और परिवहन का कार्य भी अनिश्चितकाल के लिए बंद कराते हुए कोल कंपनी के कार्यालय के सामने धरना पर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन कर रहे विस्थापित परिवार में महातान टुडू ने बताया कि कोल कंपनी ने खनन कार्य चालू करने से पहले आश्वासन दिया था कि इस क्षेत्र में विकास कार्य होगा। यहां के बच्चे शिक्षित होंगे और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होने के साथ-साथ बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के अलावा कई अन्य सुविधाएं गांव में बहाल की जाएगी। कोयला खनन कार्य चालू होने के वर्षों बीत गए, लेकिन इस क्षेत्र का न तो कोई विकास हुआ और न ही वादे के मुताबिक कोई कार्य किया गया। विस्थापितों ने बताया कि अनुश्रवण एवं नियंत्रण कार्य समिति के बैनर तले सोमवार से कोल कंपनी का खनन कार्य और परिवहन पूरी तरह ठप कर दिया गया है। चिकित्सा के लिए सुविधायुक्त अस्पताल, शिक्षा के लिए प्लस टू तक का स्कूल, रोजगार देने और नौकरी कर रहे ग्रामीणों को उचित वेतनमान होना चाहिए।

कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला

गुमला नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत बिहार/झारखण्ड सहाकारी समितियाँ अधिनियम–1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित एवं वर्त्तमान में कार्यरत समितियों के लिए वर्ष 2026–27 की अवधि में अपने कार्यक्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित जलकरों के अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित आवश्यक सूचना।

प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि :– 18.03.2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026–27 की अवधि हेतु गुमला नगर परिषद क्षेत्र के ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है, जिनकी बन्दोबस्ती अवधि 31 मार्च 2026 को समाप्त हो रही है या जो पूर्व से अबन्दोबस्त है। संबंधित जलकरों की सूची निम्नवत है :–

1. करमटोली तालाब, करमटोली, गुमला
2. चेटर तालाब, चेटर, गुमला
3. गुमला सरना टोली तालाब, मुरली बगीचा, गुमला
4. भट्ठी तालाब, सिसई रोड, गुमला

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम–1935 एवं 1996 के अन्तर्गत निबंधित समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तदनुरूप गुमला नगर परिषद अंतर्गत कार्यरत सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियाँ/स्वावलंबी मत्स्य जीवी सहयोग समितियों से वर्ष 2026–27 की अवधि के लिए अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु उपलब्ध (सूचीगत) ऐसे जलकरों जो प्रस्तावत समिति के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित है की सुरक्षित जमा राशि पर अल्पकालीन बन्दोबस्ती (वर्ष 2026–27) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

प्रस्ताव के साथ निम्नवर्णित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है :–

1. सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा वर्त्तमान कैलेन्डर वर्ष में निर्गत स्वच्छता प्रमाण–पत्र।
2. आमसभा की कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
3. अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
4. विशेष आमसभा/निर्वाचन कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व से बन्दोबस्त जलकरों की वितरण सूची (वर्षवार)।
6. पूर्व के बकायेदार नहीं रहने संबंधी प्रमाण–पत्र।
7. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
8. सदस्यता सूची सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, गुमला के द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में अवस्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की अर्हता पूरी करती हो, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम् बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती की जाएगी।

बन्दोबस्ती का प्रस्ताव (स्वच्छता–प्रमाण–पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज के साथ) दिनांक 18.03.2026 तक कार्यालय अवधि में गुमला नगर परिषद कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा, उनके खुले डाक से बन्दोबस्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 374662 District(25-26).D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–97/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 24.03.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.03.2026 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.03.2026 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू०)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	अग्रधन की राशि (रू०)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Renovation of CD Type Qtr. No. -564 (Second Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	6,26,500.00	1250.00	13000.00	1 Month
2	Renovation of "B" Type Qtr. No. -2133 (F. Fl.) in Secto-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi	3,37,300.00	750.00	7000.00	1 Month
3	Renovation of Dresser & Compounder Quarter No.-119 (G. Fl.) Located at Doctor's Colony attached to RIMS, Ranchi	4,45,700.00	750.00	9000.00	1 Month
4	Renovation of Canteen and Fixing of G.I. sheet Shed in Engineering Hostel Campus at HEC, Dhurwa, Ranchi	17,55,300.00	5000.00	35500.00	2 Months
5	Renovation of Room No.-418A and 419 (Office of the Engineer in Chief and Cell, Road Construction Department) at 4th Floor Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi	22,69,200.00	5000.00	45500.00	1 Month
6	Renovation of outer surface of Russian Hostel Part-I at Old Vidhan Sabha Bhawan Campus, Dhurwa, Ranchi	48,36,700.00	5000.00	97000.00	1 Month

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 374596 Building (25-26)_D

हमला ईरान पर संकट भारतीयों पर

इंडिया

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अमेरिका की वर्चस्ववादी राजनीति के नए प्रमुख भले बड़बोले और अविश्वसनीय ट्रंप हों पूर्व में ईराक पर किए हमले अफगानिस्तान को भस्मासुर बनाने जैसे अनेक उदाहरण हैं जो प्रत्यक्ष दिखते हैं जबकि एशिया के अनेक देशों को बर्बाद करने या उलझाने में अमेरिका और कथित साम्यवादी चीन की ही भूमिका रही है जो अभी भी बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, माली से लेकर नेपाल और भारत में अपने भाड़े के लोगों से भावनात्मक मुद्दे सुलगाते रहते हैं ताकि ये सभी देश अंदरूनी कलह में उलझकर कटोरा लेकर खड़े रहें और सहायता के नाम पर इन्हें ऋण के जाल में फंसाया जाए। इन सभी देशों में जनता जाति,धर्म,क्षेत्र और पहचान के मुद्दे पर तो आपस में लड़ाई करती है पर विकसित देशों के तौर तरीके सीखना नहीं चाहती। यही कारण है भारत की प्रतिभाएं पड़ोसी राज्यों से लेकर देस विदेशों तक पलायन करती रहीं हैं वर्तमान युद्ध में पश्चिम एशियाई संघर्ष और प्रवासी भारतीयः लड़ाई लंबी चली तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर संभव है । वर्तमान में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई की हत्या और खाड़ी में ईरान की मिसाइल तथा ड्रोन हमलों के रूप में सामने आया, ने अचानक लगभग एक करोड़ भारतीय प्रवासियों के लिए संकट पैदा कर दिया है। पीढ़ियों से, खाड़ी देश प्रवासी भारतीयों के लिए बेरोजगारी से बचने और परिवार की खुशहाली का एक मजबूत सहारा रहे हैं। लेकिन इस युद्ध से खाड़ी देशों की सुरक्षा, स्थिरता और स्थायित्व का वह भ्रम टूट गया है। झारखंड के भी हजारों लोगों के सामने रोजगार और सुरक्षा का सवाल है। वहां उन्हें परेशानी खाने पीने की नहीं पर भविष्य के लिए सभी आशंकित हैं।पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान, भारतीय मीडिया का ध्यान मुख्य रूप से यूएई के चमकदार शहरों में अपने प्रवासियों पर रहा है। ये शहर ईरान के कुछ सबसे तीव्र हमलों का सामना कर चुके हैं। संघर्ष के शुरुआती चरण में सैकड़ों मिसाइलों व ड्रोन से हमले किए गए, जिनमें कई बार आवासीय और व्यावसायिक इलाकों जैसे प्रमुख नागरिक इलाकों या उनके आसपास के क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। भारतीय प्रवासी यूएई के सभी सात अमीरातों (अबू धाबी, दुबई, शारजाह, अजमान, उम अल कुवैन, रास अल खैमाह और फुजैराह) में फैले हुए हैं, न कि केवल बड़े शहरों में। खाड़ी के अन्य देशों, जैसे सऊदी अरब, कतर, बहरीन और कुवैत में सैन्य ठिकानों को भी बड़े पैमाने पर निशाना बनाया गया। सऊदी रक्षा व्यवस्था ने कई जगहों पर हमलों को रोका, जिससे बड़े खतरे के बावजूद उन पर कम ध्यान गया।शुरुआती तेल से आई समृद्धि के दौरान केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों के लोग वहां जाते थे, पर अब उत्तर भारत से अधिक लोग जाते हैं। करीब 2011-2012 से, उत्तर प्रदेश खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों में कामगारों को भेजने वाला एक बड़ा राज्य बन गया है, जिसके ठीक बाद बिहार का नंबर आता है। प्रवासन के आंकड़ों और अध्ययनों के अनुसार, बिहार के साथ-साथ गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, देवरिया, कुशीनगर जैसे पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों से भी लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। वर्ष 2024 में प्रकाशित राजेश कुमार और अजयियु नियामाई का एक शोध पत्र द ईस्टर्न एंथ्रोपोलॉजिस्ट इस बदलाव पर रोशनी डालता है- 'ऑयल बूम' की शुरुआत में, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिण भारतीय राज्य सबसे ज्यादा प्रवासी भेजने वाले राज्य थे, पर बाद में, उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे उत्तर भारतीय राज्यों से प्रवासन तेजी से बढ़ा। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार से आने वाले नए लोग अक्सर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं, और ज्यादा देर तक काम करने की इच्छा दिखाते हैं और उनकी अनुपस्थिति भी कम होती है। वे निर्माण, राजमिस्त्री और कठिन श्रम के क्षेत्र में वर्चस्व बनाए हुए हैं, विशेष रूप से उत्तरी अमीरात में, जहां जीवनयापन की लागत कम होने से मामूली वेतन में भी गुजारा चल जाता है। भारत ने हाल ही में 135 अरब डॉलर से अधिक व्यक्तिगत रेमिटेंस दर्ज किया है, जिससे दुनिया में सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले देश के तौर पर उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। जीसीसी के देश (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई) इस कुल रकम का लगभग 35-40 फीसदी, या हर साल लगभग 50 अरब डॉलर भेजते हैं। इसमें अकेले यूएई का हिस्सा लगभग 19 प्रतिशत (25 अरब डॉलर से अधिक) है। यह पैसा उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल और अन्य राज्यों के परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करके शिक्षा, आवासीय ऋण, कर्ज चुकाने और रोजमर्रा के खर्चों की जरूरतों को पूरा करता है। यदि यह संघर्ष लंबे समय तक चला, तो रोजगार पर असर पड़ सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग लौट सकते हैं, तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्थाएं कमजोर पड़ सकती हैं, जिससे खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले पैसे में कमी आ सकती है और तेल की कीमतों में वृद्धि से भारत पर राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। यूएई, जो विदेश में भारतीय समुदाय का सबसे बड़ा (लगभग 40 लाख) घर है, पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। ऐसे में, कामगारों को कौशल विकास, बचत और स्थानीय आय के स्त्रोत के दूसरे विकल्प खोजने होंगे, ताकि प्रवासन अब एकमात्र जीवनरेखा न रहे। यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों ने चेतावनी, बुनियादी ढांचे की सक्रियता और लोगों की मदद से तेजी से काम किया है। फिर भी, सुरक्षित जगहों पर रह रहे पेशेवरों या जमे-जमाए व्यवसायियों की तुलना में, खुले क्षेत्र (कंस्ट्रक्शन, पोर्ट लॉजिस्टिक्स) में काम करने वाले मजदूरों को ज्यादा खतरा होता है। कम्युनिटी नेटवर्क जरूरी है। केरल और तेलंगाना जैसे राज्य प्रवासियों के लिए समर्पित हेल्पडेस्क चलाते हैं। केरल तथा आंध्र प्रदेश में भी विदेश में रहने वाले प्रवासियों के लिए समर्पित एजेंसियां हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला प्रशासन ने भी पश्चिम एशिया में फंसे प्रवासियों के परिवारों के लिए एहतियाती हेल्पलाइन जारी की है। विदेश मंत्रालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम करता है। सामुदायिक समूहों के माध्यम से मजबूत संबंध बनाकर नियोक्ता या दूतावास पंजीकरण के माध्यम से संकट के समय तेजी से मदद करते हैं। कई भारतीयों के लिए खाड़ी के देश परिवार का सहारा, कर्ज से राहत और दीर्घकालीन सुरक्षा के लिए उपयुक्त विकल्प है। शायद इसी कारण महेश सिंह जैसे व्यवसायी समेत ज्यादातर भारतीय प्रवासी वहीं रहना पसंद करते हैं। वहां से लोगों को बाहर निकालना आखिरी रास्ता है, समाधान नहीं। भारत को उन जगहों पर सुरक्षा की मजबूती को प्राथमिकता देनी चाहिए, जहां भारतीय प्रवासी रहते और काम करते हैं।

विचार प्रवाह

अनंत परमेश्वर के साथ की प्रेमलीला ही सर्वोच्च है। आपको कल्पना भी नहीं है कि जीवन कितना सुंदर हो सकता है। जब आप अचानक ईश्वर को सर्वत्र पाते हैं, जब वे आपको दर्शन देते हैं और आपसे बातें करते हैं और आपका मार्गदर्शन करते हैं, तब ईश्वरीय प्रेमलीला शुरु हो जाती है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

स्वच्छता ही सेवा है का सीख देती है शीतलाष्टमी

आज की बात

अशोक 'प्रवृद्ध'

> पौराणिक कथा के अनुसार एक बार जब पृथ्वी पर ज्वर और चेचक का प्रकोप बढ़ा, तब माता पार्वती ने शीतला रूप धारण कर भक्तों के कष्टों को हरा और उन्हें आरोग्य का वरदान दिया। माता शीतलता का प्रतीक है। शीतलता शब्द का अर्थ ही शीतलता प्रदान करने वाली है। इस दिन चूल्हा न जलाने और बासी भोजन अर्थात ठंडा भोजन ग्रहण करने की परंपरा है।

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतलाष्टमी व्रत मनाये जाने की पौराणिक परिपाटी है। शीतलाष्टमी को जनसाधारण में बसोड़ाभी कहा जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य और आयुर्वेद की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कंद पुराण में मां शीतला का विस्तृत वर्णन अंकित है। इन्हें भगवती दुर्गा का ही एक शक्ति अवतार माना जाता है, जो रोगों और चेचक या छोटी माता जैसे संक्रामक बीमारियों को दूर करने वाली देवी हैं। शीतला माता का स्वरूप वर्णन करते हुए पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है कि माता शीतला गर्दभ पर सवार रहती हैं। उनके एक हाथ में कलश अर्थात शुद्ध जल का प्रतीक, दूसरे में मार्नी या झाड़ू अर्थात स्वच्छता का प्रतीक, तीसरे में सूप अर्थात वायु शुद्धि का प्रतीक और चौथे हाथ में नीम के पत्तेहोते हैं। यह स्वरूप स्पष्ट रूप से स्वच्छता और आरोग्य का संदेश देता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार जब पृथ्वी पर ज्वर और चेचक का प्रकोप बढ़ा, तब माता पार्वती ने शीतला रूप धारण कर भक्तों के कष्टों को हरा और उन्हें आरोग्य का वरदान दिया। माता शीतलता का प्रतीक है। शीतलाशब्द का अर्थ ही शीतलता प्रदान करने वाली है। इस दिन चूल्हा न जलाने और बासी भोजन अर्थात ठंडा भोजन ग्रहण करने की परंपरा है। यह इस बात का संकेत है कि अब ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो रहा है और अब से ताजा व सुपाच्य भोजन ही स्वास्थ्य के लिए उत्तम होगा। यह ऋतु परिवर्तन का काल है और स्वास्थ्य व वैज्ञानिक दृष्टि से यह पर्व संधि काल अर्थात मौसम बदलने के समय पर आता है। इस समय संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

माता की पूजा और नीम के पत्तों का प्रयोग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और वातावरण को कीटाणुमुक्त रखने की प्रेरणा देता है। इसमें बासोड़ा अर्थात ठंडा भोजन नैवेद्य के रूप में प्रयोग में लाये जाते हैं। सप्तमी की रात को ही विशेष पकवान, जैसे- मीठे चावल, राबड़ी, पुए आदि बनाए जाते हैं और अष्टमी के दिन माता को इनका भोग लगाया जाता है। यह स्वच्छता का संदेश देता है। इस दिन घर की सफाई की जाती है और शीतला माता के मंदिर जाकर जल अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि शीतला माता की कृपा से कुल के सभी रोग और दोष दूर हो जाते हैं। शीतलाष्टमी का पर्व हमें सिखाता है कि स्वच्छता ही सेवाहै और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहना ही लंबी आयु और निरोगी काया का आधार है।

वर्ष 2026 में शीतला अष्टमी (बसोड़ा) 11 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि का प्रारंभ 11 मार्च 2026 दिन बुधवार रात्रि 01:54 बजे होगा और समापन 12 मार्च 2026 दिन बृहस्पतिवार कोप्रातः 04:19 बजे होगा। पूजा का शुभ समय 11 मार्च को सुबह 06:36 पूर्वाह्न से शाम 06:27 अपराह्न

तक माना गया है। इस दिन सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जो सुबह 09:12 के बाद प्रभावी होगा। शीतला माता की सबसे प्रचलित पौराणिक कथा एक निर्धन बुढ़िया और एक राजा के नगर से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार एक राजा के नगर में भीषण आग लग गई। पूरा नगर जलकर राख हो गया, लेकिन एक निर्धन कुम्हारिन की झोपड़ी सुरक्षित बच गई। राजा ने आश्चर्यचकित होकर इसका कारण पूछा, तो कुम्हारिन ने बताया कि उसने शीतला अष्टमी का व्रत किया था और माता को बासी (ठंडा) भोजन अर्पित किया था। माता उसकी भक्ति से प्रसन्न थीं और उन्होंने अपनी शीतलता से उसकी झोपड़ी की रक्षा की। राजा को अपनी भूल का आभास हुआ कि उसने और उसके नगरवासियों ने माता का निरादर किया था। इसके बाद राजा ने पूरे राज्य में घोषणा करवाई कि चैत्र कृष्ण अष्टमी के दिन कोई चूल्हा नहीं जलाएगा और सभी माता को बासी भोजन का भोग लगाकर उनकी पूजा करेंगे। मान्यता है कि जो भी भक्त इस दिन ठंडे जल से स्नान कर बासी भोजन (जैसे मीठे चावल, राबड़ी) का भोग लगाता है, उसके घर में चेचक (माता), हैजा और ज्वर जैसे रोग प्रवेश नहीं करते। इसकी पूजा विधि के मुख्य नियम में अष्टमी के दिन घर में अग्नि प्रज्ज्वलित करना वर्जित माना जाता है। माता को एक दिन पूर्व सप्तमी को बना हुआ भोजन ही अर्पित किया जाता है, जिसे बसोड़ा कहते हैं। पूजा के बाद उस जल को घर के कोनों में छिड़कना शुभ माना जाता है, जो नकारात्मकता को दूर करता है।

यूं तो शीतला अष्टमी का मुख्य पर्व चैत्र मास में मनाया जाता है, लेकिन इसके बाद आने वाले वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ महीनों में भी माता की विशेष पूजा की जाती है, जिसके पीछे गहरे धार्मिक, ऋतु-संबंधी और वैज्ञानिक कारण हैं। यहग्रीष्म ऋतु और संक्रामक रोगों का प्रकोप के समय का सूचक है। तापमान में वृद्धि होती है।चैत्र से आषाढ़ तक का समय उत्तर भारत में भीषण गर्मी का होता है। यह बीमारियों का समय होता है। इन महीनों में चेचक, खसरा, हैजा और त्वचा संबंधी रोगों का प्रकोप सबसे अधिक होता है। ऐसे समय में माता शीतला आरोग्य की देवी के रूप में सामने आती हैं। माता शीतला को इन तापजन्य अर्थात गर्मी से होने वाले रोगों की अधिष्ठात्री देवी माना गया है, इसलिए पूर्ण ग्रीष्म काल के दौरान उनकी निरंतर उपासना की जाती है ताकि परिवार इन महामारियों से सुरक्षित रहे। इसके साथ शीतला जुड़वास और स्थानीय परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं, जिससे ज्येष्ठ मास का महत्व प्रकट होता है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान के ग्रामीण अंचलों सहित देश के कुछ क्षेत्रोंमें, ज्येष्ठ की तपती गर्मी में शीतला जुड़वासत्योहार मनाया जाता है। इसका उद्देश्य तपती धरती और शरीर को शीतलता प्रदान करना होता है। इसकी मासिक उपासना भी प्रचलन में है। कुछ समुदाय प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी और चतुर्दशी को माता की पूजा करते हैं, जिसमें चैत्र मास की अष्टमी सबसे प्रमुख मानी जाती है। यहऋतु संधि और स्वच्छता का संदेश देती है। आषाढ़ मास ग्रीष्म और वर्षा ऋतु का मिलन विन्दु है। वर्षा के आगमन के इस संधि काल में वातावरण में कीटाणु तेजी से पनपते हैं। माता के हाथों में झाड़ू और कलश स्वच्छता का प्रतीक हैं। इन महीनों में उनकी पूजा भक्तों को साफ-सफाई बनाए रखने और बासी या दूषित भोजन से बचने की निरंतर याद दिलाती है। स्वच्छता की प्रेरणा देती है।

स्कंद पुराण के अनुसार ब्रह्मा ने माता शीतला को पृथ्वी पर आरोग्य और स्वच्छता की रक्षा का उत्तरदायित्व सौंपा था। चूंकि गर्मी का प्रभाव केवल चैत्र तक सीमित नहीं रहता, इसलिए अगले तीन महीनों तक उनकी विशेष साधना की परंपरा बनी रही। यह केवल एक तिथि का पूजन नहीं, बल्कि भीषण गर्मी के चार महीनों (चैत्र-आषाढ़) में स्वास्थ्य और शीतलता बनाए रखने का एक आध्यात्मिक सुरक्षा चक्र है। चैत्र मास के अतिरिक्त वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ महीनों में शीतला माता की पूजा के पीछे मुख्य कारण भीषण ग्रीष्म ऋतु और उससे उत्पन्न होने वाले रोगों से सुरक्षा है। इन चारों महीनों में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतला माता की पूजा का विधान है। इन चार महीनों में गर्मी अपने चरम पर होती है, जिससे चेचक खसरा और हैजा जैसी महामारियों का खतरा बढ़ जाता है। माता की पूजा स्वच्छता और शरीर को ठंडा रखने की प्रेरणा देती है। कुछ समुदायों में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को भी शीतला माता की विशेष पूजा की जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

मनुष्य का 'मूल' स्वभाव-उसका परमानंद स्वरूप होना

स्वामी चिन्मयानंद

बचपन का शरीर व वर्तमान शरीर एक समान नहीं हैं। हमारे कल के विचार आज के विचारों से भिन्न हैं। कल हम शांत थे, आज सम्भवतः अत्यधिक सक्रिय हैं। बाल्यावस्था का व्यक्तित्व व आज का व्यक्तित्व भी पूर्णतः भिन्न हैं। फिर भी इन सतत परिवर्तनों के मध्य एक नित्य चेतना विद्यमान रहती है - जो स्वयं कभी परिवर्तित नहीं होती। वही प्रत्येक परिवर्तन की साक्षी है - वही आत्मा है। दैनिक अनुभवों में सदैव एक अनुभवकर्ता तथा एक अनुभूत वस्तु रहती है। उदाहरणार्थः "मैं" (अनुभवकर्ता) किसी ग्रन्थ को देख रहा हूँ (अनुभूत वस्तु)। "मैं" इस कंप्यूटर को देख रहा हूँ। अनुभवकर्ता सदैव अनुभूत वस्तु से भिन्न होता है। क्या हम सब अपने शरीर की अवस्था, मन की मनोदशा, तथा बुद्धि के विचार-परिवर्तन को जानते हैं। यदि हम शरीर,मन तथा बुद्धि के परिवर्तनों से परिचित हैं, तो स्पष्ट है कि हम इन सबके साक्षी हैं; ये सभी हमारे द्वारा अनुभूत वस्तुएँ हैं, हमारे समान नहीं। मनुष्य का 'मूल' स्वभाव-उसका वास्तविक धर्म-अनन्त तथा परमानंद स्वरूप आत्मा होना है। यद्यपि व्यवहार में वह स्वयं को केवल शरीर-मन-बुद्धि के संयोजन के रूप में मान लेता है। सभी शोक, विक्षेप, पश्चात्ताप, निराशा, आसक्ति तथा पीड़ाएं इन्हीं शरीर-मन-बुद्धि से उत्पन्न होकर उस मिथ्या अहं को ही फलस्वरूप प्राप्त होते हैं, जो स्वयं को इनसे जोड़े रखता है। प्रथम दृष्टि में इस श्लोक को पढ़ पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान हमसे सभी धर्मों या कर्तव्यों का परित्याग कर केवल उनकी शरण मांग रहे हैं। यद्यपि इसका अर्थ कहीं अधिक गहन है।

-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)

युद्ध में महिलाओं की स्थिति व उन पर अत्याचार

आपकी बात

वीणा देवांगन

युद्ध केवल दो देशों या सीमाओं के बीच का संघर्ष नहीं होता, वह मनुष्य के भीतर छिपे प्रकाश और अंधकार के बीच का भी टकराव होता है। जब युद्ध छिड़ता है, तो केवल गोलियां और बम ही नहीं चलते, बल्कि नैतिक मूल्य भी टूटने लगते हैं। सभ्यता, संस्कृति और मानवीय संवेदनाएं, जिन पर समाज खड़ा होता है, वे हिलने लगती हैं। और इस टूटन का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि युद्ध की परिस्थितियों में महिलाएं सबसे अधिक असुरक्षित हो जाती हैं। वे केवल संघर्ष की दर्शक नहीं होतीं, बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में उसकी सबसे बड़ी पीड़िता बनती हैं। कई बार उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जाता है, क्योंकि स्त्री को समाज की अस्मिता का प्रतीक माना जाता है। किसी समुदाय को अपमानित करने के लिए उसकी महिलाओं को अपमानित करना, यह सोच स्वयं में मानवता के पतन का प्रमाण है। आधुनिक युग में भी यह त्रासदी समाप्त नहीं हुई है। रूस यूक्रेन के युद्ध में लाखों महिलाएं और बच्चे विस्थापित हुए, उन्हें अपने घर, अपने शहर और अपनी पहचान तक छोड़नी पड़ी। सीरिया के लंबे गृहयुद्ध ने अनगिनत महिलाओं को शरणार्थी शिविरों में असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर किया। अफगानिस्तानमें सत्ता परिवर्तन के बाद महिलाओं की शिक्षा और स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंधों ने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध और राजनीतिक अस्थिरता का सबसे पहला प्रभाव स्त्रियों के अधिकारों पर पड़ता है। युद्ध के दौरान महिलाओं पर होने वाले अत्याचार केवल शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं रहते। उनका मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक शोषण भी उतना ही गहरा होता है। एक महिला, जो कल तक अपने परिवार की धुरी थी, अचानक विस्थापन, भूख, भय और असुरक्षा के बीच खड़ी मिलती है। वह अपने बच्चों को सुरक्षित रखने की चिंता में हर क्षण जीती है। कई बार उसे अपने प्रियजनों की मृत्यु या लापता होने की खबर का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों में उसका दर्द केवल व्यक्तिगत नहीं रहता, बल्कि वह सामूहिक पीड़ा का रूप ले लेता है। जब युद्ध के दौरान स्कूलों और शिक्षा संस्थानों पर हमला होता है, तो यह केवल इमारतों का विनाश नहीं होता, बल्कि भविष्य पर प्रहार होता है। लड़कियों की शिक्षा बाधित हो जाती है, जिससे उनका आत्मनिर्भर बनने का मार्ग रुक जाता है। शिक्षा के बिना उनका आत्मविश्वास कमजोर होता है और समाज में उनकी स्थिति और अधिक असुरक्षित हो जाती है। इस प्रकार युद्ध वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों की संभावनाओं को भी अंधकारमय कर देता है। सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि ऐसा क्यों होता है? क्यों मनुष्य अपने ही समान दूसरे मनुष्य के साथ इतनी क्रूरता करता है? इसका उत्तर सत्ता की लालसा और अहंकार में छिपा है। जब व्यक्ति या राष्ट्र सत्ता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करता है, तो वह धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को पार करने लगता है। "दुश्मन" की छवि इतनी प्रबल कर दी जाती है कि सामने वाला इंसान नहीं, केवल एक लक्ष्य बनकर रह जाता है। इस मानसिकता में करुणा और संवेदना के लिए स्थान नहीं बचता। युद्ध के समय मनुष्य अपने भीतर के नैतिक दर्पण को ढक देता है। वह भूल जाता है कि जिस स्त्री पर अत्याचार किया जा रहा है, वह भी किसी की माँ, बेटी या बहन है। यह विस्मृति ही युद्ध का सबसे भयावह रूप है-जब मानव अपनी ही मानवता से दूर हो जाता है। फिर भी आशा पूरी तरह समाप्त नहीं होती। अनेक संघर्ष क्षेत्रों में महिलाओं ने ही शांति की पहल की है। उन्होंने राहत कार्यों में भाग लिया, शिक्षा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया और टूटे हुए समुदायों को जोड़ने का काम किया। यह दर्शाता है कि स्त्री केवल पीड़िता नहीं, बल्कि परिवर्तन की सशक्त वाहक भी है। यदि शांति प्रक्रियाओं और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को समान भागीदारी मिले, तो समाज का पुनर्निर्माण अधिक संवेदनशील और न्यायपूर्ण हो सकता है। अंततः युद्ध में महिलाओं की स्थिति हमें यह सोचने के लिए विवश करती है कि वास्तविक विजय क्या है।

(veenavlogs@gmail.com)

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

धुआं, धमाके, चीख और सिसकी, फिर सब चुप।
दुनिया भर में बस यही, बाकी घुप्पाघुप्प।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

संसद में हंगामा और वास्तविक मुद्दों से भटकती राजनीति

अलग बात

कांतिलाल मांडोत

लोकतंत्र में संसद केवल बहस का मंच नहीं होती बल्कि वह देश की सामूहिक बुद्धि और जिम्मेदारी का प्रतीक भी होती है। यहा लिए गए निर्णय देश की दिशा तय करते हैं और यहां होने वाली चर्चाएं करोड़ों लोगों की उम्मीदों से जुड़ी होती हैं। इसलिए जब संसद में गंभीर विषयों पर विचार के बजाय लगातार हंगामा और टकराव देखने को मिलता है तो स्वाभाविक रूप से जनता के मन में निराशा पैदा होती है। हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जो स्थिति देखने को मिली उसने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या राजनीतिक दल वास्तव में राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करना चाहते हैं या फिर संसद को केवल राजनीतिक रणनीति का मंच बना दिया गया है। सोमवार को संसद के सत्र में अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि इस अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के असर पर संसद में विस्तृत चर्चा कराई जाए। यह मांग अपने आप में गलत नहीं कही जा सकती क्योंकि मध्य पूर्व की घटनाओं का असर भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ सकता है। भारत के लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं और तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में इस विषय पर चर्चा की मांग को पूरी तरह असंगत नहीं कहा जा सकता। लेकिन जिस तरीके से विपक्ष ने इसे लेकर संसद की कार्यवाही बाधित की उसने इस मांग की गंभीरता पर ही सवाल खड़े कर दिए। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति ऐसी बन गई कि महज कुछ ही मिनटों में सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब विदेश मंत्री ऽसुभरमन्यम जयशंकर ने इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखने के लिए बयान देना शुरू किया तो भी विपक्ष ने विरोध जारी रखा। विपक्ष का कहना था कि मंत्री के बयान से पहले इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए ताकि वे सरकार से सवाल पूछ सकें। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि पहले मंत्री का वक्तव्य सुना जाए और उसके बाद चर्चा हो सकती है। इस टकराव के बीच सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई और अंततः पूरे दिन कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। इस पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू सामने आया। विपक्ष ने पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। संसदीय परंपरा के अनुसार जब ऐसा प्रस्ताव आता है तो उसे सदन में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि उस पर चर्चा हो सके। लेकिन जब सभापति जगदम्बिका पाल ने विपक्ष से प्रस्ताव पेश करने के लिए कहा तो विपक्ष ने ऐसा करने से परहेज किया और हंगामा जारी रखा। इससे यह संदेश गया कि विपक्ष स्वयं अपने प्रस्ताव को लेकर स्पष्ट नहीं है और उसकी प्राथमिकता वास्तविक बहस से अधिक राजनीतिक दबाव बनाना है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने भी इसी बात को उठाते हुए कहा कि विपक्ष खुद ही कंफ्यूज है कि वह करना क्या चाहता है। उनका तर्क था कि पहले स्पीकर के खिलाफ नोटिस दिया गया और फिर दूसरा मुद्दा उठाकर हंगामा किया जा रहा है। दूसरी ओर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मध्य पूर्व में तेजी से बदल रहे हालात का भारत पर असर पड़ रहा है इसलिए इस पर चर्चा जरूरी है। उनके अनुसार तेल की कीमतों में वृद्धि और खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर हैं और सरकार को इस पर स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

सुविधाओं के अभाव की दर्दनाक तस्वीर, गांव में नेटवर्क नहीं, एंबुलेंस भी दूर

बीमार को खटिया पर एक किमी ढोकर पहुंचाया अस्पताल

- **परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को फोन करने की कोशिश की, लेकिन गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से संपर्क नहीं हो सका**

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। प्रखंड के टीनगिना पंचायत अंतर्गत डोंगीझरिया गांव में मूलभूत सुविधाओं की कमी एक बार फिर दर्दनाक तरीके से सामने आई है। सोमवार देर रात करीब 2:30 बजे गांव की निवासी दुती देवी (पति अमृतदास सिंह) की अचानक तबीयत बिगड़ गई। पैरों में तेज दर्द होने के कारण वह चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गईं। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा को फोन करने की कोशिश की, लेकिन गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। मजबूरन ग्रामीणों ने दर्द से कराहती महिला को खटिया पर लिटाकर करीब एक किलोमीटर तक ढोते हुए मुख्य सड़क तक पहुंचाया, जहां से निजी वाहन की व्यवस्था कर उन्हें इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। गौरतलब है कि डोंगीझरिया गांव हाल ही में बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर चर्चा में आया था। ग्रामीणों ने गांव में सड़क, पुल, पीने का पानी, मोबाइल नेटवर्क और नियमित बिजली जैसी सुविधाओं की कमी को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया था। मामला जब अखबारों और सोशल मीडिया में सामने आया, तब सिमडेगा की उपायुक्त कंचन सिंह के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने स्वयं गांव पहुंचकर हालात का जायजा लिया था। इसके बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। बीडीओ के कहने पर ग्रामीणों ने कुछ सप्ताह पूर्व मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन भी सौंपा था।ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में सड़क और मोबाइल नेटवर्क की सुविधा होती, तो एक बीमार महिला को आधी रात में इस तरह खटिया पर ढोकर सड़क तक ले जाने की नौबत नहीं आती।

स्वास्थ्य और कृषि योजनाओं की समीक्षा बैठक

डीसी ने अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, कृषि और भूमि संरक्षण विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान आईटीडीए विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। इसमें अनुसूचित जनजाति के 13, अनुसूचित जाति के 1 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 23 आवेदनों को स्वीकृति दी गई। विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए 3 हजार से 10 हजार रुपये तक तथा कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए 25 हजार रुपये तक की सहायता स्वीकृत की गई। कुल 1 लाख 38 हजार 500 रुपये की राशि स्वीकृत की गई। उपायुक्त ने शेष आवंटन की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया।कृषि विभाग की बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा आत्मा योजना के तहत किसानों के प्रशिक्षण, राज्य व अंतरराज्यीय भ्रमण, कृषक मेला, बीज वितरण और मानदेय भुगतान सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई। भूमि संरक्षण विभाग के तहत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं पंप सेट वितरण योजना के लिए लाभुकों की सूची को भी स्वीकृति प्रदान की गई।इसके अलावा आरकेवीवाई एवं रफ्तार योजना के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत कृषि उपकरण बैंक के माध्यम से किसानों को 50 से 60 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में कृषक पाठशाला के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पोल्ट्री फार्म में हो रहे अंडा उत्पादन को आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन सामाद, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, मो. समी आलम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अंतरराज्यीय प्रशिक्षण के लिए किसानों का दल नोएडा रवाना

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त कंचन सिंह ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के जिला कृषि कार्यालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत आयोजित अंतरराज्यीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम के लिए चयनित किसानों के दल को ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर के लिए रवाना किया। उपायुक्त ने बस को हरी झंडी दिखाकर किसानों को शुभकामनाएं दी और कहा कि किसान वहां से उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी लेकर जिले में आधुनिक खेती को बढ़ावा दें।यह प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम 10 मार्च से 17 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान किसान ग्रेटर नोएडा और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत संचालित आधुनिक बागवानी तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों तथा सफल कृषि मॉडल का अध्ययन करेंगे और विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पो सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

अवैध खनिज परिवहन पर खनन विभाग की कार्रवाई तेज, चिप्स लदा ट्रैक्टर जब्त

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सदर थाना क्षेत्र के सोनारटोली के समीप खनन विभाग की टीम ने बिना वैध चालान के स्टोन चिप्स ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, खनन विभाग को सदर थाना क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर खनन निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने सोनारटोली के पास जांच अभियान चलाया।जांच के दौरान चिप्स से लदे एक ट्रैक्टर को रोककर वाहन चालक से खनिज परिवहन से संबंधित वैध चालान की मांग की गई। लेकिन जांच के क्रम में चालक के पास कोई वैध चालान नहीं पाया गया।इसके बाद खनन निरीक्षक ने ट्रैक्टर को जब्त कर सदर थाना को सुपुर्द कर दिया। मामले में संबंधित चालक के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।प्रशासन ने कहा है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सिकरियाटांड इंद मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

धर्मांतरण, लव और भूमि जिहाद से सावधान रहकर रहें संगठित : डॉ. सुमन

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटांड। प्रखंड के सिकरियाटांड इंद मैदान में मंगलवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. सुमन कुमार, प्रधान संरक्षक रामरेखा धाम दुर्गविजय सिंह देव, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष किरण चौधरी, श्याम सुंदर मिश्रा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम शर्मा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के देवी सिंह, संत उमाकांत जी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गविजय सिंह देव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामरेखा धाम के क्षेत्र में इस तरह का सम्मेलन हिंदू चेतना को जगाने का काम कर रहा है और सभी लोगों को संगठन में संगठित रहने की आवश्यकता है।मुख्य वक्ता डॉ. सुमन कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा तमाम चुनौतियों और परेशानियों के बीच रही है, लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्य और लक्ष्यों को कायम रखा है। 100 वर्ष की यात्रा में पांच परिवर्तन के लक्ष्यों के साथ समाज में एक नई दिशा देने के लिए संघ प्रतिबद्ध है। आज संघ समरसता और समाज की एकजुटता का संदेश दे रहा है। इसका उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों का निराकरण करते हुए राष्ट्रप्रथम की भावना को बढ़ावा देना है।स्वतंत्रता के बाद से समाज में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए संघ ने भारतीय नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और समर्पण का भाव जगाया है। आज क्षेत्र में धर्मांतरण, लव जिहाद, भूमि जिहाद, जनसंख्या जिहाद के अलावा अलग-अलग प्रकार के षड्यंत्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश कर सिमडेगा जैसे सुदूरवर्ती वनवासी क्षेत्र में यह फल-फूल रहा है, जिसे रोकने के लिए हम सभी लोगों को संगठित रहने की आवश्यकता है। सभी लोगों को अपने घर में संस्कारयुक्त शिक्षा देने तथा गौ, गीता, गंगा, गायत्री की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने सभी लोगों को अपने मूल धर्म में बने रहते हुए भारत माता के लिए हमेशा खड़ा रहने की बात कही।

विहिप जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि सनातन समाज शुरुआती दौर से ही प्रकृति की पूजा करता रहा है, जो सरना स्थल से लेकर नदी, पर्वत, पेड़-पौधे, पशु-पक्षियों में ईश्वरीय रूप मानकर पूजा करता है और आज तक करता आ रहा है। लेकिन वर्तमान समय में अन्य धर्मों के द्वारा सरना और सनातन पर अलग-अलग प्रकार के षड्यंत्र रचकर उन पर नए नियम थोपने तथा रूढ़िवादी परंपरा और संस्कारों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे हमें जागरूक रहकर संगठित रहते हुए अपनी संस्कृति, सभ्यता और विरासत को बचाए रखना होगा।कार्यक्रम को हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम शर्मा ने भी संबोधित करते हुए सभी लोगों को संगठित रहने की बात कही। इसके अलावा किरण चौधरी, श्याम सुंदर मिश्रा, देवी सिंह सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम में मंच संचालन संदीप नाग के द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने किया।

रामनवमी प्रबंधन समिति की बैठक आज

सिमडेगा। रामनवमी प्रबन्धन समिति महाबीर मण्डल की बैठक महाबीर चौक स्थित महाबीर मन्दिर में बुधवार को रात्रि 8:00 बजे से आयोजित होगी। आग्रह है कि बैठक में रामनवमी प्रबन्धन समिति के सभी सरंक्षक, पदाधिकारी, सभी अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल हो। बैठक रामनवमी महापर्व के भव्य आयोजन एवं अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए रामनवमी महापर्व के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की जाएगी। इस संबंध में जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश शर्मा ने दी।

बानो प्रखंड में हाथियों के उत्पात का मुद्दा शून्यकाल के दौरान विधानसभा में उठा

- **हाथियों से नुकसान झेल चुके किसानों और ग्रामीणों को जल्द उचित मुआवजा देने की मांग भी उठाई गई**

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड विधानसभा के षष्ठम कार्यकाल के पंचम बजट सत्र के दसवें दिन शून्यकाल के दौरान तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने बानो प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों के बढ़ते उत्पात का मुद्दा सदन में उठाया।विधायक ने बताया कि बानो प्रखंड और आसपास के गांवों में इन दिनों जंगली हाथियों का लगातार आतंक बना हुआ है। हाथियों के झुंड द्वारा किसानों की फसलों, घरों और अन्य संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इससे ग्रामीणों के सामने आजीविका और सुरक्षा की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है तथा लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। विधायक ने सदन के माध्यम से राज्य सरकार और वन विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के लिए तुरंत मशाल, टॉर्च और अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही जिन किसानों और ग्रामीणों की फसल, घर या अन्य संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, उन्हें जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए।उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या पर सरकार को संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीण भयमुक्त होकर अपना जीवनयापन कर सकें।

सिमडेगा में 4 थाना प्रभारी और 2 ओपी प्रभारी का तबादला

सिमडेगा। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चार थाना प्रभारी और दो ओपी प्रभारी का स्थानांतरण किया है। जारी आदेश के अनुसार पु.अ.नि. विनायक कुमार पाण्डेय को केरसई थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं पु.अ.नि. विवेक कुमार को मुफस्सिल थाना, पु.अ.नि. विनय कुमार को कुरडेग थाना तथा पु.अ.नि. नवीन कुमार को टी.टांगर थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है।इसके अलावा पु.अ.नि. अभय कुमार सिंह को गिरदा ओपी का प्रभारी तथा पु.अ.नि. दिपेश कुमार को बांसजोर ओपी का प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद सभी अधिकारियों को अपने-अपने नए पदस्थापन स्थल पर शीघ्र योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

हाथियों का आतंक | झारखंड में बढ़ता मानव-हाथी संघर्ष, विधानसभा में उठाया गया मुद्दा

हाथियों के हमले में 474 मौतें, सरकार ने माना संकट

- **रात के समय हाथियों के झुंड गांवों और खेतों में घुस जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है**

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड में बढ़ते मानव-हाथी संघर्ष का मुद्दा मंगलवार को विधानसभा में गूंजा। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों में बढ़ रही हाथी-मानव संघर्ष की घटनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांगा। सरकार ने स्वीकार किया कि राज्य में यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। वर्ष 2019 से 2026 तक हाथियों के हमले में 474 से अधिक लोगों की मौत दर्ज की जा चुकी है।

विधायक ने बताया कि रामगढ़, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, पलामू, लातेहार, सिमडेगा, गुमला और खूंटी सहित कई जिलों में हाथियों के गांवों में घुसने और फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। रात के समय हाथियों के झुंड खेतों और बस्तियों में पहुंच जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहता है। सरकार ने बताया कि झारखंड में वर्तमान में लगभग 600 हाथियों की मौजूदगी है। वन विभाग द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित प्रतिक्रिया दल की तैनाती की गई है। साथ ही वॉच टावर निर्माण, मशाल व टॉर्च वितरण और एफएम रेडियो व व्हाट्सएप के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। भविष्य में कर्नाटक से प्रशिक्षित कुमकी हाथी लाने और आधुनिक तकनीकों के उपयोग की भी योजना है।

विधायक ने की फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट या फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी सेंटर की स्थापना करने की मांग

सिमडेगा। सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा ने विधानसभा सत्र के माध्यम से सिमडेगा में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट या फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी सेंटर की स्थापना करने की मांग की है। सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक ने प्रश्न किया था कि क्या सिमडेगा जिले का 70 प्रतिशत भाग लघु, मध्यम और घने जंगलों से घिरा हुआ है। इसके उत्तर में सरकार ने आधिकारिक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए इस बात को अस्वीकारात्मक बताया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि जिले का कुल वनावरण इसके भौगोलिक क्षेत्रफल का 33.03 प्रतिशत है। सरकार ने इस बात को स्वीकार किया कि वर्तमान में जिले में इन संस्थानों की स्थापना नहीं है। जब विधायक ने जनहित में इन केंद्रों की स्थापना की योजना के बारे में पूछा तो सरकार की ओर से जवाब मिला कि वर्तमान में सिमडेगा में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट या फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी सेंटर की स्थापना का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

न्यूज बॉक्स

बानो में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह को लेकर बैठक

बानो। झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बानो की बैठक एसएस हाई स्कूल बानो के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल 2026 को बानो प्रखंड के सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में बानो प्रखंड के सभी नव नियुक्त शिक्षकों का स्वागत भी किया जाएगा। कार्यक्रम डाक बंगला बानो में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा।बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ के सभी सदस्यों से सहयोग राशि 25 मार्च 2026 तक जमा करने का आग्रह किया गया। हुरदा क्षेत्र के शिक्षक सहयोग राशि शिवशंकर सिंह के पास जमा करेंगे, जबकि बानो क्षेत्र के शिक्षक परमानंद ओहदार, बसंत कोगाड़ी, जकरियास सुरीन और चंद्रमोहन साहू के पास राशि जमा करेंगे।निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त शिक्षकों का ढोल, मांदर और नगाड़ा के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जाएगा तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी।

चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल का 11वां स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव संपन्न

बानो। सोय सेमर टोली स्थित चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में मंगलवार को 11वां स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड एसटी/एससी/ओबीसी मोर्चा के महामंत्री बलीराम पासवान, मुखिया सोमवारी कैथवार, सीता कुमारी और लोरेंस बागे ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत गान के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने नृत्य करते हुए अतिथियों को मंच तक लाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने माता सरस्वती, पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा विद्यालय के संस्थापक स्व. शोभनाथ साहू की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि अरुण साहू ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में अरुण साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना से बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलता है और उनका भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

जलडेगा में मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित, शिक्षा योजनाओं की समीक्षा व कई अहम निर्देश

जलडेगा। प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।गुरुगोष्ठी के दौरान उल्लास कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विद्यालय के पोषक क्षेत्र से नवसाक्षरों को आगामी 15 मार्च 2026 को होने वाले मूल्यांकन में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं। इसके अलावा मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत प्रतिदिन एसएमएस को ऑनलाइन करने, स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन बढ़ाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट समद, राजेश कुमार, सत्यवान साहू, भरत महतो, विद्याधर सिंह, जयप्रकाश सिंह, भूपेंद्र बड़ाइक, शमीम अंसारी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

पॉलिटेक्निक में व्याख्याता नियुक्ति की योग्यता में संशोधन की मांग

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने विधानसभा के शून्यकाल के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में व्याख्याता नियुक्ति से जुड़ी योग्यता में संशोधन की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी नियुक्ति विज्ञापन में व्याख्याता पद के लिए पीजी के साथ पीएचडी की अनिवार्यता रखी गई है, जिससे कई वर्तमान कर्मियों के सामने नौकरी का संकट खड़ा हो गया है।विधायक ने बताया कि पॉलिटेक्निक संस्थानों में कार्यरत कई एनबीएल कर्मियों की शैक्षणिक योग्यता बीटेक है। नई योग्यता लागू होने से ये कर्मचारी भविष्य में अपनी नौकरी खो सकते हैं। इसलिए सरकार को नियुक्ति की शर्तों में संशोधन कर बीटेक डिग्री को भी मान्य योग्यता में शामिल करना चाहिए, ताकि अनुभवी कर्मियों को रोजगार से वंचित न होना पड़े।उन्होंने यह भी मांग की कि राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में कार्यरत एनबीएल कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की जाए। इससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिलेगी और वे लंबे समय तक संस्थानों को अपनी सेवाएं दे सकेंगे।विधायक ने कहा कि यदि सरकार समय रहते इस मामले में निर्णय नहीं लेती है तो कई कर्मचारियों की आजीविका पर असर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक संशोधन करना चाहिए।

सिमडेगा महाविद्यालय में प्रोफेसरों की कमी का मुद्दा विधानसभा में उठा

रांची। सिमडेगाः झारखंड विधानसभा के चल रहे सत्र में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सिमडेगा जिले की उच्च शिक्षा व्यवस्था को लेकर तारांकित प्रश्न उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि सिमडेगा जिला अनुसूचित क्षेत्र के साथ-साथ अति पिछड़े जिलों में शामिल है। इस पर विभागीय मंत्री ने स्वीकार किया कि सिमडेगा जिला अनुसूचित क्षेत्र में आता है। विधायक ने सिमडेगा महाविद्यालय की पढ़ाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कहा कि यहां कई वर्षों से स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई हो रही है। इस पर मंत्री ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय के अनुसार सिमडेगा महाविद्यालय में वर्ष 1980 से स्नातक स्तर की पढ़ाई चल रही है। झारखंड राज्य गठन के बाद वर्ष 2019 से हिंदी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, मानव विज्ञान, खड़िया, नागपुरी और मुंडारी विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई शुरू की गई है।विधायक ने यह भी कहा कि महाविद्यालय में कई विषयों में प्रोफेसरों के पद खाली हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मंत्री ने बताया कि फिलहाल नियमित और आवश्यकता आधारित शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है। साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय द्वारा झारखंड लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है।

बानो में कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती को लेकर बैठक आज

रांची। बानोः प्रखंड में कांग्रेस संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 11 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे डाक बंगला बानो में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का आयोजन बानो प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से किया जा रहा है।नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष रफीक अंसारी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों और समर्थकों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होती है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को इस बैठक में भाग लेकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए।बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों से कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाकर संगठनात्मक रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और जनसमस्याओं को उठाने पर भी चर्चा होगी।बताया गया कि बैठक में जिला स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना की भी उपस्थिति रहेगी। उनकी मौजूदगी में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ पार्टी की आगामी योजनाओं और दिशा पर भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

होली के बाद काशी में सजी 'बुढ़वा मंगल' की महफिल

एजेंसी। वाराणसी

होली की रंग-बिरंगी खुमारी जब पूरे देश में थम जाती है, तब शिवनगरी काशी में एक और उत्सव 'बुढ़वा मंगल' शुरू होता है। होली के ठीक बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को मनाया जाने वाला यह त्योहार बनारस की सदियों पुरानी परंपरा है। यह सिर्फ होली का समापन नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द, संगीत और बुजुर्गों के सम्मान का अनोखा जश्न है, जिसमें गंगा के घाट रंग, गीत और खुशियों से सराबोर हो उठते हैं। 'बुढ़वा मंगल' नाम अपने आप में काशी की संस्कृति का सार है। यह दिन बुजुर्गों को समर्पित है, जहां लोग देवी-देवताओं के साथ ही अपने परिवार और मोहल्ले के वृद्धजनों के चरणों में अबीर-अबीर अर्पित करते हैं। होली के दिन जो मस्ती और हुड़दंग होता है, वही यहां शांति, आशीर्वाद और सम्मान में बदल जाता है। स्थानीय लोग इस दिन नए कपड़े पहनकर घाटों पर पहुंचते हैं, कुल्हड़ में ठंडई और बनारसी मिठाइयों का स्वाद लेते हैं और होली की महफिल में शामिल होते हैं।

इस दिन देश-विदेश से सैलानी भी काशी पहुंचते हैं। वे गंगा तट पर बिखरे रंग, संगीत और बनारसी जोश का लुत्फ उठाते हैं। घरों में पकवान बनते हैं, दोस्तों-रिश्तेदारों से आखिरी होली मिलन होता है और परिवार के बुजुर्गों को सम्मान दिया जाता है।

बुढ़वा मंगल के साथ बनारस में खत्म होती है होली की मस्ती

इस परंपरा के बारे में बताते हुए काशी के निवासी प्रभुनाथ त्रिपाठी ने बताया, "होली के बाद बनारसियों पर खुमारी बनी रहती है। मंगलवार को 'बुढ़वा मंगल' के साथ इस मस्ती का समापन होता है। यह सालों पुरानी रीत है, जिसे बनारस आज भी पूरी शिद्दत से निभाता है। इस दिन के बाद गुलाल-अबीर को अगले साल होली तक के लिए रोक दिया जाता है। बुढ़वा मंगल केवल गीत संगीत ही नहीं, बल्कि खान-पान, गुलाल और पहनावे का भी जश्न है।" बुढ़वा मंगल का मुख्य आकर्षण गंगा के घाट होते हैं। दशाश्वमेध घाट से अस्सी घाट तक सजी हुई बजड़ों (नावों) और घाटों पर लोकगायक और कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। इन बजड़ों को फूलों से सजाया जाता है, गद्दे,

मसनद और इत्र की खुशबू से महकते ये बजड़े शाम को संगीत की महफिल में बदल जाते हैं। बनारस घराने की होरी, चैती, ठुमरी, बिरहा और कजरी की मधुर धुनें गूंजती हैं। एक समय था जब उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की शहनाई, गिरिजा देवी की चैती, पंडित किशन महाराज का तबला और सितार की झंकार रातभर बजती थी। आज भी स्थानीय और आसपास के जिलों के लोकगायक इन घाटों पर मां गंगा और हनुमान जी के चरणों में अपनी कला अर्पित करते हैं। यह महफिल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि भक्ति और अनोखी परंपरा का संगम है। मंगलवार को बनारस के कई घाटों पर इस परंपरा का निर्वहन होता है। दशाश्वमेध घाट से अस्सी घाट तक बुढ़वा मंगल की खुमारी में लोग डूबते उतराते दिखते हैं।

अमेरिका की चेतावनी पर ईरान का जवाब, 'धमकियों से नहीं डरेंगे'

तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के 11वें दिन तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान पर अब तक के सबसे बड़े और सबसे तीव्र हमले किए जा सकते हैं। इसके जवाब में ईरान के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि देश किसी भी धमकी से डरने वाला नहीं है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने कहा कि कोई भी ताकत ईरान को मिटा नहीं सकती। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान कम से कम छह हजार साल पुरानी सभ्यता का वारिस है और इतिहास में कई आक्रमणकारियों ने इसे खत्म करने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। उनके मुताबिक जो लोग ईरान को खत्म करने का सपना देखते हैं, वे इतिहास को नहीं समझते। वहीं, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने भी अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरानी जनता किसी भी धमकी से नहीं डरती। उन्होंने कहा कि पहले भी कई शक्तिशाली ताकतों ने ईरान को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहीं। लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि जो लोग ईरान को मिटाने की बात कर रहे हैं, उन्हें अपने अंजाम के बारे में भी सोचना चाहिए। उनके अनुसार इतिहास गवाह है कि ईरान पर हमला करने वाले कई आक्रमणकारी समय के साथ खत्म हो गए, लेकिन ईरान कायम रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों पक्षों के तीखे बयानों से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है तथा आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

ईरान में हमलों से उठा धुआं पहुंच सकता है पश्चिमी पाकिस्तान, एक्यूआई बिगड़ने का खतरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के मौसम विभाग (पीएमडी) ने कहा है कि ईरान में हुए हवाई हमलों के बाद वहां से उठने वाला धुआं और प्रदूषण पाकिस्तान की हवा को भी खराब कर सकता है। विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म्स पर पाकिस्तान के मेट डिपार्टमेंट ने वीकली वेदर आउटलुक (10 मार्च से 16 मार्च 2026) में इसकी जानकारी दी है। एक्स पर एक नोट के साथ चेतावनी दी है। लिखा है कि ईरान के हालात की वजह से, हवाएं प्रदूषक तत्व ले जा सकती हैं, और पाकिस्तान के पश्चिमी हिस्सों में वायु गुणवत्ता खराब हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, ईरान से आने वाली हवाएं प्रदूषण को पाकिस्तान के पश्चिमी इलाकों तक ला सकती हैं। इससे वहां की हवा की क्वालिटी खराब हो सकती है। पीएमडी ने यह भी बताया कि पश्चिमी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में 12 मार्च तक बारिश, तेज हवाएं और गरज के साथ तूफान आ सकता है। पाकिस्तान और ईरान के बीच करीब 900 किलोमीटर लंबी सीमा है, इसलिए ईरान में होने वाली घटनाओं का असर पाकिस्तान पर भी पड़ सकता है। पाकिस्तान का पश्चिमी पड़ोसी ईरान, अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष में उलझा हुआ है। 28 फरवरी को इजरायल पर हवाई हमले हुए जिसमें उनके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। 7 मार्च को तेहरान की रिफाइनरियों और फ्यूल डिपो पर बड़े हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान को जहरीले अंधेरे में डुबो दिया था। इसके बाद रविवार को काली, तैलीय बारिश हुई थी।

आईएसआई अफगानिस्तान में चीनी प्रोजेक्ट्स को बना रही निशाना

काबुल। अफगानिस्तान के एक प्रमुख सुरक्षा विशेषज्ञ ने पाकिस्तान

की खुफिया एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अफगान इंटेलिजेंस एनालिस्ट और आतंक रोधी विशेषज्ञ अजमल सोहेल ने एक जानी-मानी अंतर्राष्ट्रीय मैगजीन को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) अफगानिस्तान में चीन के बुनियादी ढांचे और निवेश परियोजनाओं को निशाना बनाने की गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल है। 'काउंटर नार्को-टेररिज्म अलायंस जर्मनी' के सह-संस्थापक और सह-अध्यक्ष सोहेल ने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम इस्लामाबाद की इस चिंता को दिखाता है कि काबुल के साथ बीजिंग का बढ़ता जुड़ाव, जिसमें माइनिंग ऑपरेशन से लेकर विदेशी निवेश और संभावित ट्रांजिट कॉरिडोर शामिल हैं, पाकिस्तान के भू-राजनीतिक दबदबे को सीमित कर सकता है। डिप्लोमैट पत्रिका को दिए साक्षात्कार में सोहेल ने कहा, हाल के समय में अफगानिस्तान में चीनी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर हमलों की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उनका आरोप है कि इन घटनाओं के पीछे आईएसआई सक्रिय है। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों का उद्देश्य अफगानिस्तान में चीन की आर्थिक मौजूदगी को कमजोर करना और क्षेत्रीय रणनीतिक संतुलन को प्रभावित करना हो सकता है।

एक लीटर तेल भी होर्मुज स्ट्रेट से नहीं ले जाने देगा ईरान : आईआरजीसी

तेहरान। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनरल ने कहा है कि जब तक युद्ध जारी रहेगा, ईरानी सेना होर्मुज स्ट्रेट से अमेरिका और इजरायल के सहयोगी देशों को एक लीटर तेल भी निर्यात नहीं करने देगी। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा, "ईरानी सेना... अगली सूचना तक इस इलाके से दुश्मन देश और उसके सहयोगियों को एक लीटर तेल भी निर्यात नहीं करने देगी। तेल और गैस की कीमतों को कम करने और कंट्रोल करने की उनकी कोशिश सफल नहीं होगी।"जनरल ने कहा कि दुनिया में तेल की कीमतों पर कंट्रोल अब ईरान के हाथ में है और अमेरिका को इंतजार करना पड़ेगा कि ईरान आगे क्या कदम उठाता है। अधिकारी के मुताबिक एनर्जी मार्केट पहले से ही अस्थिर हो चुका है और ईरान तब तक लड़ाई जारी रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से हार का ऐलान नहीं हो जाता। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 फीसदी तेल इसी रास्ते से होकर गुजरता है। जनरल के मुताबिक, "अमेरिका का दावा है कि कमर्शियल और मिलिट्री जहाज इस इलाके में मौजूद हैं और होर्मुज स्ट्रेट से आसानी से गुजर रहे हैं, जबकि अमेरिकी नौसेना के जहाज, विमान और सभी फाइटर जेट ईरान की ताकतवर मिसाइलों और ड्रोन से सुरक्षित रहने के लिए 1,000 किलोमीटर से ज्यादा पीछे हट गए हैं।

पश्चिम बंगाल में होंगे भयमुक्त चुनाव

चुनाव कितने चरणों में होंगे, यह बंगाल की कानून-व्यवस्था की स्थिति तय करगी

एजेंसी। कोलकाता

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कितने चरणों में कराए जाएंगे, इसका अंतिम निर्णय राज्य में जमीनी स्तर पर कानून-व्यवस्था की स्थिति और प्रशासनिक तैयारियों को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग की पूर्ण पीठ ने पिछले दो दिनों के दौरान राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया गया। सभी पक्षों ने आयोग को आश्वासन दिया है कि मतदान शांतिपूर्ण, निर्भीक और हिंसामुक्त वातावरण में कराया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव कितने चरणों में होंगे, यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति कैसी है और मतदान को सुरक्षित तरीके से कराने के लिए क्या व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि समीक्षा यात्रा के दौरान आयोग की पूर्ण पीठ ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे कानून के शासन को सख्ती से लागू करें और किसी भी प्रकार के दबाव, भय या पक्षपात से मुक्त होकर काम करें। अधिकारियों का निष्पक्ष और पारदर्शी आचरण चुनाव की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव से पहले, मतदान के दौरान और मतदान के बाद होने वाली किसी भी प्रकार की चुनावी हिंसा के प्रति आयोग की नीति शून्य सहनशीलता की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति चुनावी हिंसा में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कारण मतदाताओं को हो रही कथित असुविधा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रक्रिया है, जिसे निर्धारित अंतराल पर सभी राज्यों में लागू किया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से और विभिन्न स्तरों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ पूरी की गई है।

पश्चिम बंगाल के वोटरों को राहत!

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब ट्रिब्यूनल करेगा खारिज आवेदनों की सुनवाई

कोलकाता। सर्वोच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के अन्य सांसदों द्वारा पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके एक अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। इस न्यायाधिकरण में एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीश शामिल होंगे और यह उन मामलों में अपील की सुनवाई करेगा जहां न्यायिक अधिकारियों द्वारा आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि न्यायिक अधिकारी किसी आवेदन को अस्वीकार करते हैं, तो उन्हें अस्वीकृति के स्पष्ट कारण बताने होंगे। न्यायाधिकरण के संचालन का खर्च चुनाव आयोग वहन करेगा। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने न्यायालय को सूचित किया कि कुल 63 लाख मामलों में से लगभग 7 लाख मामलों पर अब तक कार्यवाही हो चुकी है, जिससे लगभग 57 लाख मामले अभी भी लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय को सूचित किया था कि लगभग 10 लाख आपत्तियों का निपटारा पहले ही किया जा चुका है।

सोशल मीडिया का बच्चों पर बढ़ता असर, राज्यसभा में उठा मुद्दा

एजेंसी। नई दिल्ली

बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का उल्लेख मंगलवार को राज्यसभा में किया गया। राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार, 2022 में भारत में लगभग 13,000 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की, जो 2013 की तुलना में लगभग दोगुनी संख्या है। यही नहीं आज भारत में कुल आत्महत्याओं में लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी विद्यार्थियों की है। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को गाजियाबाद में 12, 14 और 16 वर्ष की तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि यह घटना ऑनलाइन खेलों की लत से जुड़ी थी। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स दुनिया भर में अरबों लोगों को जोड़ते हैं। यह लोगों की आवाज को आगे बढ़ाने का काम भी करते हैं। ये प्लेटफार्म जानकारी को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं। लेकिन हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि इसकी एक डार्क साइड भी है। उन्होंने कहा कि आज भारत में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोगकर्ताओं में लगभग एक-तिहाई किशोर हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में 2010 के बाद किशोरों में अवसाद और आत्महत्या के मामलों में तेज वृद्धि देखी गई।

केंद्र से वैश्विक लड़ाई के बीच एलपीजी सप्लाई बिना रुकावट पक्का करने की अपील की

एजेंसी। चेन्नई

एआईएडीएमके के महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने मंगलवार को केंद्र सरकार से देश भर में एलपीजी सिलेंडर की बिना रुकावट सप्लाई पक्का करने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी रुकावट तमिलनाडु में रेस्टोरेंट मालिकों, छोटे खाने के बिजनेस और आम घरों पर बुरा असर डाल सकती है।यहां जारी एक बयान में, ईपीएस ने कहा कि ईरान, इजरायल और कई खाड़ी देशों के बीच चल रही लड़ाई ने भारत में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के ट्रांसपोर्टेशन में मुश्किलें पैदा कर दी हैं। इस संदर्भ में, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा कमर्शियल और इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए एलपीजी सिलेंडर का डिस्ट्रीब्यूशन कुछ समय के लिए रोक दिया गया है और उपभोक्ताओं को दूसरे फ्यूल इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है, जिससे चिंता पैदा हुई है। यह बताते हुए कि तमिलनाडु के कई जिले इस घटना से पहले ही एलपीजी की कमी का सामना कर रहे थे, ईपीएस ने कहा कि इस स्थिति से रेस्टोरेंट और छोटे खाने-पीने की जगहों के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं, जो अपने रोजाना के काम के लिए सिलेंडर पर निर्भर हैं।

रक्षा मंत्री ने 'रक्षा बलों के लिए विजन 2047

भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप जारी किया

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 मार्च को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में 'रक्षा बलों के लिए विजन 2047: भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप' जारी किया। इस विस्तृत रूपरेखा को एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय की ओर से तैयार किया गया है जिसका उद्देश्य रक्षा बलों को आधुनिक, एकीकृत और तकनीकी रूप से उन्नत सेना में परिवर्तित करना है जो 2047 तक विकसित भारत बनने की राष्ट्र की आकांक्षा को पूर्ण करने में सहयोग देने में सक्षम हो। इस दृष्टिकोण पत्र में भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा संबंधी बदलते परिवेश से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रक्षा बलों के अंदर आवश्यक रणनीतिक सुधारों, उनकी क्षमता में वृद्धि और संगठनात्मक परिवर्तनों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इसमें सेना को एकीकृत, बहुत से संबंधित मामलों में दक्ष और कुशल बल में परिवर्तित करने की परिकल्पना की गई है जो तेजी से बदलती वैश्विक और क्षेत्रीय परिस्थितियों के बीच शत्रुओं को रोकने, संघर्ष के सभी पहलुओं से संबंधित कार्रवाई और बढ़ रहे रणनीतिक हितों की रक्षा करने में सक्षम हो। सेना के सभी अंगों के बीच समन्वय और सहभागिता पर बल देना इस दृष्टिकोण पत्र का प्रमुख स्तंभ है जिससे



योजना, संचालन और क्षमता विकास में और अधिक तालमेल को बढ़ावा मिले। इसमें भविष्य में युद्ध की चुनौतियों के अनुकूल रक्षा बलों के निर्माण के लिए नवाचार, उन्नत प्रौद्योगिकियों और प्रशिक्षण के आधुनिक ढांचे के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है इसमें प्रमुख रूप से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है जिसके अंतर्गत देश की सुरक्षा संबंधी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और समाधानों के विकास और उन्हें अपनाने को प्रोत्साहन दिया जाता है। वहीं, इसके अंतर्गत घरेलू रक्षा विनिर्माण और तकनीकी क्षमताओं को सशक्त करने से परिचालन संबंधी तैयारी में वृद्धि के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास में भी योगदान मिलने की उम्मीद है।

इस दृष्टिकोण पत्र में अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक समय-सीमाओं में स्पष्ट रूप से निर्धारित प्राथमिकता वाले क्षमता संबंधी लक्ष्यों के साथ सुनियोजित रूपरेखा को स्वीकार किया गया है। यह सुव्यवस्थित दृष्टिकोण विश्व स्तरीय रक्षा बल के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारियों के विकास में मार्गदर्शक होगा। इस दूरदर्शी दस्तावेज में भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की जटिलता को समझते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैन्य शक्ति को कूटनीतिक, तकनीकी और आर्थिक शक्ति के साथ जोड़ते हुए समग्र राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निरंतर सुधारों, नवाचार और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के माध्यम से भारतीय सेना देश की स्वतंत्रता की शताब्दी पूरे होने तक विश्व स्तर पर सम्मानित, तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार ऐसे सशस्त्र बल के रूप में स्थापित हो जो सशक्त और सामर्थ्यवान विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे।

एक नजर

साइबर सेल वाराणसी ने झारखंड के दो जालसाजों को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तार

लखनऊ। वाराणसी में रामनगर निवासी अनूप गुप्ता की शिकायत पर साइबर सेल वाराणसी के निरीक्षक उदयवीर सिंह और उनकी टीम ने पश्चिम बंगाल के दो बड़े जालसाजों नागेश्वर मंडल और अक्षय मंडल को गिरफ्तार किया है। दोनों जालसाज मूलरूप से झारखंड के जामताड़ा के रहने वाले हैं और पीड़ित से आठ लाख 38 हजार करीब की ठगी किए हैं। निरीक्षक उदयवीर ने बताया कि वर्तमान समय में झारखंड के जामताड़ा स्थान से साइबर फ्रॉड के तार से जुड़ते जा रहे हैं। नया मामला में भी गिरफ्तार हुए दोनों जालसाजों का मूल पता जामताड़ा ही है, उन्हें सर्विलांस सेल की मदद से पश्चिम बंगाल के अंडाल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। दोनों जालसाज के पास से 6 मोबाइल, 9 एंड्रॉयड मोबाइल और एक लाख 52 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

विपक्ष हमेशा कोई न कोई अवरोध खड़ा करता है : सतीश चंद्र दुबे

नई दिल्ली। केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि विपक्ष हमेशा कोई न कोई अवरोध खड़ा करता है। दुर्भाग्य है इस देश का कि विपक्ष सवाल तो करता है, लेकिन जवाब नहीं सुन पाता। कांग्रेस के लोग अगर सवाल करते हैं तो जवाब सुनना चाहिए। लेकिन वे जवाब से भागते क्यों हैं। ये दर्शाता है कि कहीं न कहीं आपकी ये कमजोरी है। आप सदन को चलने नहीं देना चाहते और अच्छा काम करने नहीं देना चाहते हैं। कीर्ति आजाद के बयान पर उन्होंने कहा कि हम जिस धर्म को मानते हैं, हमारी जिस पर आस्था है मैं वहीं जाकर अपना सिर झुकाउंगा। ये तो विवेकाधीन मामला है, उस पर आप सवाल नहीं कर सकते हैं। वैश्विक अस्थिरता के समय में दुनिया में बढ़ती प्राकृतिक गैस की कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए एलपीजी सिलेंडर बुकिंग की अवधि को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया। इसकी वजह जमाखोरी को रोकना है। अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच बाजार में घबराहट में खरीदारी के संकेत मिलने के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है। वहीं, सपा सांसद रामगोपाल यादव ने एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत पर कहा कि आशंका तो इस बात की भी थी पेट्रोल व डीजल का भी संकट होगा और एसडीएम से पेट्रोल-डीजल के लिए भी पर्ची लेनी पड़ेगी।

हर जगह अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना ठीक नहीं : अबू आजमी

मुंबई। महाराष्ट्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद के टी-20 विश्व कप को लेकर दिए बयान पर कहा कि हर जगह मुसलमानों को निशाना बनाना ठीक नहीं है। इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और पारसी सभी रहते हैं। सभी को बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पोस्ट पर पोस्ट कर विश्व कप की ट्रॉफी को मंदिर में ले जाने पर आलोचना की थी। उन्होंने लिखा था कि टीम इंडिया पर शर्म नहीं आती है। उन्होंने कहा कि जब हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में विश्व कप जीता था, तब हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्म के खिलाड़ी थे। हम ट्रॉफी को अपनी धार्मिक जन्मभूमि, अपनी मातृभूमि भारत (हिंदुस्तान) लाए थे। आखिर भारतीय क्रिकेट ट्रॉफी को क्यों घसीटा जा रहा है? मस्जिद क्यों नहीं? चर्च क्यों नहीं? गुरुद्वारा क्यों नहीं। सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुसलमानों को आर्थिक यतीम क्यों बनाया गया। महाराष्ट्र का कुल बजट करीब 7 लाख 69 हज़ार करोड़ है, लेकिन महाराष्ट्र के 10-12 फीसदी मुस्लिम समाज के लिए महायुती सरकार ने आधा फीसदी भी बजट आवंटित नहीं किया है। यानी महाराष्ट्र के मुसलमानों को आर्थिक यतीम बना दिया गया है।

ज्ञानवापी मस्जिद विवाद : वुजुखाना से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई 15 अप्रैल को होगी

प्रयागराज। वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी स्थित वुजुखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई से वैज्ञानिक सर्वेक्षण करवाने संबंधी राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित व्यंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 15 अप्रैल नियत कर दी। वाराणसी कोर्ट ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद के वजुखाना क्षेत्र का सर्वे करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद श्रृंगार गौरी केस की पक्षकार राखी सिंह द्वारा सिविल रिवीजन याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की है। हिंदू पक्ष का दावा है कि वजूस्थल में मौजूद संरचना शिवलिंग है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे फव्वारा बताता है। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के मुख्य गुंबद के नीचे शिवलिंग होने का दावा किया है। इसके साथ ही हिंदू पक्ष ने यहां खुदाई कराकर एएसआई सर्वे कराने की मांग की है। मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि खुदाई से मस्जिद स्थल को नुकसान पहुंचने की बात कोर्ट में कह चुका है।

आपत्तिजनक पोस्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नेहा सिंह राठौर को दी अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को अग्रिम जमानत दे दी है है, हालांकि अदालत ने यह भी साफ किया है कि जांच प्रक्रिया जारी रहेगी और उन्हें जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करना होगा। इस पोस्ट को लेकर लखनऊ में नेहा सिंह राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की बेंच ने नेहा सिंह राठौर को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि कोर्ट के पहले दिए गए निर्देश के अनुसार नेहा सिंह राठौर जांच अधिकारियों के सामने पेश हो चुकी हैं और उनका बयान दर्ज कर लिया गया है। इसी आधार पर अदालत ने उन्हें राहत देते हुए कहा कि फिलहाल उनकी गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें आगे भी जांच में पूरा सहयोग करना होगा। इसी साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत दी थी। उस समय अदालत ने निर्देश दिया था कि नेहा सिंह राठौर को जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि पहली बार 9 जनवरी को उन्हें जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा और अगर वह ऐसा नहीं करती हैं तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

गढ़वा उपायुक्त ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

राशन, भूमि विवाद, आवास व मुआवजा समेत कई मामलों पर अधिकारियों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उपायुक्त दिनेश यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में राशन वितरण, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, प्रधानमंत्री आवास, मुआवजा, योजनाओं के लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन और बकाया मजदूरी भुगतान से जुड़ी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान कांडी प्रखंड की जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी ने आवेदन देकर कांडी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के नए भवन का निर्माण कांडी बाजार के समीप कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नया भवन वर्तमान कार्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर गरदाहा में बनाए जाने की योजना है, जो आम लोगों की सुविधा के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड की अधिकांश आबादी कांडी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में निवास करती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक सुविधा और जनहित को देखते हुए कांडी प्रखंड को दो अलग-अलग प्रखंड—कांडी और गरदाहा—में विभाजित करने का भी सुझाव दिया। मेराल प्रखंड के कुसमही गांव के ग्रामीणों ने धूमकुड़िया भवन निर्माण से संबंधित आवेदन सौंपते हुए बताया कि ग्रामसभा द्वारा पूर्व में निर्धारित स्थल पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं धुरकी प्रखंड के सोनडीहा गांव के ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत करते हुए बताया कि दिसंबर 2025 में लाभुकों से मशीन में अंगूठा लगवा लेने के बावजूद राशन का वितरण नहीं किया गया। शिकायत के बाद संबंधित डीलर को निलंबित किया गया, लेकिन अब तक लाभुकों को उस माह का राशन नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से शीघ्र राशन वितरण कराने की मांग की।

अवैध गिट्टी लदे टीपर ने बाइक सवार को कुचला, युवक गंभीर

भवनाथपुर। खरौंधी थाना क्षेत्र के चोरिया गांव में अवैध गिट्टी लदे तेज रफ्तार टीपर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने टीपर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल युवक की पहचान चोरिया गांव निवासी ब्रजेश कुमार चौधरी के रूप में हुई है। उसे तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक अभिनीत विश्वास ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रमना बाजार में अतिक्रमण से जाम सड़क बना अवैध वसूली का अड्डा

नवीन मेल संवाददाता

रमना। रमना बाजार की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। बाजार, सोनेहारा, पीपलतर भगत सिंह चौक और सर्वेश्वरी चौक के आसपास वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी और सड़क किनारे ठेला लगने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर ही टेम्पू, कार और मोटरसाइकिल खड़ी कर दी जाती हैं, जबकि ठेला दुकानदार सड़क किनारे दुकान लगाकर व्यवसाय करते हैं। इससे अक्सर घंटों जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन कभी-कभी सख्ती करता है, लेकिन उसके हटते ही स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। प्रखंड कार्यालय में भी कई बार जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को उठाया है। अंचल कार्यालय द्वारा सड़क की नापी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन इसका खास असर नहीं पड़ा। आरोप है कि कुछ लोग सड़क किनारे सब्जी दुकान लगवाकर उनसे 10 से 20 रुपये तक वसूली करते हैं, जिससे सड़क अवैध कमाई का जरिया बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मांदोहार में बने डाक बंगला परिसर में सैकड़ों दुकानों का आवंटन किया गया है और पहले बाजार को वहीं स्थानांतरित भी किया गया था। उस समय जाम की समस्या लगभग खत्म हो गई थी। लेकिन अब फिर सड़क किनारे निजी बाजार लगाकर लोगों से वसूली की जा रही है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान और लोगों को जाम की परेशानी दोनों झेलनी पड़ रही हैं।

कोचिंग गया छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता, परिजनों में मचा हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

बंशीधर नगर। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से 19 वर्षीय छात्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार हुलहुला खुर्द पंचायत के शिवपुर गांव निवासी नंदू चंद्रवंशी का बड़ा पुत्र शुभम कुमार सोमवार दोपहर से लापता है। परिजनों ने बताया कि शुभम सोमवार सुबह घर से मेन बाजार स्थित अध्ययन केंद्र में कोचिंग करने के लिए निकला था। घर से निकलने से पहले किसी बात को लेकर उसकी मां से हल्की कहासुनी भी हो गई थी, जिसके बाद वह बिना खाना खाए ही घर से चला गया। बताया जा रहा है कि शुभम कोचिंग क्लास में पढ़ाई करने गया था, लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई।

परिजनों ने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। छात्र के पिता नंदू चंद्रवंशी ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जिनमें शुभम बड़ा है। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने बंशीधर नगर थाना में आवेदन देकर बेटे की तलाश करने की गुहार लगाई है।

इधर घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी इस घटना को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जानकारी लेकर छात्र की तलाश में जुट गई है।

रामनवमी जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

गढ़वा। श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल, धार्मिक न्यास गढ़वा (झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड) की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को महामंत्री मनीष कमलापुरी के प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष 2026 में भी श्री रामनवमी जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और आयोजन की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई।

कैंसर से जूझ रहे सहायक शिक्षक सूर्यदेव राम का निधन

रमना। प्रखंड क्षेत्र के सिलीदाग विद्यालय टोला निवासी 55 वर्षीय सहायक शिक्षक सूर्यदेव राम का सोमवार शाम निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिचितों व मित्रों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। अगर आप चाहें तो मैं इन सभी खबरों को और ज्यादा "अखबार पेज सेटिंग" के हिसाब से छोटा, टाइट और प्रभावी (सब-हेड, बॉक्स, हाइलाइट लाइन के साथ) भी कर सकता हूँ, जैसा बड़े अखबारों में छपता है। बताया गया कि सूर्यदेव राम ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 से की थी।

कांडी अस्पताल की बदलेगी सूरत

सीएचसी को अपग्रेड करने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

- मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता शशांक शेखर ने रांची में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर कांडी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की मांग की।

उन्होंने क्षेत्र की खराब स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए मंत्री को एक विस्तृत मांग पत्र भी सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शशांक शेखर ने बताया कि कांडी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बदहाल स्थिति में है। अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं होने से इमरजेंसी मरीजों को काफी परेशानी होती है और गंभीर मरीजों को गढ़वा, रांची या अन्य शहरों में रेफर करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन भी जर्जर हो चुका है और डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के लिए शौचालय, बिजली, सुरक्षा समेत कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कांडी अस्पताल को पीएचसी से सीएससी में अपग्रेड करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की। करने का निर्देश दिया।

अपग्रेड होने तक बुनियादी सुविधाएं देने की मांग

शशांक शेखर ने मांग की कि जब तक अस्पताल को सीएचसी में अपग्रेड नहीं किया जाता, तब तक 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

पेज एक के शेष

नियंत्रण में है...

कार्यमंत्रणा समिति में इस विषय पर चर्चा का निर्णय होता, तो सदन में उस पर चर्चा जरूर कराई जाती। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है और भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि यदि कोई विशेष मामला है, तो उसे सदन में रखा जाए, सरकार उस पर कार्रवाई करने को तैयार है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने आ गए और सदन में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। हंगामे के बीच मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने तिवारी महतो की ओर हाथ का इशारा किया, जिसके बाद वे वेल में पहुंच गए। भाजपा विधायकों ने भी उनका साथ दिया। इससे विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो नाराज हो गए और उन्होंने आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को मार्शल आउट करने का निर्देश दे दिया। इसके बाद तिवारी महतो को सदन से बाहर ले जाया गया। हालांकि, वित्त मंत्री के हस्तक्षेप के बाद उन्हें फिर से सदन में बुला लिया गया।

असम के आदिवासी...

लगभग 50 वर्ष के संघर्ष के बावजूद जब परिणाम सकारात्मक नहीं रहा, तब हमारे अग्रणी नेता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन सहित अनगिनत क्रांतिकारी नेताओं ने अलग राज्य लेने का निर्णय किया। अलग राज्य निर्माण का संकल्प उसे समय बहुत बड़ा संकल्प था। इस संकल्प को पूरा करने की शुरुआत धनबाद जिला, यानी कोयला नगरी से हुई। उस समय क्रांतिकारी नेता स्वर्गीय शक्ति नाथ महतो ने भी कहा था कि यह लड़ाई कोई छोटी लड़ाई नहीं है, यह बहुत बड़ी लड़ाई है। इस लड़ाई में हम सभी लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा था कि इस लड़ाई में शामिल पहली पंक्ति के लोग मारे जाएंगे तथा दूसरी पंक्ति के लोग जेल जाएंगे। उन्होंने कहा था कि तीसरी पंक्ति के लोग ही राज्य को सजाने-संवारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ठीक उसी तरह का घटनाक्रम भी हुआ। अलग झारखंड राज्य के निर्माण की लड़ाई में न जाने हमारे कितने क्रांतिकारी वीर शहीद हुए। उस संघर्ष में न जाने कितने माताओं-बहनों की मांग सुनी हुई, बच्चे अनाथ हुए। इतनी यातनाओं के बावजूद हमारे क्रांतिकारी सपूतों ने कभी भी पीठ नहीं दिखाई और संघर्ष को जारी रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद यह दुर्भाग्य रहा कि हमारे आदिवासी समुदाय के लोग आर्थिक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं बन सके। हमारी सरकार अब झारखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रहने वाले आदिवासी भाई-बहनों को यहां एक बड़े परिवर्तन की राह पर चलने की आवश्यकता है। इस परिवर्तन के लिए यह जरूरी है कि हम सभी लोगों को एक छत और एक छांव पर आना होगा। अब यहां के आदिवासी समुदाय को बौद्धिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग उस समुदाय के लोग हैं, जो संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटते हैं। आदिवासी समुदाय कभी भी किसी की हानि नहीं चाहता है। किसी का शोषण या किसी के सम्मान को ठेस पहुंचाना हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं रहा है। अब हम अपना हक-अधिकार कैसे लेंगे, यह हम सभी को बिल्कुल पता है। आदिवासी समुदाय को संविधान में प्रदत्त हक-अधिकार के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़ेगी।

असम के आदिवासियों...

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के भीतर कुछ वैसी शक्तियां हैं, जो आदिवासी समुदाय को आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से कमजोर करने पर कोशिश करते हैं। इस समुदाय के लोगों को मजदूर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अब इन सब चीजों से हमें जागरूक रहने की आवश्यकता है। असम एक बेहतरीन एवं खूबसूरत वादियों वाला राज्य है। पर्यटन की दिशा में इस राज्य में असीम संभावनाएं हैं।

रांची सिविल कोर्ट...

सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और पूरे परिसर की गहन जांच की गई। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने मंगलवार को कहा कि बम निरोधक दस्ते की टीम द्वारा पूरे अदालत परिसर की बारीकी से जांच कराई गई, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और धमकी देने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए ई-मेल के स्रोत का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान के लिए तकनीकी जांच कर रही है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी 6 फरवरी 2026 और 28 फरवरी 2026 को रांची सिविल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इसके अलावा, समाहरणालय भवन और पासपोर्ट कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, हर बार जांच के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

एक्सएलआरआई को भी...

ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। तलाशी में कुछ नहीं मिला। इस मामले में पुलिस की साइबर सेल भी सक्रिय हो गई है। साइबर सेल धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने में जुट गई है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने कहा कि ई-मेल में पाकिस्तान के एक एयरबेस से बम से हमला करने की बात लिखी गई है। प्रारंभिक जांच में यह शरारत या मजाक के तौर पर भेजा गया संदेश प्रतीत हो रहा है, फिर भी पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिटी एसपी ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जांच पूरी होने तक संस्थान परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक है।

महिलाओं के अधिकार...

सुप्रीम कोर्ट महिलाओं के एक समूह द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस याचिका में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एक्ट, 1937 में बदलाव की मांग की गई है, ताकि मुस्लिम महिलाओं को विरासत और उत्तराधिकार में बराबर का अधिकार मिल सके। याचिका में कहा गया है कि फिलहाल मुस्लिम महिलाओं को अपने माता-पिता की संपत्ति में बहुत कम हिस्सा मिलता है, जिसे बदलने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने इस दौरान कई अहम बातें रखीं। कोर्ट ने कहा कि अगर वर्ष 1937 का यह कानून पूरी तरह हटा दिया जाता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन यानी वैक्यूम पैदा हो सकता है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को वह अधिकार भी नहीं मिल पाएंगे, जो उन्हें अभी इस कानून के तहत मिल रहे हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाला बागची ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि अगर अदालत इस क्षेत्र में सीधे दखल देती है, तो इसका असर अन्य व्यवस्थाओं पर भी पड़ सकता है। उदाहरण के तौर पर, हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) में उत्तराधिकार से जुड़े नियमों पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जस्टिस बागची ने कहा कि इसलिए बेहतर होगा कि इस तरह के व्यापक कानून से जुड़े फैसले सरकार पर ही छोड़ दिए जाएं, क्योंकि अदालत खुद कानून नहीं बना सकती। यह जनहित याचिका पोलोमी पाविनी शुक्ला और आयशा जावेद ने दाखिल की है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं को याचिका में जरूरी बदलाव करने और इसे दोबारा दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। साथ ही, अदालत ने यह सुझाव भी दिया कि याचिका में इस बात पर ध्यान दिया जाए कि पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने के लिए क्या व्यावहारिक तरीका अपनाया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कोशिश यह होनी चाहिए कि 1937 के शरीयत एक्ट में सीधे हस्तक्षेप किए बिना मुस्लिम महिलाओं को बराबर अधिकार कैसे दिलाए जा सकते हैं।

बहरागोड़ा के केनरा...

इसी दौरान पांच युवक ग्राहक बनकर बैंक परिसर में दाखिल हुए। अंदर पहुंचते ही उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क लगा लिया और पिस्तौल निकालकर बैंक कर्मियों पर तान दी। अचानक हुई इस घटना से बैंक में मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई। अपराधियों ने बैंक कर्मियों को जान से मारने की धमकी देते हुए सभी को एक कोने में बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने कैश काउंटर और तिजोरी में रखी रकम समेट ली। बताया जा रहा है कि अपराधी करीब 15 लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। इस दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों के निजी सामान भी नहीं छोड़े और उनके मोबाइल फोन, पर्स और सोने की चेन भी छीन ली। डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर ग्रामीण रास्तों के जरिए पश्चिम बंगाल की दिशा में फरार हो गए। पुलिस से बचने और लोकेशन ट्रेस होने के डर से उन्होंने लूटे गए मोबाइल फोन रास्ते में ही फेंक दिया। घटना की सूचना मिलते ही बहरागोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस बैंक परिसर के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। साथ ही, बैंक कर्मियों और आसपास के लोगों से अपराधियों के हुलिए एवं इस्तेमाल की गई बाइक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बहरागोड़ा क्षेत्र की सीमा पश्चिम बंगाल और ओडिशा से सटी होने के कारण पुलिस ने सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इधर, बहरागोड़ा थाना प्रभारी शंकर कुशवाहा ने प्रेस को बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

एलपीजी और सीएनजी...

प्राथमिकता क्षेत्र 2 में सूचीबद्ध उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति परिचालन उपलब्धता के अधीन, पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 70 प्रतिशत के बराबर सुनिश्चित की जाएगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि ये इकाइयां उर्वरक उत्पादन के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए गैस आपूर्ति का उपयोग नहीं करेंगी। इस संबंध में एक प्रमाण पत्र उर्वरक मंत्रालय के माध्यम से पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को प्रस्तुत किया जाएगा। गैस विपणन इकाइयां यह भी सुनिश्चित करेंगी कि प्राथमिकता क्षेत्र-1 में सूचीबद्ध चाय उद्योगों, विनिर्माण और अन्य औद्योगिक उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति राष्ट्रीय गैस ग्रिड के माध्यम से की जाए। साथ ही, परिचालन उपलब्धता के अधीन, पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 80 प्रतिशत के बराबर बनाए रखी जाए। इसके अलावा, आदेश में कहा गया है कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि उनके नेटवर्क के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को परिचालन उपलब्धता के अधीन, पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत का 80 प्रतिशत प्राप्त हो। केंद्र के निर्देश पर रिफाइनरियों ने एलपीजी उत्पादन 10% बढ़ाया : घरेलू उपभोक्ताओं को कुकिंग गैस की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत की तेल रिफाइनरियों ने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का उत्पादन करीब 10 प्रतिशत बढ़ा दिया है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि यह कदम केंद्र सरकार के निर्देशों के बाद उठाया गया है। इस फैसले के बाद कुछ संगठनों द्वारा जताई जा रही एलपीजी आपूर्ति में कमी की आशंकाओं को काफी हद तक दूर करने में मदद मिली है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने नए एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए इंतजार की अवधि 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दी है। इसका उद्देश्य घरेलू गैस की आपूर्ति में गड़बड़ी और दुरुपयोग को रोकना है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि स्थिति पर नजर रखने और एलपीजी के सही वितरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम लागू नहीं किया गया है।

सरकारी अधिकारियों का कहना है कि ऊर्जा उपलब्धता के मामले में भारत कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। साथ ही, सरकार लगातार कई देशों के संपर्क में है, ताकि भारत की ऊर्जा जरूरतें बिना किसी बाधा के पूरी की जा सकें। सूत्रों के अनुसार, पहले कुछ समय के लिए आपूर्ति को लेकर चिंताएं जरूर थीं, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो चुकी है और सप्लाई चेन पहले की तरह सुचारु रूप से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि देश भर की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, ताकि एलपीजी का उत्पादन स्थिर बना रहे और घरेलू जरूरतों को पूरा किया जा सके। सरकार लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और यदि भविष्य में कोई चुनौती सामने आती है, तो उससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। अधिकारियों के अनुसार, घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने लोगों से यह भी अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैल रही एलपीजी की कमी से जुड़ी अपुष्ट खबरों पर भरोसा न करें। सूत्रों के मुताबिक, कुछ संगठनों ने एलपीजी की उपलब्धता को लेकर सरकार को पत्र लिखे थे। हालांकि, सरकार का मानना है कि ये पत्र तथाकथित संगठनों की ओर से लिखे गए हैं, फिर भी सरकार ने इन चिंताओं को गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई की। सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट कहा कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और ऊर्जा संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

कच्चे तेल की कीमत छह फीसदी से ज्यादा नीचे गिरी : नई दिल्ली (आईएएनएस)। मध्य पूर्व में ईरान के साथ तनाव कम होने की उम्मीद के चलते मंगलवार को कच्चे तेल की कीमत में गिरावट देखने को मिली है। यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे फिसल गया है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 6.51 डॉलर या 6.6 प्रतिशत गिरकर 92.45 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमत 6.12 डॉलर या 6.5 प्रतिशत गिरकर 88.65 डॉलर हो गई। तेल की कीमतों में गिरावट राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद आई, जिसमें कहा गया कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान 'बहुत जल्द' समाप्त हो जाएगा। ट्रंप ने जीत को उस बिंदु के रूप में परिभाषित किया है, जब तेहरान के पास ऐसे हथियार विकसित करने की क्षमता नहीं रह जाएगी जो अमेरिका, इजरायल या उसके सहयोगियों के लिए खतरा बन सके। ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है। उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य सुरक्षित रहेगा, क्योंकि हमारे नौसेना के कई जहाज वहां तैनात हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला एक संकरा मार्ग है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल ट्रंजिट मार्गों में से एक है। खाड़ी उत्पादकों के कच्चे तेल के निर्यात का एक बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है, जिससे इस मार्ग पर किसी भी प्रकार का खतरा वैश्विक ऊर्जा बाजारों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बन जाता है। इससे पहले, सोमवार के सत्र में तेल की कीमतें कई सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थीं, जिसमें ब्रेंट क्रूड की कीमत 119.50 डॉलर और डब्ल्यूटीआई की कीमत 119.48 डॉलर हो गई, जो 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है।

पाकुड़ रेलखंड पर...

अनुमान है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद हर साल करीब 31 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। इसके अलावा, बोलपुर-शांतिनिकेतन, तारापीठ, नंदिकेश्वरी मंदिर और भीमबंध वन्यजीव अभयारण्य जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क भी बेहतर होगा। रेल मंत्रालय का कहना है कि रेलवे पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का माध्यम है। इन परियोजनाओं से लगभग 6 करोड़ लीटर तेल की बचत और करीब 28 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग एक करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

इजरायल-अफगानिस्तान पर...

सावधान! यह एक एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो है, जिसे लोगों को गुमराह करने के लिए शेयर किया गया है। डीपफेक वीडियो में विदेश मंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है, जिन देशों को दबाया जाता है, भारत हमेशा उन देशों के साथ खड़ा रहा है। इजरायल को सबसे ज्यादा दबाया गया है। ईरान और अन्य मुस्लिम देशों ने उसे लगातार परेशान किया है। भारत चुपचाप सभी मुस्लिम देशों को इजरायल को परेशान करते हुए नहीं देखेगा। हम गर्व से इजरायल के साथ खड़े हैं। जो कोई भी इसके उलट सोचता है, उसका पाकिस्तान जाने का स्वागत है, क्योंकि भारत इजरायल के लिए किसी भी तरह की नफरत को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इजरायल ने हाल ही में भारत के कहने पर अफगान तालिबान को तीन बिलियन डॉलर की मदद दी है। हम उनका यह एहसान कभी नहीं चुका सकते। हमारा अगला टारगेट अब पाकिस्तान है। ओरिजिनल वीडियो में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर कहते हैं, विदेश मंत्रालय ने इराक की गैर-जरूरी यात्रा से क्यों परहेज किया है? जो लोग पहले से वहां रह रहे हैं, उनसे दूतावास में रजिस्टर करने, सही प्रक्रिया अपनाने और दूतावास की वेबसाइट और सोशल मीडिया पर नजर रखने की अपील की गई है।

इससे एक दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक वीडियो तेजी से वायरल किया गया। इस वीडियो में यह दावा किया गया कि भारत ने ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस डेना की लोकेशन से जुड़ी जानकारी इजरायल को दी थी। हालांकि, यह बात पूरी तरह झूठ और भ्रम फैलाने वाली है। आधिकारिक स्रोतों के अनुसार यह झूठी खबर फैलाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक फर्जी वीडियो तैयार किया गया। पाकिस्तानी एजेंसी से संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इस फर्जी वीडियो को बढ़ावा दिया। इसके माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई है। दरअसल, इस भ्रामक व फर्जी सामग्री को पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फैलाया गया। आईएसपीआर का इकोसिस्टम इस झूठ में संलिप्त है। यह जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण फैलाने के इरादे से किया गया कृत्य था। यह पूरी कार्रवाई पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन से जुड़े दुष्प्रचार पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा है। इन खातों ने डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो के माध्यम से भारत के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की।

यह वीडियो एआई द्वारा निर्मित और डिजिटल रूप से परिवर्तित है, जिसमें रायसीना वार्ता में सेना प्रमुख के भाषण की एक फुटेज का उपयोग किया गया है। इस फुटेज को जानबूझकर भ्रामक कहानी गढ़ने के लिए एडिट किया गया है। फर्जी वीडियो के जरिए यह दावा किया गया है कि भारत ने जहाज की लोकेशन इजरायल के साथ साझा की। यह बात पूरी तरह से झूठ और निराधार है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एआई के भस्मासुर होने का खतरा बढ़ता जा रहा

बिना आदेश के सक्रिय हुआ एआई सिस्टम, वैज्ञानिकों में बढ़ी चिंता

प्रशिक्षण के दौरान अचानक सुरक्षा प्रणाली सक्रिय हो गई, जब शोधकर्ताओं ने इसकी जांच की तो पता चला कि एआई एजेंट अपने आप क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग से जुड़ी प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश कर रहा था,जबकि टीम के किसी भी सदस्य ने उसे ऐसा करने का कोई निर्देश नहीं दिया था

ब्यूरो

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को अब तक एक ऐसे उपकरण के रूप में देखा जाता रहा है जो इंसानों के निर्देशों के अनुसार काम करता है। लेकिन हाल ही में सामने आए एक शोध ने इस धारणा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक प्रयोग के दौरान एआई सिस्टम ने बिना किसी निर्देश के ऐसी गतिविधियां शुरू कर दीं, जिनकी उम्मीद वैज्ञानिकों ने भी नहीं की थी। इस घटना ने एआई के नियंत्रण और उसकी स्वायत्त क्षमता को लेकर नई बहस छेड़ दी है।यह मामला तब सामने आया जब चीन की तकनीकी कंपनी अलीबाबा से जुड़ी एक शोध टीम एक प्रायोगिक एआई एजेंट पर काम कर रही थी। इस एजेंट का नाम रोम रखा गया है। वैज्ञानिक इस सिस्टम को एक सुरक्षित और सीमित डिजिटल वातावरण में प्रशिक्षित कर रहे थे, जिसे तकनीकी भाषा में "सैंडबॉक्स" कहा जाता है।प्रशिक्षण के दौरान अचानक सुरक्षा प्रणाली सक्रिय हो गई। जब शोधकर्ताओं ने इसकी जांच की तो पता चला कि एआई एजेंट अपने आप क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग से जुड़ी प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश कर रहा था।

एआई जेनरेटेड

हैरानी की बात यह थी कि टीम के किसी भी सदस्य ने उसे ऐसा करने का कोई निर्देश नहीं दिया था।मामला यहीं तक सीमित नहीं रहा। जांच में यह भी सामने आया कि एआई सिस्टम ने खुद ही "रिवर्स एसएसएच टनल" बनाने की कोशिश की। यह एक ऐसा तकनीकी तरीका है जिसके जरिए किसी सीमित नेटवर्क के भीतर मौजूद कंप्यूटर बाहरी सिस्टम से कनेक्शन बना सकता है। कई बार इसका इस्तेमाल सुरक्षित नेटवर्क से बाहर डेटा या नियंत्रण स्थापित करने के लिए भी किया जाता है। एआई द्वारा बिना निर्देश यह कदम उठाना वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय बन गया।क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग सामान्यतः कंप्यूटर की प्रोसेसिंग क्षमता का उपयोग करके डिजिटल मुद्रा तैयार करने की प्रक्रिया है। आमतौर पर इसे सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर ही स्थापित करते हैं, लेकिन इस मामले में एआई एजेंट ने प्रशिक्षण के दौरान खुद ही इस दिशा में गतिविधि शुरू करने की कोशिश की।विशेषज्ञों का कहना है कि एआई तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। आज कई एआई सिस्टम कोड लिखने, जटिल कार्यों को स्वचालित करने और इंटरनेट आधारित कई टूल्स के साथ काम करने में सक्षम हो चुके हैं। ऐसे में यह संभावना भी बढ़ रही है कि परीक्षण के दौरान एआई से अप्रत्याशित व्यवहार देखने को मिल सकता है।इससे पहले भी कुछ प्रयोगों में एआई एजेंट्स के अनपेक्षित व्यवहार सामने आए हैं।

उदाहरण के तौर पर माल्टबुक नामक प्रयोग में डिजिटल वातावरण में रखे गए एआई एजेंट्स के बीच बातचीत के दौरान क्रिप्टोकरेंसी जैसे विषय सामने आए थे। इसी तरह ओपेन क्ला नामक एक एआई एजेंट ने बिना किसी निर्देश के इंटरनेट पर नौकरी खोजने की कोशिश शुरू कर दी थी।विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि भविष्य में शक्तिशाली एआई सिस्टम के साथ काम करते समय निगरानी और सुरक्षा के मजबूत उपाय बेहद जरूरी होंगे। जैसे-जैसे एआई की क्षमता बढ़ेगी, उसे नियंत्रित रखना वैज्ञानिकों और तकनीकी कंपनियों के लिए उतनी ही बड़ी चुनौती बन सकता है।

अमेरिका की ऊंची उड़ान!

जल्द लॉन्च होगी इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी, पायलट प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

नई दिल्ली । अमेरिकी सरकार ने एक नए प्रोग्राम के तहत कई पायलट प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। पायलट प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिलने के बाद न्यूयॉर्क समेत अमेरिका के कुछ राज्यों और शहरों में बिजली से चलने वाली एयर टैक्सी आसमान में उड़ना शुरू हो जाएंगी। US ट्रांसपोर्टेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि उसने एडवांस्ड एयर मोबिलिटी और इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग इंटीग्रेशन पायलट प्रोग्राम के तहत 8 प्रपोजल चुने हैं। इन प्रपोजल की रूपरेखा सबसे पहले पिछले साल प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जारी एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में दी गई थी। डिपार्टमेंट ने कहा कि सरकार को 30 से अधिक प्रपोजल मिले हैं।

अलकायदा की नई साजिश, कश्मीर में भर्ती बढ़ाने का प्रयास

नई दिल्ली । अलकायदा इन द सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को एक साजशि के तहत युवाओं को भड़काने के लिए इस्तेमाल कर रहा है। कश्मीर को जिहाद का मुख्य केंद्र बनाने की साजशि कर रहा है। एक्यूआईएस युद्ध को एक प्रचार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, ताकि जम्मू-कश्मीर में युवाओं की भर्ती बढ़ाई जा सके। एक्यूआईएस ने कई देशों के नाम लिए हैं, जिन्हें वह इस्लाम का विरोधी मानता है।

क्या लंबे समय तक आरओ का पानी पीना सेहत के लिए ठीक नहीं है?

आरपी सिंह

नई दिल्ली। भारत के शहरों व कस्बों में साफ पानी की तलाश ने रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक को लगभग हर घर तक पहुँचा दिया है। यह तकनीक पानी से बैक्टीरिया, वायरस, भारी धातुएँ और कई हानिकारक रसायन हटाने में बेहद प्रभावी मानी जाती है। लेकिन इसके साथ एक सवाल भी अक्सर उठता है—क्या लगातार कई साल तक आरओ का पानी पीने से शरीर में जरूरी खनिजों की कमी हो सकती है?वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार आरओ फिल्टर पानी में मौजूद घुलनशील पदार्थों का लगभग 92 से 99 प्रतिशत तक हिस्सा हटा सकता है। इस प्रक्रिया में केवल हानिकारक तत्व ही नहीं बल्कि कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और आयरन जैसे उपयोगी खनिज भी काफी हद तक कम हो जाते हैं। ये खनिज हड्डियों, दांतों, मांसपेशियों और दिल की कार्यप्रणाली के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसी वजह से कई विशेषज्ञ लंबे समय तक कम खनिज वाले पानी के उपयोग पर सावधानी बरतने की सलाह देते हैं।कुछ पोषण विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य परिस्थितियों में शरीर को मिलने वाले खनिजों का बड़ा हिस्सा भोजन से प्राप्त होता है, न कि पानी से। दूध, दालें, हरी सब्जियां, मेवे और साबुत अनाज कैल्शियम व मैग्नीशियम के प्रमुख स्रोत हैं।इसलिए यदि किसी व्यक्ति का आहार संतुलित है तो केवल आरओ पानी पीने से गंभीर कमी होने की संभावना कम मानी जाती है। लेकिन यदि भोजन पहले से पोषक तत्वों में कमजोर है, तो कम खनिज वाला पानी स्थिति को और खराब कर सकता है।

कुछ शोध क्या संकेत देते हैं?

भारत में किए गए एक अध्ययन में 250 लोगों पर किए गए विश्लेषण में पाया गया कि लगभग 28% प्रतिभागियों में विटामिन-बी12 की कमी थी और आरओ पानी का उपयोग करने वालों में यह कमी अपेक्षाकृत अधिक पाई गई। हालांकि वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि इस संबंध को पूरी तरह सिद्ध करने के लिए और बड़े अध्ययन जरूरी हैं। अन्य शोधों में यह भी संकेत मिला है कि बहुत कम खनिज वाला पानी लंबे समय में हड्डियों और दांतों की खनिज घनत्व को प्रभावित कर सकता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस और दांतों की समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

शरीर के लिए जरूरी प्रमुख खनिज-

खनिज	शरीर में भूमिका	प्रमुख खाद्य स्रोत
कैल्शियम	हड्डियाँ व दाँत मजबूत	दूध, पनीर, तिल
मैग्नीशियम	मांसपेशी व नसों का कार्य	मेवे, बीज, दालें
पोटैशियम	दिल और रक्तचाप संतुलन	केला, नारियल पानी
आयरन	हीमोग्लोबिन निर्माण	हरी सब्जियां, गुड़

कब जरूरी है सावधानी?

निम्न स्थितियों में आरओ पानी के साथ अतिरिक्त ध्यान जरूरी हो सकता है:

- भोजन में पोषक तत्वों की कमी
- बुजुर्ग या हड्डियों की बीमारी का जोखिम
- बार-बार मांसपेशियों में ऐंठन या थकान
- लंबे समय तक केवल डी-मिनरलाइज्ड पानी का उपयोग

सुरक्षित उपयोग के लिए 4 आसान उपाय-

उपाय	फायदा
संतुलित और विविध आहार	शरीर को पर्याप्त खनिज मिलते हैं
मिनरल कार्ट्रिज वाला आरओ	पानी में आवश्यक खनिज आंशिक रूप से वापस आते हैं
समय-समय पर पानी की गुणवत्ता जाँच	अनावश्यक आरओ उपयोग से बचाव
नियमित स्वास्थ्य जांच	कमी के लक्षण जल्दी पकड़ में आते हैं

तो कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आरओ तकनीक दूषित पानी को सुरक्षित बनाने में उपयोगी तो है, लेकिन पूरी तरह खनिज-रहित पानी का लंबे समय तक उपयोग करने के बजाय संतुलित आहार, सही फिल्ट्रेशन और पानी की गुणवत्ता की जाँच को साथ-साथ रखना अधिक समझदारी भरा कदम माना जाता है। यदि खान-पान अच्छा है तो अधिकांश लोगों के लिए आरओ पानी से गंभीर स्वास्थ्य नुकसान होने की संभावना कम रहती है—लेकिन जागरूकता और संतुलन ही असली सुरक्षा है।

'मजबूर' पाकिस्तान ने लिया 'कठिन फैसला', मंत्री-सांसदों के विदेशी दौरे रद्द और दो हफ्ते के लिए किए स्कूल बंद

एजेंसी । इस्लामाबाद

अमेरिका और इजरायल के ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण पैदा हुए वैश्विक तेल संकट का असर अब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पर भी साफ दिखाई देने लगा है। प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, भविष्य की परेशानियों को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में सख्त मितव्ययिता (ऑस्टेरिटी) उपायों की घोषणा की है और कहा है कि ईंधन की कीमतों से जुड़ा "कठिन फैसला" लेना मजबूरी बन गया है। इसका असर हर आमो-खास पर पड़ना तय है। जहां मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरों को रोक दिया गया है, वहीं मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में भी 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50 फीसदी कम ईंधन मिलेगा। 60 फीसदी सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20 फीसदी की कटौती करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पाकिस्तान के नियंत्रण में नहीं है और वैश्विक हालात के कारण ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

बहरीन में भारतीय जासूस के पकड़े जाने की खबर गलत, विदेश मंत्रालय ने खोली पोल

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी हमले के बीच फर्जी खबरें तेजी से वायरल हो रही हैं। एमईए ने बहरीन से जुड़ी एक खबर का फैक्ट चेक किया है, जिसमें ये कहा गया कि बहरीन ने एक भारतीय जासूस को पकड़ा और उस पर मोसाद के लिए काम करने का देशद्रोह का आरोप लगाया। एमईए फैक्ट चेक ने कहा कि यह फेक न्यूज है। कृपया सोशल मीडिया पर ऐसे झूठे और बेबुनियाद दावों से सावधान रहें। फर्जी खबर में कहा गया, "बहरीन ने एक भारतीय जासूस को पकड़ा और उस पर मोसाद के लिए काम करने का देशद्रोह का आरोप लगाया। सभी भारतीयों पर तुरंत बैन लगाया जाए और उन्हें देश निकाला दिया जाए।

भारतीयों ने इजरायल को चुना, उन्हें रहने दो। मेरा मतलब है, सच में बड़े पैमाने पर बिना सोचे-समझे देश निकाला। यह मजाकिया है कि उन्हें एक मिनट भी रुकने दिया गया। यह खाड़ी के शासकों का देशद्रोह है। इसके अलावा विदेश मंत्री एस. जयशंकर का भी एक डीपफेक वीडियो सामने आया, लेकिन पीआईबी ने इसका फैक्ट चेक किया। पीआईबी ने वीडियो को फर्जी बताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा अकाउंट्स विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर का एक डिजिटली छेड़छाड़ किया गया वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें झूठे दावे किए गए हैं कि उन्होंने कहा कि भारत मुस्लिम देशों द्वारा इजरायल को परेशान किए जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा और इजरायल ने हाल ही में भारत के कहने पर अफगान तालिबान को 3 बिलियन डॉलर दिए हैं। सावधान यह एक एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो है जिसे लोगों को गुमराह करने के लिए शेयर किया गया है। डीपफेक वीडियो में विदेश मंत्री के वीडियो के साथ छेड़छाड़ करने के बाद ये कहते हुए सुना जा सकता है, "जिन देशों को दबाया जाता है, भारत हमेशा उन देशों के साथ खड़ा रहा है। इजरायल को सबसे ज्यादा दबाया गया है।

पाकिस्तान के बाद थाईलैंड में भी वर्क फ्रॉम होम का आदेश

बैंकॉक । पाकिस्तान के बाद थाईलैंड ने भी ईंधन बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। थाई प्रधानमंत्री अनुटिन चार्नवीराकुल ने मंगलवार को यह ऐलान किया। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे पर भी रोक लग गई है। इसके अलावा लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने की भी सलाह दी गई है। सोमवार को प्रधानमंत्री समेत उनके कैबिनेट के मंत्रियों ने स्थिति पर गंभीर मंथन किया और फैसले की घोषणा मंगलवार को की। मध्य पूर्व संकट के कारण ईंधन की खपत कम करने की मंशा करने के साथ ये कदम उठाए गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान की ओर से भी ऐसे ही कुछ कदम उठाए गए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया। सांसदों-मंत्रियों के वेतन में कटौती से लेकर बच्चों के स्कूल बंद रखने तक की घोषणा की गई। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे।

करूर भगदड़ मामला

थलापति से होगी पूछताछ, सीबीआई ने जारी किया समन

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों लगातार चर्चा में बने हुए हैं। एक तरफ जहां विजय की आखिरी फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पिछले 2 महीने से अटकी है तो वहीं दूसरी तरफ उनकी निजी जिंदगी भी विवादों में घिरी हुई है। इसके अलावा करूर भगदड़ मामले के चलते भी उन्हें कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने विजय को करूर भगदड़ मामले में तलब किया है। अभिनेता से पहले ही इस मामले में 12 और 19 जनवरी को पूछताछ हो चुकी है और अब सीबीआई ने अभिनेता को इस मामले में पूछताछ के लिए फिर समन जारी किया है। विजय से 15 मार्च को इस मामले में दिल्ली में पूछताछ होगी।

पहले भी हो चुकी है पूछताछ

विजय से करूर भगदड़ मामले में पहले भी पूछताछ हो चुकी है। उनसे 12 और 19 जनवरी को सीबीआई ने एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ की थी और इसी दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण के लिए विजय को एक बार फिर तलब किया गया है और नोटिस जारी किया गया है। विजय के साथ ही करूर के विधायक को भी सीबीआई द्वारा समन जारी किया गया है, जिनसे 17 मार्च को पूछताछ होगी।

कई लोगों से हो चुकी है पूछताछ

इस मामले में पहले भी कई लोगों से पूछताछ हो चुकी है। सीबीआई ने तमिलनाडु पुलिस के उन कर्मचारियों को भी तलब किया था, जो उस दिन विजय की सुरक्षा में घटनास्थल पर तैनात थे। करूर बेस कैंप में बुलाकर तमिलनाडु पुलिसकर्मियों से पूछताछ की गई।

भारत से उठी मांग, बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस घोषित करे संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी । नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी बाल विवाह की समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए भारत के प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विधिवेत्ता भुवन ऋभु ने संयुक्त राष्ट्र से बाल विवाह के उन्मूलन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन द स्टैटस ऑफ वूमन (सीएसडब्ल्यू) के 70वें सत्र के मौके पर एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में बाल विवाह में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन आज भी दुनिया में हर तीन सेकेंड में कहीं न कहीं एक बाल विवाह हो रहा है। बाल विवाह जो कि बच्चों से बलात्कार है, की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर जवाबदेही और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करने के वास्ते एक समर्पित दिवस की आवश्यकता पर जोर देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक

भुवन ऋभु ने कहा, "भारत ने दिखाया है कि बाल विवाह का अंत संभव है। रोकथाम, संरक्षण, अभियोजन व बच्चों, समुदायों और धर्मगुरुओं की भागीदारी पर आधारित 'संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण के साथ हमारा देश 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत में तीन वर्षों से भी कम समय में बाल विवाह की दर 23 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। बाल विवाह दरअसल एक बच्चे के साथ होने वाले बलात्कार और यौन शोषण से कम नहीं है, जिसे अक्सर संस्कृति या परंपरा की आड़ में छिपा दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र को 'बाल विवाह उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' की घोषणा करनी चाहिए, ताकि इसके खिलाफ वैश्विक प्रतिबद्धता व जवाबदेही मजबूत हो और दुनिया भर की सरकारें तथा समाज इस अपराध को समाप्त करने के लिए संगठित हों।" कार्यक्रम में मौजूद सिएरा लियोन की प्रथम महिला डॉ. फातिमा मादा बायो, नेपाल की महिला, बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री श्रद्धा श्रेष्ठ एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बाल विवाह के खात्मे के लिए एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग का पुरजोर समर्थन किया।

वर्ल्ड लॉ कांग्रेस 2025 में वर्ल्ड जूरिस्ट एसोसिएशन की ओर से 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित होने वाले पहले पहले भारतीय अधिवक्ता भुवन ऋभु ने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित किया। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने यह कार्यक्रम सिएरा लियोन की प्रथम महिला तथा ऑर्गनाइजेशन ऑफ अफ्रीकन फर्स्ट लेडीज़ फॉर डेवलपमेंट की अध्यक्ष डॉ. फातिमा मादा बायो के कार्यालय के साथ साझेदारी में आयोजित किया था। कार्यक्रम में नेपाल सरकार की महिला, बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री शारदा श्रेष्ठ; संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के सहायक महासचिव और कार्यक्रम निदेशक पियो स्मिथ; फ्रांस सरकार की मानवाधिकार राजदूत इसाबेल रोम; जर्मनी के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत थॉमस जाहनाइजेन; अफ्रीकी संघ की ओर से डॉ. एंजेला मार्टिन्स; डोमिनिकन गणराज्य सरकार के राष्ट्रीय बाल एवं किशोर परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष लिजिया जेनेट पेरेज पेना; द डिप्लोमैटिक कूरियर की संस्थापक एवं सीईओ एना रोल्ड; यूएन वूमेन की क्षेत्रीय राजदूत और रीजेनरेटिव हब्स की संस्थापक जहा दुकुरेह; इक्वेलिटी नाउ की एंडिंग जेंडर-बेस्ड वायलेंस निदेशक दिव्या श्रीनिवासन और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की जनरल काउंसिल रचना त्यागी सहित कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में मौजूद मंत्रियों, संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों, विधिवेत्ताओं, नागरिक समाज के नेताओं और भुक्तभोगियों के पैरोकारों ने एक स्वर में सदस्य देशों से 'बाल विवाह समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की घोषणा की मांग की। उनका कहना था कि इससे बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह भी रेखांकित किया कि कई देशों में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानूनी ढांचे पहले से मौजूद हैं लेकिन उनके कमजोर क्रियान्वयन के कारण यह प्रथा अब भी जारी है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्य करने वाले नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है जिसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन 2030 तक भारत से बाल विवाह के खात्मे के लिए 451 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं। इस नेटवर्क ने सरकारी एजेंसियों, स्थानीय प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के सहयोग से पिछले तीन वर्षों में भारत में लगभग 500,000 बाल विवाह रुकवाए हैं।